





# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 139
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12
शुक्रवार | 01 मार्च, 2024



## 30 साल पुराने सीरियल ब्लास्ट केस में

# करीम टुंडा बरी

- मुंबई-सूरत समेत 5 शहरों में ट्रेन में धमाके हुए थे
- आईएसआई से ट्रेनिंग के बाद लश्कर से जुड़ा था
- कानपुर समेत कई शहरों में हुए थे बम धमाके

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

1993 में 5 शहरों में हुए सीरियल ब्लास्ट केस में आरोपी अब्दुल करीम टुंडा (80) को गुरुवार को अजमेर की टाडा कोर्ट ने बरी कर दिया है। दो आतंकवादियों इरफान (70) और हमीदुद्दीन (44) को उम्रकैद की सजा सुनाई है। टुंडा, इरफान और हमीदुद्दीन को लेकर पुलिस गुरुवार सुबह करीब सवा 11 बजे कड़ी सुरक्षा के बीच टाडा कोर्ट पहुंची। तीनों 6 दिसंबर 1993 को लखनऊ, कानपुर, हैदराबाद, सूरत और मुंबई की ट्रेनों में हुए सिलसिलेवार बम धमाके के मामले में आरोपी थे। 20 साल पहले 28 फरवरी 2004 को टाडा कोर्ट ने ही मामले में 16 अभियुक्तों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने चार आरोपियों को बरी कर बाकी की सजा बरकरार रखी थी, जो जयपुर जेल में बंद हैं।

### सुप्रीम कोर्ट में अपील करेगी सीबीआई

एडवोकेट भवानी सिंह रोहेला ने कहा, मामले में सीबीआई की ओर से सुप्रीम कोर्ट में अपील की जाएगी। वकील ने कहा- टुंडा के जो मुकदमे जिस कोर्ट में है, उसे वहां भेजा जाएगा। कोर्ट के तलब करने पर उसे वही भेजा जाएगा। कुछ में टुंडा को सजा हो चुकी है। इरफान और हमीदुद्दीन को उनके बयानों और सबूत के आधार पर सजा दी गई है। टाडा कोर्ट से वर्तमान में प्रकरण खत्म हो गया है। अगर मामले में कोई अन्य आरोपी सामने आता है तो उसमें जांच की जाएगी।

### टुंडा को क्यों किया बरी

एडवोकेट भवानी सिंह रोहेला ने कहा- कोर्ट ने माना कि टुंडा के खिलाफ कोई डायरेक्ट एविडेंस नहीं था। आरोपियों ने बयान में बताया था कि अब्दुल करीम टुंडा ने डिवाइस बनाने की तकनीक बताई थी, लेकिन डायरेक्ट कोई एविडेंस नहीं था। कोर्ट ने यह माना कि टुंडा डायरेक्ट किसी भी मीटिंग में इंवॉल्व नहीं था, इसलिए टुंडा को संदेह का लाभ देकर बरी किया गया।

### कहा था, यह मेन हीरो है

सीबीआई की तरफ से पैरवी कर रहे एडवोकेट भवानी सिंह रोहेला ने कहा, टुंडा सहित अन्य आरोपियों को फरार घोषित किया गया था। चार्जशीट भी पेश कर दी गई थी, उसमें सारी इन्वेस्टिगेशन हुई थी। वकील ने कहा कि कोर्ट ने टुंडा को इंवॉल्व नहीं माना। डायरेक्ट एविडेंस नहीं था, जिससे साबित होता हो कि वह इंवॉल्व है। आरोपी पर 2004 में जो डिसाइड फैसला हो चुका था, उसके आधार पर ही सीबीआई ने चार्जशीट पेश की थी।

### कोर्ट की मेहरबानी: टुंडा

- फैसला आने के बाद टुंडा ने मीडिया से कहा कि कोर्ट ने मुझे बरी कर दिया है, कोर्ट की बहुत मेहरबानी। इसके बाद टुंडा ने कहा कि सच्चाई छुप नहीं सकती बनावट के उसूलों से, खुशबू आ नहीं सकती कागज के फूलों से।

### 1980 में आतंकी संगठनों के संपर्क में आया था

- अब्दुल करीम उर्फ टुंडा उत्तर प्रदेश में हापुड़ जिले के कस्बा पिलखुवा का रहने वाला है। वह पिलखुवा कस्बे में कारपेंटर (बढ़ई) का काम करता था। इसके बाद कपड़े का कारोबार करने मुंबई चला गया। मुंबई के भिवंडी इलाके में उसके कुछ रिश्तेदार रहते थे। 1985 में भिवंडी के दंगों में उसके कुछ रिश्तेदार मारे गए। इसका बदला लेने के लिए उसने आतंकवाद की राह पकड़ी थी। 1980 के आस-पास वह आतंकी संगठनों के संपर्क में आया था।

### आईएसआई से ली थी ट्रेनिंग

- 80 के दशक में अब्दुल करीम उर्फ टुंडा ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से इसकी ट्रेनिंग ली थी। इसके बाद लश्कर-ए-तैयबा के संपर्क में आया था। 6 दिसंबर 1993 को ट्रेनों में विस्फोट के वक्त करीम टुंडा लश्कर का विस्फोटक विशेषज्ञ था।
- मुंबई के डॉक्टर जलीस अंसारी, नांदेड के आजम गौरी और करीम टुंडा ने तंजीम इस्लाम उर्फ मुसलमीन संगठन बनाकर बाबरी विध्वंस का बदला लेने के लिए 1993 में पांच बड़े शहरों में ट्रेनों में बम धमाके किए थे।
- 1996 में दिल्ली में पुलिस मुख्यालय के सामने बम धमाके का आरोप भी टुंडा पर है। 1996 में सुरक्षा एजेंसी इंटरपोल ने उसका रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया।
- साल-2000 में टुंडा के बांग्लादेश में मारे जाने की खबरें आईं, लेकिन 2005 में दिल्ली में पकड़े गए लश्कर के आतंकी अब्दुल रज्जाक मसूद ने टुंडा के जिंदा होने का खुलासा किया।
- 2001 में संसद भवन पर हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान से जिन 20 आतंकियों के प्रत्यर्पण की मांग की थी, उसमें टुंडा भी था।

> टुंडा के खिलाफ यूपी सहित कई जगहों पर मामले चल रहे हैं। यहां से उसे यूपी भेजा जाएगा। सीबीआई ने अपनी जांच में बहुत खामियां छोड़ी थीं। टुंडा पर अपराध साबित करने के लिए सीबीआई ने आरोप पत्र तक पेश नहीं किया। किसी गवाह ने टुंडा की कोर्ट में शिनाख्त नहीं की, डायरेक्ट इंवॉल्वमेंट तक नहीं माना है। सीबीआई यह भी साबित नहीं कर पाई की टुंडा ने बम बनाए या रखे हों या वह पूरे प्रकरण का मास्टरमाइंड हो। उसके खिलाफ अभियुक्त स्वीकृति तक नहीं आई।
>
> भवानी सिंह, सीबीआई वकील

### मिस्टर बॉम्ब के नाम से मशहूर था टुंडा

टुंडा को 1993 ब्लास्ट केस में 2013 में गिरफ्तार किया गया था। भारत-नेपाल बॉर्डर के करीब उत्तराखंड के बनबासा में उसकी गिरफ्तारी हुई थी। टुंडा दाउद इब्राहिम का करीबी था और बम बनाने की तकनीक के लिए डॉक्टर बॉम्ब कहा जाता है। बम बनाने के दौरान हुए धमाके से ही उसका बायां हाथ उड़ गया था। कई रिपोर्ट में कहा गया कि टुंडा आतंकवादी बनने से पहले कारपेंटर था। 1993 मुंबई बम धमाकों में पहली बार उसका नाम सामने आया। वह लश्कर-ए-तैयबा, इंडियन मुजाहिदीन, जैश-ए-मोहम्मद और बब्बर खालसा जैसे आतंकवादी संगठनों से जुड़ा था।

### कानपुर से पकड़ा गया था जलीस

टुंडा ने मुंबई के रहने वाले जलीस अंसारी, नांदेड़ के आजम गौरी और टुंडा ने तंजीम इस्लाम उल मुसलमीन संगठन बनाकर हैदराबाद, मालेगांव, पुणे, अजमेर में भी बम धमाके किए। इस मामले में आरोपी जलीस एक मामले में पेरोल मिलने के बाद फरार हो गया था और महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) और उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) के संयुक्त अभियान में कानपुर नगर के फेथफुलगंज में पकड़ा गया था। साल 2001 में संसद भवन पर हुए हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान से जिन 20 आतंकियों के प्रत्यर्पण की मांग की थी, उनमें टुंडा का नाम भी शामिल था।



# सीएम ने 38 अग्निशमन केंद्रों का किया लोकार्पण

## जल्द ही तहसील स्तर पर फायर स्टेशन वाला पहला राज्य होगा यूपी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

संकट के समय अग्निशमन सेवाओं की भूमिका से सभी भलीभांति परिचित हैं। इसी को ध्यान में रखकर वर्ष 1944 में प्रदेश में विभाग का गठन किया गया। वर्ष 1944 से 2017 के बीच 73 वर्षों में केवल 288 फायर स्टेशन स्थापित किये गये जबकि पिछले 7 वर्षों में 71 नए फायर स्टेशन स्थापित किए गये। आज हम प्रदेश में तेजी के साथ तहसील स्तर पर एक-एक फायर स्टेशन स्थापित करने की दिशा में अग्रसर हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही उत्तर प्रदेश पूरे देश में ऐसा राज्य होगा, जहां तहसील स्तर पर फायर स्टेशन होंगे। हमने कानून व्यवस्था में व्यापक रिफॉर्म के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया है साथ ही उनके आधुनिकीकरण के लिए समयबद्ध तरीके से कार्यक्रम आगे बढ़ाए गए हैं। उसी का परिणाम है कि प्रदेश में आज अग्निशमन विभाग प्रदेश की इमरजेंसी सेवाओं में एक बेहतरीन सेवा प्रदान करने के लिए अपने आप को तैयार कर रहा है। हमने विभाग की सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए अब तक लगभग 1400 करोड़ रुपये दिये हैं। इस दौरान सीएम योगी ने विभाग की ओर से लगाई गयी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और अधिकारियों से अग्निशमन उपकरणों की जानकारी हासिल की।

### 7 वर्षों में उठाये गये कई महत्वपूर्ण कदम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले सात वर्षों में विभाग के आधुनिकीकरण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं साथ ही समयबद्ध तरीके से विभाग में अधिकारियों की तैनाती की गई है। इसके परिणाम सभी के सामने हैं। पहले अक्सर उद्यमी एनओसी को लेकर शिकायतें करते थे। हमने उसमें कई बदलाव कर उसे सरल किया। यही वजह है कि पिछले कुछ वर्षों में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में उत्तर प्रदेश की रैंकिंग में काफी सुधार हुआ है।

### लोगों को करें प्रशिक्षित, मदद के लिए करें प्रेरित

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विभाग रिस्पांस टाइम को कम करता है तो कॉमन मैन के मन में विभाग और शासन के प्रति विश्वास मजबूत होगा। उसके लिए सहायता को पहुंचाना हमारा दायित्व है। हमें स्कूल और कॉलेज में बच्चों के प्रशिक्षण के लिए भी प्रयास करना चाहिए, उनकी काउंसिलिंग को भी कार्यक्रम का हिस्सा बनाना चाहिए, क्योंकि सामान्य दिनों में केवल विभाग के भरोसे ही रहकर नहीं बल्कि घटना घटित होते ही बचाव शुरू हो यह महत्वपूर्ण है। बचाव के लिए हम लोगों को पहले से ही तैयार करें। अग्निकांड के लिए कौन-कौन सी लापरवाही जिम्मेदार होती हैं, कैसे हम जनधन की हानि को रोक सकें, इसके प्रति लोगों को पहले से तैयार कर सकें तो घटना के बाद जब तक सहायता पहुंचती है तब तक लोग स्वयं भी अपने स्तर पर बचाव अभियान की शुरुआत कर सकते हैं।

# लखनऊ के अकबरनगर में अवैध निर्माण तोड़ने पर रोक, सुप्रीम कोर्ट ने 4 मार्च का दिया समय

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ के अकबर नगर में बुधवार रात से अवैध दुकानें पर चल रहे बुलडोजर पर रोक लग गई है। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने याचिका कर्ता को 4 मार्च तक जगह खाली करने का समय दिया है। जिसके बाद अवैध निर्माण तोड़ने की कार्रवाई पर रोक लगा दी गई। दरअसल, मंगलवार सुबह चार बजे तक अभियान चलाने के बाद भी कई दुकानों को पूरी तरह से समतल नहीं किया जा सका था। दुकानों में बने बेसमेंट की वजह से परेशानी बढ़ी थी। ऐसे में पहले उनको मलबे से भरा गया। बताया जा रहा है कि इस दौरान 70 डंपर मिट्टी और अन्य मलबा मंगाया गया था। दिन में यहां आवाजाही के लिए ट्रैफिक संचालन शुरू कर दिया गया था। ऐसे में रात को बैरिकेडिंग कर कार्रवाई शुरू कर गई।

### ताज महज और सम्राट फर्नीचर तोड़ने में आई परेशानी

नगर निगम की टीम को ताज महल और सम्राट फर्नीचर तोड़ने में सबसे ज्यादा परेशानी हुई। ऐसे में दोनों ही दुकानों पर बुधवार को सबसे पहले बुलडोजर चला। यहां बेसमेंट होने की वजह से बुलडोजर नीचे जा रहा था। इसके लिए करीब 32 डम्फर मलबा बेसमेंट में भरा गया इसके बाद पूरे शोरूम को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। ताज फर्नीचर, सम्राट फर्नीचर, बाम्बे फर्नीचर, स्टार, एसबी स्टील समेत अन्य दुकानों को बुलडोजर से धराशायी कर दिया।

### नगर निगम को मिली 100 करोड़ की जमीन

नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने बताया कि ग्राम महानगर रहीमनगर की खसरा संख्या-746 क्षेत्रफल 0.696, खसरा संख्या-739 क्षेत्रफल 0.215 व खसर संख्या-777 क्षेत्रफल 0.556 हे. जो राजस्व अभिलेखों में नगर निगम की संपत्ति है। यहां अवैध तरीके से 5087 वर्गमीटर में दुकानें बना ली गई थी।

कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें

# सॉल्वर गैंग का एक और सदस्य गिरफ्तार, छह पहले हो चुके अरेस्ट

जन एक्सप्रेस। शामली



शामली के कैराना में कोतवाली पुलिस ने सॉल्वर गैंग से जुड़े एक और सदस्य का गिरफ्तार कर लिया। आरोपी उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा में पेपर सॉल्व करने की योजना बनाने में संलिप्त बताया गया है। गैंग से जुड़े चार अभ्यर्थी व दो सॉल्वरों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। बाताया गया कि बीती 18 फरवरी को कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर खुरगान बाईपास फ्लाईओवर के नीचे से उस्मान निवासी गांव मन्नामाजरा, शाहवेज निवासी गांव जहानपुरा, रिजवान निवासी गांव तितरवाड़ा व आसिफ निवासी गांव अलीपुर को गिरफ्तार किया था, जिनके कब्जे से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, फर्जी आधार कार्ड व मोबाइल बरामद हुए थे। पुलिस ने बताया था कि आरोपियों ने उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती की परीक्षा में सॉल्वर गैंग को छह-छह लाख रुपये में पेपर सॉल्व कराने के लिए ठेका दिया। हालांकि, उनकी गिरफ्तारी परीक्षा से पहले ही की गई थी। मामले में पुलिस ने उपरोक्त चारों अभ्यर्थियों के अलावा दो सॉल्वर व उनके सरगना के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। बाद में सॉल्वर दिलशाद अली निवासी गांव मामौर व अनीस निवासी गांव सहपत को गिरफ्तार किया गया।

# अखिलेश यादव के खिलाफ कांग्रेस का 'ब्रह्मास्त्र'

## सपा प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को सीबीआई के नोटिस का वरिष्ठ कांग्रेस नेता विश्वनाथ चतुर्वेदी ने किया स्वागत

- कहा, स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव परिवार पर आय से अधिक संपत्ति मामले में भी सीबीआई अखिलेश यादव, डिंपल यादव, प्रतीक यादव से करेगी पूछताछ
- इन तीनों के साथ ही पूरा यादव कुनबा भी आएगा सवालों के घेरे में
- शिवपाल यादव, रामगोपाल यादव, धर्मेंद्र यादव व अन्य परिजनों के भी आपस में हुए हैं बड़े-बड़े लेन-देन



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

सपा प्रमुख अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश के खनन मामले में सीबीआई की नोटिस से समाजवादी पार्टी में खलबली मच गई है। वहीं, सीबीआई के इस कदम से वरिष्ठ कांग्रेस नेता विश्वनाथ चतुर्वेदी को उम्मीद जगी है। श्री चतुर्वेदी ने स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव और उनके परिवार पर आय से अधिक संपत्ति मामले में वाद सुप्रीम कोर्ट में दायर किया हुआ है। बुधवार को सपा प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को सीबीआई से खनन मामले में नोटिस मिला। सीबीआई का नोटिस मिलने की खबर सार्वजनिक होते ही राजनीतिक हलचल बढ़ गई। विपक्षी दलों का कहना था कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अखिलेश यादव को सीबीआई का नोटिस उन पर दबाव बनाने और छवि धूमिल करने का प्रयास है। वहीं, सोनिया गांधी के करीबी कांग्रेस नेता विश्वनाथ चतुर्वेदी ने सीबीआई के इस कदम का स्वागत किया। उन्होंने कहा देर से ही सही, जांच एजेंसी हरकत में आई है। अब स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के परिवार के पाप का घड़ा भर चुका है। इन सभी को अपनी करनी का अंजाम भुगतना पड़ेगा। अभी तो यह शुरुआत भर है। विश्वनाथ चतुर्वेदी द्वारा मुलायम सिंह यादव परिवार पर सुप्रीम कोर्ट में दायर मामले में अखिलेश यादव, डिंपल यादव और प्रतीक यादव से पूछताछ करेगी। पूरे कुनबे पर शिकंजा कसता जाएगा। अखिलेश डिंपल और प्रतीक ही नहीं, शिवपाल यादव, रामगोपाल यादव, धर्मेंद्र यादव वह यादव कुनबे की अन्य सदस्य भी सीबीआई की गिरफ्त में होंगे। क्योंकि इन सभी के आपस में कई बड़े वित्तीय लेनदेन हुए हैं, जो उनकी आय से कहीं अधिक हैं।

### सीबीआई ने क्यों बुलाया अखिलेश को

उत्तर प्रदेश के जिस खनन घोटाले मामले में 29 फरवरी को अखिलेश यादव को बयान देने के लिए बुलाया, वह 2012 से 2016 के बीच का है। इस दौरान अखिलेश यादव भी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। खनन मंत्रालय का भार भी उन्हीं के कंधों पर था। इस दौरान सरकारी अधिकारियों और शासन में ऊंचे ओहदों पर बैठे लोगों ने मिली भगत कर प्रदेश में नियम विरुद्ध खनन कराया था। इससे एक ओर प्रकृति को नुकसान हुआ, सरकार को राजस्व घाटा उठाना पड़ा। इसके विपरीत कुछ शीर्ष अधिकारियों और शासन के सफेद पोश लोगों ने जमकर धन कमाया।

### सीबीआई खुद अपने अधिकारियों को बचाने में जुटी रही

सूत्रों के अनुसार स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव परिवार को बचाए रखने में जितना बड़ा हाथ राजनीतिक हस्तक्षेप का था, उतना ही सीबीआई के अधिकारियों को बचाने के लिए जांच एजेंसी के आला अधिकारियों का भी। दरअसल, स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव द्वारा सौंपी गई झूठी रिपोर्ट में सीबीआई के एक शीर्ष अधिकारी व कुछ अन्य अधिकारियों का हाथ था। उनकी करतूत पर पल्ला डालने और उन्हें बचाने के लिए भी सीबीआई ने यादव परिवार की जांच नहीं की। नहीं तो जांच की आंच सीबीआई के कुछ बड़े अधिकारियों तक आ सकती थी।

### दो दशक से न्याय का कर रहा हूं इंतजार: विश्वनाथ चतुर्वेदी



कांग्रेसी नेता श्री चतुर्वेदी के अनुसार अब न्याय का वक्त आया है। अब तक यादव परिवार राजनीतिक सौदेबाजी कर सीबीआई जांच से खुद को बचाए हुए थी। अब यादव परिवार का खेल सार्वजनिक हो चुका है। उनके झूठे सबूत और दस्तावेज सीबीआई और कोर्ट के सामने बहुत देर टिकने वाले नहीं हैं। मुलायम परिवार पर आय से अधिक संपत्ति मामले में न्याय की राह देखते देखते दो दशक बीत गए हैं। अभी भी इंतजार और उम्मीद है। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि वह एक पुराने कांग्रेसी हैं मुलायम परिवार की एक-एक करतूत का खुलासा करेंगे।

### अब तक जांच नहीं हुई तो क्लोजर रिपोर्ट कैसी!

विश्वनाथ चतुर्वेदी ने कहा कि मुलायम सिंह यादव परिवार पर आय से अधिक मामले में जिस क्लोजर रिपोर्ट की बात यादव परिवार करता है, वह आज तक जारी ही नहीं हुई है। न तो वह रिपोर्ट कोर्ट में है और न सेंट्रल विजिलेंस कमीशन के पास। ऐसा इसलिए क्योंकि राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण आज तक सीबीआई की जांच शुरू ही नहीं हो पाई। जिसे यादव परिवार क्लोजर रिपोर्ट कहता है दरअसल, वह आयकर रिटर्न का दस्तावेज था।



## फास्ट फॉरवर्ड

### गांजा के साथ गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल ने बताया कि उप निरीक्षक परशुराम यादव तथा उप निरीक्षक मातादीन, आरक्षी गुड्डू यादव द्वारा सुनील निवासी दरसेडा को 1 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा के साथ किया गिरफ्तार। आरोपी के विरुद्ध थाना पहाड़ी में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### रोजगार मेले का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** एक दिवसीय दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनांतर्गत रोजगार मेले का आयोजन राष्ट्रीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में विकासखंड कार्यालय परिसर मानिकपुर में किया गया। रोजगार मेले में 5 से अधिक कम्पनियों एवं 173 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें विभिन्न कम्पनियों द्वारा 102 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य प्राइवेट आईटीआई मनीष सिंह राजापुर एवं जिला सेवायोजन अधिकारी डॉ पीपीसी शर्मा ने अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया।

### रेलवे एसपी ने किया जीआरपी कर्वी का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक रेलवे झांसी विपुल कुमार श्रीवास्तव ने गुरूवार को थाना जीआरपी कर्वी का आकस्मिक निरीक्षण किया। साथ ही विवेचकों का अर्दली रूम किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अपराध रजिस्टर का अवलोकन कर लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी लोकसभा आम चुनाव के दृष्टिगत शांति व्यवस्था व निरोधात्मक कार्यवाही के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

### क्षेत्राधिकारी राजापुर ने थाना रैपुरा का किया अर्धवार्षिक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय ने गुरूवार को थाना रैपुरा का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी राजापुर ने थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, मालखाना, बंदीग्रह, थानाध्यक्ष कार्यालय, बैरिक, मैस का निरीक्षण कर थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय को साफ-सफाई के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने थाने के रजिस्टरों को अद्यावधिक करने के लिए एवं थाने पर मुकदमों से सम्बन्धित मामलों का निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

### दो युवतियों ने खाया जहरीला पदार्थ

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** देहात कोतवाली क्षेत्र के लामा गांव निवासी अनीसा (23) पत्नी शिवसागर ने बुधवार की रात घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घर वालों को जानकारी हुई। इसी तरह शहर कोतवाली क्षेत्र के बड़ोखर खुर्द गांव निवासी रामसखी (30) पत्नी सुरेश ने बुधवार की रात घरेलू कलह से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# आरटीआई में खुलासा: सड़क निर्माण के बजट में हुआ घालमेल

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**




जिले का पीडब्ल्यूडी विभाग जरा सी भी जिम्मेदारी से काम करता तो शायद जनपद की कोई भी सड़क इतनी टूटी-फूटी और बिखरी हुई नहीं होती। आरटीआई से मिले इस जवाब से साफ साबित होता है कि दोषी कौन है। सरकार हर क्षेत्र की प्रत्येक सड़क के लिए बजट दे रही है लेकिन वह बजट इन भ्रष्ट अधिकारियों की जेब से गुजरता हुआ दलालों की बिल्डिंगों की साइनिंग में देखा जा सकता है। विजयीपुर-गाजीपुर सत्याग्रह के अगुआ रहे इं. प्रवीण पाण्डेय ने बताया कि पिछले तीन माह से लोगों ने हजारों की संख्या में आरटीआई और आईजीआरएस किया। जिनका जवाब देने से विभाग हमेशा बचता रहा क्योंकि विभाग की पोल खुलने वाली थी। हजारों की संख्या पूरी करने के बाद प्रथम अपील करने के बाद मुख्यमंत्री द्वारा बजट पास करने के बाद विभाग ने आरटीआई का जवाब दिया। आरटीआई का जवाब अभी तक विभाग सिर्फ इसीलिए नहीं दे रहा था कि घोटाला बड़ा है। आज भी लोग गुमराह हो रहे हैं। आज भी कुछ लोगों को लग रहा है की रोड तो बननी ही थी फरवरी में तो रोड को बनना ही था। उन्होंने बताया कि अक्टूबर से जनवरी तक फाइल कितनी बार लखनऊ से वापस आ चुकी है। यह पीडब्ल्यूडी विभाग के ऑफिस में जाकर के देखा जा सकता है। इस सड़क को बजट न मिलने का सबसे बड़ा कारण यही रहा कि सरकार यह जानना चाहती थी कि जो अभी तक पैसा दिया गया वह खर्च हुआ या नहीं और 30 करोड रुपए सरकार के देने के बाद किस बेस पर 102 करोड रुपए या 90 करोड़ इनको दे देती। आखिर इन्होंने इस 30 करोड़ से क्या किया। एक भी ट्रक मिट्टी इन्होंने खरीद के नहीं डाली। अभी तक इस रोड में गरीब किसानों के खेत से मिट्टी उठाकर के इन्होंने शोल्डर की भराई किया है। श्री पाण्डेय ने बताया कि कोई भी ऐसी बड़ी मशीनरी का उपयोग इन्होंने नहीं किया जिसका मासिक किराया दिया हो। 80 से 90 हजार रुपए माह के किराए की जेसीबी लगा करके इन्होंने तीन माह में किसानों के खेत की मिट्टी उठाकर के वहीं की वहीं डाल दिया है। कितना पैसा खर्च किया। उनका कहना है कि सरकार से मिले 30 करोड़ में अगर यह चाहते तो बहुत कुछ कर सकते थे। लोगों के पैदल चलने लायक तो रास्ता रहता। इस सड़क का दर्द इस सड़क से गुजरने वाले से पूछिए। इस सड़क के बनने में भ्रष्ट तो अधिकारी ही रहे। हमारे बीच के हमारे अपने ही रहे, जिन्होंने इन अधिकारियों को मनमानी करने दिया और अपना शेयर बीच-बीच लेते रहे। कभी यह ध्यान नहीं दिया।

उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि जिम्मेदारी निभाने की जरूरत है। जिस तरह आप अपने मकान के निर्माण में पूरी जिम्मेदारी से ध्यान देकर के हर एक बजट पर निगरानी रखते हैं। यह पैसा राज्य सरकार ने विकास के लिए दिया था न कि अधिकारियों व भ्रष्ट लोगों की जेब भरने के लिए दिया था।

## केंद्रीय राज्यमंत्री ने थानों के साइबर हेल्प डेस्क का किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश पुलिस की अवस्थापना, सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु प्रदेश में 148 निर्माण कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास वर्चुअली किया। जिसके क्रम में जनपद के थाना कोतवाली पर केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति की गरिमामयी उपस्थिति में जनपद के साइबर क्राइम थाना स्थित चांदमारी खंभापुर राधानगर सहित जनपद के 21 थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क का शुभारंभ किया। जनपद के थाना औंग, कल्यानपुर, मलवां, कोतवाली नगर, थरियांव एवं थाना खागा में मेडिकल कक्ष मय प्रसाधन का शिलान्यास किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, विधायक जहानाबाद राजेंद्र पटेल समेत संभ्रान्त व्यक्तियों सहित आम जनमानस उपस्थित रहे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा, क्षेत्राधिकारी नगर वीर सिंह, क्षेत्राधिकारी साइबर/अपराध सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें।

# पुलिस ने मोटर साइकिल चोरों को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही क्रम मे गुरूवार को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा बांदा और आस-पास के जनपदों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि अज्ञात अभियुक्तों द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्र अन्तर्गत डिग्गी चैराहे के पास स्थित चैरसिया पेट्रोल पम्प के सामने से 25 फरवरी को एक एवेंजर मोटरसाइकिल की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था । इस संबंध में वादी सहबाज पुत्र सुलेमान निवासी बंगालीपुरा द्वारा थाना कोतवाली पर धारा 379 भादवि पंजीकृत कराया गया था । पुलिस द्वारा अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। गुरूवार को मुखबिर की सूचना पर चोरी की गई मोटरसाइकिल के साथ 02 अभियुक्तों को पुराने बाईपास से कालूकुआं जाने वाली सड़क के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वे बांदा व आसपास के जनपदों में मोटरसाइकिल की चोरी करते है। अभी उनके पास 03 और चोरी की गई मोटरसाइकिलें रखी हैं। अभियुक्तों की निशादेही पर कर्बला रोड के पास बने खण्डहर से 03 अन्य मोटरसाइकिले बरामद की गई हैं जिनके संबंध में अतिरिक्त जानकारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# जिलाधिकारी ने ली डिफेंस कॉरिडोर की भूमि अर्जन सम्बन्धी बैठक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में गुरूवार को डिफेंस कॉरिडोर एवं औद्योगिक कॉरिडोर की भूमि अर्जन के सम्बन्ध में बैठक जिला कलेक्टरट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी राजापुर व कर्वी को निर्देशित किया कि कितने किसान, कितना रकबा, रोड, बडा किसान इन सब की सूचना प्रेषित करें। उन्होंने कहा कि इस पर आप लोग लग करके कार्य करें। उन्होंने कहा कि जो किसान सहमत हैं, उनसे प्रपत्र पर हस्ताक्षर कराए एवं जो किसान सहमत नहीं है, उनसे बात करें की सर्किल रेट पर भूमि ली जाएंगी। उन्होंने उप जिलाधिकारी राजापुर को निर्देशित किया कि अपने कर्मचारियों को लगाकर इस पर कार्य करें। उन्होंने कहा कि सबकी सहमति लिखित होनी चाहिए, मौखिक नहीं। जिलाधिकारी ने कहा कि जो रास्ते में बिल्डिंग आ रही है, उसका भी मूल्यांकन कराएं। उन्होंने कहा कि मार्ग के पास भी रहने वाले किसानों से भी सहमति प्रपत्र पर हस्ताक्षर कराए। बंदोबस्त अधिकारी को निर्देशित किया कि लेखपालों को लगाकर कार्य में प्रगति कराएं। उन्होंने कहा कि दो-तीन दिन के अंदर रिपोर्ट दें, जिससे कि मंडलायुक्त को प्रेषित किया जा सके।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व वंदिता श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सौरभ यादव, उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद कुमार झा, सहायक आयुक्त स्टांप राम सुंदर यादव, बंदोबस्त अधिकारी मनोहर लाल धर्मान आदि मौजूद रहे।

## महिला कांस्टेबल को डंपर ने मारी टक्कर, चालक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

तेज रफ्तार डंपर ने स्कूटी से जा रही महिला कांस्टेबल को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके से भाग रहे डंपर चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घायल महिला कांस्टेबल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। देहात कोतवाली में तैनात महिला कांस्टेबल सुमन (33) गुरुवार की दोपहर स्कूटी से कहीं जा रही थी। जैसे ही वह थाने से बाहर निकली पीछे से आ रहे डंपर ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने डंपर चालक को गिरफ्तार कर लिया और महिला कांस्टेबल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# विकास के लिए ग्राम पुर्नरचना बेहद जरूरी: भारत डोगरा

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

* गांवों को नशा मुक्त करने को बनाएं नशा विरोधी समिति

आर्थिक तंगी के कारण बुंदेलखंड से बड़ी संख्या में पलायन हो रहा है। समस्याओं से जूझ रहे गरीब तबके का बाहर राज्यों में भी शोषण हो रहा है। इससे निजात पाने के लिए सबसे जरूरी है कि संगठन बनाया जाए और ग्रामीण स्तर पर इसे मजबूत किया जाए। यह बातें वरिष्ठ पत्रकार/समाजसेवी भारत डोगरा (दिल्ली) ने कहीं। महुआ ब्लाक के कोलावल रायपुर गांव में विद्याधाम समिति के बैनर तले चिंगारी संगठन का दो दिवसीय ग्राम पुर्नरचना चिंतन शिविर में डोगरा ने कहा कि सरकारी योजनाओं का ठीक से क्रियान्वयन हो पाना पलायन का मुख्य कारण बन रहा है। उन्होंने मनरेगा, आवास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य योजनाओं का जिक्र करते हुए बताया कि हम दूसरों से योजनाओं का लाभ मांगते हैं। मांगने से भीख मिलती है अधिकार नहीं। नशा आज की पीढ़ी को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा रहा है। पुरुष ही नहीं बल्कि महिलाएं भी नशे की तल से अछूती नहीं हैं। इसे समाप्त किए बगैर किसी समाज या गांव का विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि अपने गांवों में 'नशा विरोधी समिति' बनाकर नशा मुक्त बनाएं। दूसरे सत्र में ग्राम सह बैठक का आयोजन हुआ। इसमें महिलाओं के गांव वार ग्रुप बनाकर समस्याओं को चिन्हित किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी गोपाल भाई ने सामूहिक चर्चा करते हुए समस्याओं के समाधान बताए। उन्होंने कहा कि जाति व्यवस्था गांव विकास में सबसे बड़ा बाधक है। भेदभाव को खत्म करके एक साथ संगठन जुड़ें और इसे मजबूत बनाएं। भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय प्रबंधक राजीव लोचन ने कहा कि बैंक गांव की पुर्नरचना में आधार भूमिका है। वित्तीय असमानता को समाप्त करके ग्रामीण विकास की ओर अग्रसर हुआ जा सकता है। इसके पूर्व मुख्य अतिथियों द्वारा वृक्ष पूजन किया गया। दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। समिति कार्यकर्ताओं और संगीत वादक लल्लूराम शुक्ल ने प्रेरक गीत से महिलाओं में जोश भरा। संचालन समिति मंत्री राजाभइया ने किया।

कार्यक्रम में अवधेश द्विवेदी, योगेंद्र पांडेय, उत्कर्ष द्विवेदी (श्रमिक भारती), रामकरन यादव, ग्राम प्रधान राममनोहर यादव, मुबीना खान, अर्चना, शशि, कुबेर सिंह, शिवकुमार गर्ग, मुस्तफा अली, माया श्रीवास्तव, प्रिया, रीना, वालिंटियर मुबीन, सुनैना, जितेंद्र, सागर, ममता, उर्मिला, निर्मला सहित भुजियारी पुरवा, अतर्रा ग्रामीण, भज्जू पुरवा, बाबूपुर, नौगवां, गुढ़ा, कालिंजर, नींबी, बंजारा, मसुरी खेरवा, घसरौंट, राजाराम पुरवा की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# एक परिवार में चार मौतों के गम में नहीं जले चूल्हे

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

* – गांव में पत्नी को अग्निदाह, तीनों बच्चों के शव जमीन में दफनाए

बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर बुधवार को एक ही परिवार के चार लोगों की बाइक दुर्घटना में दर्दनाक मौत के बाद गुरुवार को चारों शवों का पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। शवों के गांव पहुंचते ही गांव में मातम पसर गया। महिला का अग्निदाह और दो बेटों व बेटी को जमीन में दफनाया गया। एक ही परिवार से एक साथ चार अर्थियां उठने के गम में गांव में किसी भी घर में चूल्हा तक नहीं जला। बिसंडा थाना क्षेत्र के ओरन गांव निवासी रवि (20) पुत्र लालाभइया अपनी मां सीमा (38), भाई बाबू (6) व बहन आरती (8) को लामा गांव से बाइक पर बैठाकर बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे से होते हुए अपने गांव जा रहा था, तभी किलोमीटर संख्या 35.7 के पास वाहन चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगा देने से तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर गिरी और वाहन में सवार सभी लोग छिटककर सड़क किनारे सुरक्षा के लिए लगी रेलिंग से जा टकराए, जिससे रवि और बाबू की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि आरती व सीमा को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उन दोनों ने भी दम तोड़ दिया। गुरुवार को पुलिस ने सभी शवों को अपनी सुपुर्दगी में लेने के बाद पोस्टमार्टम कराया और शव सीमा के पति लालाभइया को सौंप दिया। चारों शव लेकर जब लालाभइया अपने गांव पहुंचा तो उनके घर पर पहले से ही रिश्तेदारों समेत आसपास के लोगों का तांता लगा हुआ था। शवों को देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों को बमुश्किल शव उठाने दिया। एक ही परिवार से एक साथ चार अर्थियां उठने के गम में गांव में गुरुवार को किसी भी घर में चूल्हा तक नहीं जला। पति लालाभइया ने पत्नी सीमा का सोलह श्रृंगार कर नम आंखों से अग्निदाह किया, जबकि अपने बच्चों रवि, बाबू और आरती को जमीन में दफनाया।

# जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

भारत सरकार का वादा संपूर्ण स्वच्छता का इरादा उद्घोष के साथ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेस-2 की टीम गुरूवार को विकासखंड मऊ में सहयोगी संस्था जानकी प्रसाद मेमोरियल रिसर्च एंड एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा ओडीएफ की स्थिति बनाए रखने के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के माध्यम से संस्था द्वारा आए रंगमंच के कलाकारों ने शौचालय के प्रयोग, पानी की रखरखाव एवं हाथ धुलने के तरीके पर नाटक का मंचन किया। ग्रे वॉटर, ब्लैक वाटर व सिवेज के प्रबंधन के लिए समितियां के कार्य एवं दायित्व के बारे में भी संस्था द्वारा जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गांव में स्वस्थ वातावरण को बढ़ावा देना है।

खंड विकास अधिकारी राम जी मिश्रा ने बताया कि देश के स्वास्थ्य बजट का 1600 करोड रुपए उन बीमारियों में खर्च हो जाते हैं, जो दूषित पानी और गंदगी की वजह से होती हैं। जिसको कम करने की दिशा में भारत सरकार प्रयासरत है। संस्था के कुशल प्रशिक्षकों द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत के प्रत्येक राजस्व में जिसमें नुक्कड नाटक, ग्राम पेयजल एवं संस्था समिति की बैठक, स्वच्छता मेला एवं आईईसी सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को पेयजल एवं संस्था के प्रति जागरूक किया जाएगा। सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) चंद्रभूषण यादव ने बताया कि ग्रामीण परिवेश में लोगों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक एक सशक्त माध्यम है।

ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर पंचायत में आयोजित की जानी चाहिए, जिससे ग्रामीण अंचलों में इस कार्यक्रम का आम जनमानस के ऊपर गहरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बताया कि आज के समय में प्लास्टिक प्रबंधन हमारी मुख्य समस्या है।

# कथा श्रवण से मानव को मिलती है पापों से मुक्ति: आचार्य नवलेश दीक्षित



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

श्रीमद भागवत कथा के प्रथम दिन भव्य शोभायात्रा गाजेबाजे के साथ निकाली गई। भागवताचार्य ने भागवत कथा का महात्म्य विस्तार से श्रोताओं को बताया।

जिला मुख्यालय के तरौंहा स्थित भारद्वाज परिवार में श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। पहले दिन भव्य शोभायात्रा गाजेबाजे के साथ निकाली गई। नगर भ्रमण के बाद मंदाकिनी नदी तट पर पूजा अर्चना के बाद कथा स्थल पर यात्रा पहुंची। यहां भागवत कथा प्रवक्ता आचार्य नवलेश दीक्षित व्यासपीठ की विधिवत पूजा की। उन्होंने कथा रसपान कराते हुए श्रोताओं को भागवत कथा की महिमा बताई। भक्ति ज्ञान की चर्चा करते हुए गोकरण की कथा का रसपान कराया। बताया कि भागवत कथा भक्ति, ज्ञान, वैराग्य की निर्झर, निर्मल बहती हुई गंगा है।

कथा श्रवण से मानव को पापों से मुक्ति मिलती है।

परिवार का कल्याण होता है। कथा आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया।

इस मौके पर मुख्य यलमान राकेश भारद्वाज, धर्मपत्नी कामिनी, बिंदा प्रसाद, अनिल भारद्वाज, दीपक भारद्वाज, प्रकाश, शंकर दयाल पयासी, राज नारायण गर्ग, माघेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, सुधीर द्विवेदी, रज्जू पयासी, सौरभ पयासी, नर्बदा पयासी आदि सैकड़ों श्रोतागण मौजूद रहे।

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय का 11वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न

* 68 शोध कर्ताओं को पीएचडी उपाधि और 832 स्नातक/परास्नातक छात्र-छात्राओं को प्रदान की गई डिग्री
* कृषि स्नातक छात्रा श्रेया तिवारी को मिला नाना जी देशमुख स्मृति मेडल

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह विवेकानंद सभागार में हुआ। दीक्षांत समारोह में 68 शोध कर्ताओं को पीएचडी की उपाधि और 832 स्नातक, परास्नातक छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान की गई। साथ ही 40 टापर छात्र-छात्राओं को मैडल प्रदान किए गए। दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में आनंदम धाम पीठ वृन्दावन के पीठाधीश्वर रितेश्वर महाराज, कुशा भाऊ ठाकरे पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ के कुलपति प्रो बलदेव भाई शर्मा उपस्थित रहे।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति विश्व विद्यालय अमरकंटक के कुलपति प्रो प्रकाश मणि त्रिपाठी ने दीक्षांत उद्बोधन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने की। कुलसचिव नीरजा नामदेव ने प्रगति प्रतिवेदन और स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। सत्र संचालन उप कुलसचिव अकादमी डॉ कुसुम कुमारी सिंह ने किया।

दीक्षांत समारोह का शुभारम्भ शोभा यात्रा के साथ हुआ। कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने उपाधि प्राप्त कर्ताओं को दीक्षांत शपथ दिलाई और उनके मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर संकाय अधिष्ठातागणों ने कहा कि इन विद्यार्थीगणों ने उपाधि प्राप्त करने के लिए आवश्यक योग्यता अर्जित कर ली है। इसके बाद विभिन्न पाठ्यक्रमों के 16 टॉपर छात्रों और 24 छात्राओं को गोल्ड मैडल प्रदान किए गए। बीएससी कृषि की टापर छात्रा श्रेया तिवारी को नाना जी देशमुख स्मृति मैडल भी प्रदान किया गया। नाना जी देशमुख स्मृति मैडल कर्नाटक माता जी द्वारा प्रायोजित किया गया है। विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे शोधकर्ता 68 छात्र-छात्राओं को पीएचडी की उपाधि ने प्रदान की गयी। कृषि संकाय के अधिष्ठाता प्रो देव प्रभाकर राय ने 12 शोध कर्ताओं को पीएचडी और 171 विद्यार्थियो को यूजी, पीजी की डिग्री, कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो नंद लाल मिश्रा ने 32 को पीएचडी और 258 को यूजी, पीजी डिग्री, अभियांत्रिकी संकाय के अधिष्ठाता डॉ आञ्जनेय पांडेय ने 4 को पीएचडी और 48 को यूजी डिग्री, प्रबंधन संकाय के अधिष्ठाता प्रो अमर जीत सिंह ने 9 को पीएचडी और 97 को यूजी, पीजी डिग्री, विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो आई पी त्रिपाठी ने 11 को पीएचडी और 190 को यूजी, पीजी डिग्री तथा निदेशक दूरवर्ती डॉ कमलेश थापक ने यूजी, पीजी डिग्री का विवरण प्रस्तुत किया।

## चालक की बांधकर पिटाई, छीन ले गये ई-रिक्शा

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** ई-रिक्शा छीने जाने की घटनाओं में तेजी से इजाफा हो रहा है। तीन दिन पहले मटौंध थाना क्षेत्र के त्रिवेणी चौराहे के पास चालक को बंधक बनाकर मार पीटकर जख्मी कर नकदी लूटने के साथ ही ई-रिक्शा छीन ले गए थे। ताजी घटना में बुधवार की रात बबेरू बाईपास चौराहे के पास तीन लोगों ने चालक को बंधक बनाकर मारा पीटा और उसकी जेब में पड़ी नकदी लूटने के बाद ई-रिक्शा छीन कर वहां से फरार हो गए। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरवां थाना क्षेत्र के बड़ोखर बुजुर्ग गांव निवासी शरीफ (28) पुत्र रज्जन ई-रिक्शा चलाता है। बुधवार की रात दो लोग ई-रिक्शा में सवार हुए और बबेरू बाईपास ले गए। एक युवक वहां पहले से ही बाइक लिए खड़ा हुआ था। तीनों लोगों ने साफी से हाथ-पैर बांध दिए और जमकर पिटाई की। उसकी जेब में पड़ी नकदी लूट ली। शरीफ को सड़क किनारे अचेत अवस्था फेंककर वह लोग उसका ई-रिक्शा लेकर फरार हो गए। होश आने पर वहां से गुजर रहे राहगीरों को पुकारा। राहगीरों ने उसे वहां से उठाकर किसी तरह से जिला अस्पताल पहुंचया। सूचना पाकर परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई है। इसके पहले शहर कोतवाली क्षेत्र के कहला गांव निवासी रामसेवक पुत्र बड़कूराम को त्रिवेणी चौराहा के पास चार लोगों ने बंधक बनाकर मारपीट की थी और उसका भी ई-रिक्शा छीनकर ले गए थे।

# बच्चों को नियमित रूप से आंगनबाड़ी व प्राथमिक विद्यालय भेजें अभिभावक: एसडीएम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दिशा निर्देशों के अनुसार बुनियादी साक्षरता एवं प्राथमिक अंकीय दक्षता प्राप्त करने के लिए प्री प्राइमरी शिक्षा का सार्वभौमीकरण किया जाना लक्षित है। प्रदेश को निपुण प्रदेश बनाने के लिए निर्धारित लक्ष्य की संप्राप्ति आयु वर्ग 5 से 6 वर्ष के बच्चे एवं विद्यालय में नामांकित कक्षा 1 से 3 तक के समस्त बच्चे हैं। जन समुदाय के समक्ष निपुण लक्ष्य एवं मूलभूत साक्षरता की आवश्यकता से अवगत कराने के लिए हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन प्रदेश के समस्त विकासखंड में विगत दो वर्षों से किया जा रहा है। जिसके क्रम में गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय छिविलहा के प्रांगण में विकासखंड मऊ के खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण दत्त पांडेय के संयोजन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी मऊ राकेश पाठक, अध्यक्ष नगर पंचायत मऊ अमित द्विवेदी, मऊ उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष शारदा अग्रहरि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उप जिलाधिकारी मऊ राकेश कुमार पाठक ने निपुण हुए सभी विद्यालयों को बधाई देते हुए अभी जमीनी स्तर पर और श्रम करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। खंड शिक्षा अधिकारी मऊ कृष्ण दत्त पांडेय ने कार्यक्रम में सम्मिलित जन समुदाय, अभिभावकों से अपील की कि अपने बच्चों को नियमित आंगनवाड़ी और प्राथमिक विद्यालय भेजें। साथ ही समय पर होने वाली विद्यालय की बैठकों में प्रतिभाग भी करें। नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी ने कहा की ग्राम पंचायत स्तर पर विद्यालय की शिक्षा के गुणवत्ता संवर्धन में शिक्षकों द्वारा किसी भी प्रकार की समस्या के लिए वह पूरे मनोयोग से मदद करने को तैयार हैं। कार्यक्रम में सभी निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को जनपद के प्री प्राइमरी शिक्षा के एसआरजी गीत श्रीवास्तव ने आंगनवाड़ी और प्राथमिक विद्यालयों में बुनियादी साक्षरता के अंतर्गत कई प्रकार की दी जाने वाली सुविधाओं और आंगनवाड़ी में चल रहे बाल वाटिका, पहल, चहक और स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ आलोक गर्ग ने किया। कार्यक्रम में प्रत्येक संकुल से पांच नोडल शिक्षक और आंगनबाडी कार्यकत्रियों को सम्मानित किया गया। साथ ही निपुण हुए बच्चों को पुरस्कार दिया गया।

प्रत्येक निपुण विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को सम्मानित किया गया। जिसके क्रम में प्राथमिक विद्यालय के संकल्प पांडेय, शरदेंदु शुक्ला, राजीव गुप्ता, सिद्ध गोपाल वर्मा, कंपोजिट विद्यालय के वीरेंद्र श्रीवास्तव, अखिलेश मिश्रा, गुलाब तिवारी, दानिश मियां रिजवी, रवि त्रिपाठी, प्राथमिक विद्यालय पवन जायसवाल को सम्मानित किया गया। एआरपी महेश प्रसाद को भी उप जिलाधिकारी ने सम्मानित किया।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पाँच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहेंगे के कारण दिनांक 02 से 03 मार्च, 2024 के मध्य तेज हवाओं, गरज-चमक एवं ओलावृष्टि के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 27.0 (+0.8)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 13.6 (+2.4)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 69 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 41 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 8.1 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0


- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# गैंगरेप का शिकार हुई दो मासूम बहनों ने चुनी मौत

**✱ पेड़ पर लटके पाए गए दोनों नाबालिक बच्चियों के शव**

जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर

**कानपुर नगर।** थाना घाटमपुर क्षेत्र में गरीब परिवार की दो किशोरियों को अपनी हवस का शिकार बनाने के बाद उन्हें आत्महत्या करने के लिए प्रेरित किया गया, दोनों किशोरियों ने लोक लाज के कारण पेड़ पर लटक कर फांसी लगाते हुए मौत को गले लगा लिया, इस हृदय विदारक घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस विभाग और जनता को हुई हड़कम्प मच गया, रात्रि के समय ही पुलिस अधिकारियों ने पीड़ित के घर पहुंचने के साथ ही घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए नामित आरोपियों को हिरासत में लेकर वैधानिक कार्रवाई करनी शुरू कर दी। मिली जानकारी के अनुसार थाना घाटमपुर क्षेत्र स्थित ग्राम बरौली के ईंट भट्टे पर अन्य मजदूरों के साथ एक मजदूर अपनी पत्नी एक बेटे वा दो बेटियों के साथ ईंट पथायी का कर रहा था, आरोप है कि उसकी दोनों नाबालिक बेटियों संग 27 फ़रवरी 2024 की रात्रि में रज्जू पुत्र रामरूप व उसके0भान्जे संजय ने दोनो किशोरियों को बीड़ी और शराब पिलाई नशे में कर उनके साथ शारीरिक संबंध बनाये तथा उसका अश्लील विडियो भी बनाया, जिसके बाद यह बात पुरे भट्टे पर फैल गयी। पीड़ित पिता की माने तो जब इस मामले में उसने शिकायत की तो रामरूप ठेकेदार व अन्य उसके परिजन द्वारा गाली गलौज व मारपीट की गयी इस घटना से व्यथित दुखी होकर दोनो किशोरियों ने मौत को चुन लिया।



> सूचना मिलते ही घाटमपुर पुलिस के साथ-साथ वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी बरौली पहुंचे थे, दो बच्चियां पेड़ पर लटकी हुई पाई गई थी जो आपस मे रिलेटिव हैं, मामले में गैंगरेप और पॉक्सो सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है, पैनल बनाकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, तीनों नामजद आरोपियों रज्जू, संजय, रामस्वरूप ठेकेदार को गिरफ्तार कर लिया गया है।
> -हरिश्चन्द्र, जे.सी.पी.

**शौच करने निकली थी किशोरियां ढूंढने पर पेड़ में लटकी मिली लाश**

पीड़ित पिता ने बताया कि 28 फ़रवरी की रात्रि में उसकी दोनों बेटियां संग शौच क्रिया करने के बात कह कर निकली थीं, जब काफी समय बीत गया और बेटियां वापस नहीं आई तो उसे चिंता हुई और पूरा परिवार उन्हें ढूंढने निकल पड़ा, सबसे पहले भाई को दोनों बहने पेड़ पर लटकी हुई दिखाई दी, अपनी बहनों को पेड़ पर फांसी के फंदे में लटकता देख भाई के पैरों तले जमीन खिसक गई, उसने तत्काल ही अपने पिता और परिजनों को पूरी जानकारी दी, बेटियों को पेड़ पर फांसी के फंदे में लटकता पूरे के पूरे परिवार में कोहराम मच गया और रोना पीटना मच गया, सूचना पाकर मौके पर घाटमपुर पुलिस के साथ-साथ डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार भी पहुंचें फॉरेंसिक टीम और पुलिस टीम दोनों ने मिलकर मौके पर साक्ष्य जुटाए साथ ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**गैंगरेप, आत्महत्या के लिए प्रेरित करने और पॉक्सो की गम्भीर धाराओं में दर्ज़ किया गया मुक़दमा**

मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर आरोपियों रज्जू, संजय, रामस्वरूप ठेकेदार समेत अन्य परिजनों पर आईपीसी की धारा 376डी,306,323,504, वा पॉक्सो एक्ट में मुक़दमा दर्ज किया गया है।

# एक लाख के इनामी गैंगेस्टर अजय ठाकुर को कानपुर पुलिस ने भेजा जेल

**✱ 26 गंभीर अपराध के मामले दर्ज हैं मुकदमे**

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



बर्रा से फरार चल रहे गैंगस्टर अजय ठाकुर गुरुवार को कानपुर कमिश्नरेट बर्रा थाने की पुलिस ने कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। एक लाख के ईनामी हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर को डीसीपी और एडीसीपी की टीम ने सर्विलांस की मदद से दिल्ली में पकड़ लिया। इस हिस्ट्रीशीटर पर बर्रा थाने में करीब डेढ़ दर्जन से अधिक मुकदमें तो आस-पास के थानों में आधा दर्जन मुकदमें दर्ज है। शातिर अपराधी अजय ठाकुर जो मूल रूप से जरौली का रहने वाला है। जिसकी उम्र करीब 27 वर्ष है। दोस्तों की संगति में बिगड़ गया और अपराध की श्रेणी में आ गया। आए दिन मारपीट करना तो जैसे शौक बन चुका था। जिसमें इसके तीन से चार थानों में दर्जनों मुकदमें दर्ज़ हुए। लेकिन इस अपराधी को शरण देने में पुलिस और राजनेता सबसे आगे दिखे। जिसके चलते अजय ठाकुर ने अपने दर्जनों साथियों के साथ मिलकर खुद का गैंग बना लिया।आए दिन मारपीट, अपने से छोटे लड़को को अपना ग्राहक बनाना और अपने गैंग में शामिल कर अपराधी बनाना चालू कर दिया। स्कूली छात्रों को मारपीट कर पैसे लूट लेना आम बात हो चुकी थी। इस अपराधी की शिकायत करने से सब छात्र डरते थे। जिससे अजय को बढ़ावा मिलता गया और वह बड़ा अपराधी हो गया।



# एरोमा किट वितरण के साथ ही ट्रेनिंग किट के बारे में दी जानकारी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

विस्तार इकाई,सुगन्ध एवं सुरस विकास केन्द्र, फजलगंज में गुरुवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें में एरोमा किट के वितरण का हुआ। एरोमा किट वितरण समारोह में केंद्र के प्रभारी सहायक निदेशक डॉ. भक्ति विजय शुक्ला ने आये हुए सभी अतिथियों एवं मुख्य अतिथि सांसद सत्य देव पचौरी का स्वागत किया। कार्यक्रम में सुगंधी की 125 वर्ष पुरानी स्वीडिश कंपनी डीएसएम फिरमिरिच द्वारा प्रदत्त ट्रेनिंग किट के बारे में बतलाया गया। इस कंपनी द्वारा लगभग 17000/- मूल्य कि यह एरोमा किट प्रशिक्षकों को निशुल्क मुख्य अतिथि सांसद सत्य देव पचौरी द्वारा दी गई। इस अवसर पर सत्य देव पचौरी ने कहा कि पहले स्टार्टअप के रूप में देश मे कुछ गिनी चुनी कंपनी थी अब स्टार्टअप के रूप में लाखो कंपनी रजिस्टर्ड है और हो रही है। उन्होंने युवाओं से कहा कि अब हर क्षेत्र में युवाओं को आगे आना चाहिए। सभी प्रशिक्षुओ ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपने अनुभवों को बतलाया। कार्यक्रम में डॉ. नागेन्द्र सिंह, अरमान अग्रवाल ,डॉ. रविन्द्र नाथ सिंह, मृदुषि शुक्ला, तरुण चावला, पियूष चतुर्वेदी, लव गेरा, राम चन्द्र पाल, पार्षद डॉ. अखिलेश कुमार बाजपेयी, पूर्व पार्षद महेंद्र त्रिपाठी पुतू सीसामऊ बाजार व्यापार मंडल के महामंत्री राजेन्द्र गुप्ता, अनिल बाजपेयी भुल्लर गुंजन धर गुप्ता, सुखदेव सिंह गौतम,अंकित प्रजापति और त्रिलोकी नाथ सैनी मौजूद रहे।

# निदेशक प्रसार डॉ.आर. के. यादव ने किया औचक निरीक्षण



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर का गुरुवार को निदेशक प्रसार डॉ.आर. के. यादव ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न प्रदर्शन इकाइयों, जैसे किन्नो बगीचा, अमरूद का मातृ वृक्ष इकाई, अमरूद की सघन बागवानी, क्रॉप कैफेटेरिया, गृह वाटिका, वर्मी कंपोस्ट इकाई, मधुमक्खी पालन इकाई, ऐटिक, मछली यूनिट व मृदा परीक्षण प्रयोगशाला का निरीक्षण कर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने केंद्र के प्रक्षेत्र पर लगी सरसो की फसल देखकर अगली फसल के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया । डॉ.यादव ने कृषि विज्ञान केंद्र पर स्थिति पॉलीहाउस का निरीक्षण कर उसको अधिक क्रियाशील बनाए रखने के लिए संबंधित वैज्ञानिक एवं प्रभारी को निर्देशित किया। निदेशक प्रसार ने केंद्र की बिल्डिंग की साफ सफाई जांचने के साथ ही केंद्र के पुस्तकालय का संकलन देखने के साथ ही सभी वैज्ञानिकों से उनकी पुस्तकों को केंद्र कि लाइब्रेरी मे दान करने का भी सुझाव दिया। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग उनका लाभ ले सकें। निरीक्षण के दौरान निदेशक प्रसार ने सभी कृषि वैज्ञानिकों की प्रगति जांचते हुए, सभी स्टाफ को गुणवत्ता परख कार्य करने के लिए प्रेरित किया।



# शैक्षिक अनुसंधान के मौलिक तत्व विषयक पर हुआ व्याख्यान

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में गुरुवार को शैक्षिक अनुसंधान के मौलिक तत्व विषयक व्याख्यान हुआ। इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रो.अमिता बाजपेयी ने कहा कि शैक्षिक अनुसंधान में शीर्षक चयन का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने अनुसंधान का उद्देश्य, अनुसंधान प्रक्रिया को भली-भांति समझना और वास्तविक जीवन से समस्याओं के चयन पर बल दिया। उन्होंने प्रायोगिक अनुसंधान और उसके चरों पर चर्चा की और छात्रों को प्रायोगिक अनुसंधान की जानकारी प्रस्तुत की। विभागाध्यक्ष डॉ.रश्मि गोरे ने कहा कि शोध कार्य के दौरान साहित्य पुनरावलोकन शोधार्थियों की बहुत मदद करता है, इसके द्वारा ही चयनित शीर्षक पर काम करना आसान होता है।कार्यक्रम का संचालन डॉ रत्नार्तुः मिश्रा ने तथा डॉ.बद्री नारायण मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में विभाग के सभी शिक्षक, शोधार्थी व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# लव जिहादी के चंगुल से बजरंगियों ने किशोरी को छुड़ाया



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिहार से दिल्ली जाने वाली सीमांचल एक्सप्रेस में गुरूवार को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक नाबालिक युवती और उसके साथ उसके प्रेमी को ट्रेन से बरामद किया और कानपुर सेंट्रल पर जमकर हंगामा किया, बजरंगदल के नेता कृष्णा तिवारी का कहना है कि इंस्टाग्राम के द्वारा इस मुस्लिम युवक ने हिंदू नाबालिक लड़की जो कि बिहार के अररिया जिले की रहने वाली है उसको पहले फुसलाकर अपने साथ दिल्ली लेकर जा रहा था, जिसके बाद प्रयागराज मंडल के कार्यकर्ताओं के द्वारा उनको सूचित किया गया इस सूचना के आधार पर सीमांचल एक्सप्रेस से इन दोनों युवक और युवती को बरामद किया गया और कानपुर जीआरपी के हवाले कर दिया है, इस दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जमकर सेंट्रल स्टेशन पर नारेबाजी भी की ।

# 5-18 वर्ष तक के बच्चों को सिखाया प्रजना योग

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



आर्ट ऑफ़ लिविंग कानपुर के द्वारा ज्योति बधिर विद्यालय बिठूर और डफ्ड एंड डंब स्कूल साकेत नगर में, 28 फरवरी 2024 को प्रजना योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें 5 वर्ष से 18 वर्ष तक के बच्चों ने भाग लिया। इस कोर्स को सीखाने के लिए आर्ट ऑफ़ लिविंग की सीनियर टीचर श्रेया चुघ और रुक्मणी बेंगलुरु आश्रम से आयी। श्रेया चुघ और रुक्मणी ने बताया कि प्रजना योग केवल 5- 18 वर्ष तक के बच्चों को ही सिखाया जाता है। इस उम्र में बच्चों का मस्तिष्क अबोध एवं निर्मल होता है अतः सिखाई गायी प्रकिया को सहजता से अपने अन्दर उतार लेते हैं। निरन्तर अभ्यास करने से बच्चे अंर्तज्ञानी हो जाते हैं।जिससे उनकी स्मरण शक्ति एवं एकाग्रता बढती है और उनकी प्रतिभा का बहुमुखी विकास होता है। कुछ बच्चों ने आँख पर पट्टी बांध कर कार्यशाला में सिखाई गयी क्रियाओं का अदभुत प्रदर्शन किया। **श्रेया चुघ और रुकमणि** ने बताया, कि पुरे भारत और विश्वा के अनेक देशों में इस कोर्स का आयोजन किया गया है, जिससे बहुत से बच्चे लाभान्वित हुए हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के सह-संस्थापक रमेश चंद्र दीक्षित, प्रधानाचार्य रामदास पाल व प्रशासनिक अधिकारी रवीश,आशीष कुमार दीक्षित, प्रमुख रूप से मौजूद रहे। श्रीमती अर्चना निगम ने सांकेतिक भाषा के द्वारा विद्यालय बच्चों को उपरोक्त कार्यक्रम को संकेत द्वारा समझाया।

# हादसे में घायल हुई बच्ची को अस्पताल से निकालने पर आमादा है रीजेंसी

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह

**कानपुर नगर।** बीते दिनों बिल्हौर तहसील क्षेत्र में एक एक्सीडेंट की हृदय विदारक घटना घटित हुई थी जिसमें एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई थी बाकी बच्चे जिंदगी और मौत से कानपुर विभिन्न अस्पतालों में जूझ रहे हैं,जिंदगी और मौत से जूझते हुए एक बच्चे की और अस्पताल में मौत हो चुकी है। जबकि इन दिनों एक बच्ची रीजेंसी अस्पताल कानपुर में जिंदगी और मौत से जूझ रही है ना अभी ना बोल पा रही है और ना ही कुछ मुंह से खा पा रही है सिर्फ नलियों के सहारे ही आहार जाता है प्रशासन और रीजेंसी अस्पताल छुट्टी करने के लिए रोज दबाव बना रहा है जिससे मानसिक रूप से परिवारीजन परेशान हैं, ज्ञातव्य हो कि बीते 08 फरवरी को अरौल थाना क्षेत्र में जीपीआरडी एजुकेशन सेंटर के बच्चों से भरी मारुति वैन हादसे का शिकार हो गई। इसमें मौके पर छात्र यश तिवारी (13) पुत्र आलोक तिवारी की दर्दनाक मौत हुई और करीब चार दिन बाद इलाज के दौरान घायल निष्ठा दीक्षित (08) पुत्री देवेंद्र की सांस थम गई। हादसे का शोक अभी ताजा ही है और कुछ बच्चे अभी भी इलाज के दौरान जिंदगी और मौत से संघर्ष कर रहे हैं। इसमें गंभीर रूप से घायल कक्षा 8 की छात्रा समृद्धि द्विवेदी (14) पुत्र सुबोध निवासी आंकिन कानपुर के रिजेंसी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पिता सुबोध के मुताबिक करीब 20 दिन के इलाज में समृद्धि केवल आंखें खोल सकी है। उसकी आवाज़ सुनने को कान अब तक तरस रहे हैं। उसे कोई खास आराम नही मिली है और कोमा का संशय है। डॉक्टर्स के मुताबिक वह खतरे के बाहर तो है लेकिन वह अब भी नलियों के सहारे सांस सहित नित्य क्रिया कर रही है। इस बीच अस्पताल प्रबंधन पर घायल किशोरी को डिस्चार्ज करने का दबाव बनाने का आरोप है। इससे पिता परेशानी जताते हुए कहते हैं कि बेटी को घर ले जाना किसी अनहोनी की आशंका पैदा कर रहा है। बेटी की अवस्था ठीक होने पर वह भी उसे जल्दी घर ले जाना चाहते हैं। लेकिन अस्पताल प्रबंधन द्वारा अधूरे इलाज के बीच बेटी को डिस्चार्ज की बात से वह असंतुष्ट है। एसडीएम रश्मि लाम्बा को अवगत कराने पर वह डॉक्टर्स के मुताबिक चलने की बात कहती हैं। इधर, हादसे में संलिप्त वैन, लोडर और ट्रक चालक पर कार्रवाई के बाद सिलसिला थम गया। मामले की एफआईआर में आरोपित स्कूल प्रबंधक और प्रधानाचार्य के नाम तक जाहिर नहीं हुए। पुलिस, प्रशासन की उदासीनता के बाद अब अधूरे इलाज में अस्पताल प्रबंधन द्वारा बेटी समृद्धि को डिस्चार्ज करने की सूचना से ग्रामीणों में आक्रोश पैदा हो रहा है।



# इमरान के दो हत्यारों को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बीती 28 फ़रवरी को थाना रेलबाजार अन्तर्गत आर्य कन्या जूनियर हाईस्कूल के पास बाथम रोड रेलबाजार पर प्रातः 03.30 पर मो0 आफान एवं मो0 शोएब उर्फ सिजारो व अन्य द्वारा आपसी विवाद में इमरान पुत्र सुलेमान निवासी कुत्ते वाली गली की ईंट एवं राड से निर्मम हत्या कर दी गयी थी। जिसके बाद थाना रेल बाजार में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। इमरान की हत्या कर फरार हुए आरोपियों को गुरुवार को पुलिस टीम ने दबोच लिया, मुख्य मो0 शोएब उर्फ सिजारो वा शुभम जायसवाल को गिरफ्तार किया गया है , दोनों ने पूछताछ में बताया कि 28 फ़रवरी की रात आफ्फान तथा अंश सोनकर उर्फ आर्यन तथा मृतक मो0 इमरान आफ्फान की लाल रंग की हुन्डई कार नम्बर यूपी 78 एए1404 से सवार होकर सबसे पहले एक्सप्रेस रोड से दारू खरीदी और आफ्फान के पास रखी नेट्रावेड गोली खाकर दारू पी फिर उसके बाद नाला रोड़ फजलगंज के पास ढावा पर दारू पी गई।

# क्षेत्रीय अध्यक्ष ने क्षेत्रीय पदाधिकारियों, अभियान प्रमुखों के साथ की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




हर लोकसभा में एलईडी वैन, डिजिटल तथा सुझाव पेटी के माध्यम से आम जनता से अपने चुनावी घोषणा पत्र के लिए सुझाव इकट्ठे किये जायेंगे। एलईडी वैन प्रत्येक लोकसभा में प्रमुख स्थानों पर जाएगी और वहां पर जनता से पत्र के माध्यम से सुझाव भरवा कर जमा किए जाएंगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने केशव नगर स्थित भाजपा के क्षेत्रीय मुख्यालय में कल क्षेत्रीय पदाधिकारियों, विभिन्न अभियान प्रमुखों के साथ बैठक में समीक्षा करने के साथ-साथ उक्त बातें कहीं। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो घोषणा पत्र को संकल्प पत्र बोलती है और हमेशा हमने जो वायदे किये हैं जनता से, उनको पूरा किया है चाहें वो राम मंदिर निर्माण हो या आर्टिकल 370 को हटाना, ट्रिपल तलाक का मुद्दा हो या विकास कार्य। उन्होंने बताया कि लोकसभा में एलईडी वैन के अलावा भाजपा सभी जिलों एवं विधानसभाओं में संवाद कार्यक्रम करेगी तथा कोहॉर्ट ग्रुप के माध्यम से विभिन्न व्यावसायिक, वाणिज्यिक एवं अपने-अपने क्षेत्र में प्रमुख लोगों से घोषणा पत्र के लिए सुझाव एकत्रित करेगी। अपने सभी प्रकोष्ठों के माध्यम से भी विधानसभा और जिला स्तर पर कार्यक्रम और गोष्ठियां होगी। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि भाजपा घर-घर जनसंपर्क कर रही है। इसमें भी नमो ऐप के माध्यम से सुझाव लिए जाएंगे। पार्टी ने इसके लिए डिजिटल माध्यम का भी प्रयोग करना सुनिश्चित किया है। कोई भी व्यक्ति 9090902024 नंबर पर कॉल करके अपने सुझाव रिकॉर्ड करके भी सीधे पार्टी को भेज सकता है। विभिन्न प्रमुख स्थानों जैसे बाज़ार, बस्ती, साप्ताहिक बाज़ार, मंडी, भाजपा जिला कार्यालय, लोकसभा कार्यालय, कचहरी, कॉलेज आदि जैसे भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर सुझाव पेटिकाएँ लगाई जाएंगी। मार्च प्रथम सप्ताह से कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र में इस अभियान शुभारंभ होगा। 6 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाइव संवाद करेंगे। नारी शक्ति वंदन अभियान के इस लाइव संवाद को पार्टी के लोग चयनित स्थानों पर जनता के साथ लाइव देखेंगे सुनेंगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने बूथ चलो- बूथ जीतो, गांव चलो अभियान, दीवार लेखन अभियान, विस्तारक योजना, नमो एप, युवा चौपाल, नारी शक्ति वंदन, प्रकोष्ठों के क्षेत्रीय सम्मेलन कार्यक्रमों की समीक्षा भी की गई।

# सुरेश मांझी की मौत के मामले में जॉच करने पहुंची मानवाधिकार की टीम

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के थाना नौबस्ता इलाके के मछरिया निवासी सुरेश मांझी को काम दिलाने के नाम पर आंखों में केमिकल डालकर अंधा कर दिया गया था जिनको उपचार के लिए कानपुर के काशीराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था, काशीराम संयुक्त चिकित्सालय एवं ट्रामा सेंटर में डॉक्टरों की लापरवाही के चलते सुरेश मांझी की मौत हो गई थी जिसको लेकर मीडिया में खबर काफी वायरल हुई थी, इस मामले में गुरूवार को काशीराम संयुक्त चिकित्सालय ट्रामा सेंटर में मानवाधिकार की एक टीम के सदस्य ईशान सिंह नरेंद्र ओझा जांच करने आए थे और सुरेश मांझी के हुए इलाज के दस्तावेजों की जांच कर लिखा पढ़ी को चेक किया, फिलहाल जांच करने आई मानवाधिकार की टीम ने कैमरे के सामने कुछ भी बताने से मना करते हुए केवल इतना ही बताया है कि सुरेश मांझी के इलाज में बरती लापरवाही की जांच करने के लिए आए थे जांच अभी चल रही है।

# तंबाकू कंपनी के ठिकानों पर आयकर विभाग की बड़ी कार्रवाई

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

आयकर विभाग ने एक तंबाकू कं के ठिकानों पर रेड मारी है. इसके साथ ही आयकर विभाग की एक टीम कंपनी मालिक के दिल्ली स्थित आवास पर भी छापेमारी कर रही है,पांच राज्यों में कंपनी से जुड़े ठिकानों और लोगों पर इनकम टैक्स की कार्रवाई जा रही है,सूत्रों की मानें तो आयकर विभाग की 15 से 20 टीमें गुजरात में अहमदाबाद, उत्तर प्रदेश में कानपुर, आंध्र प्रदेश और दिल्ली में छापेमारी कर रही हैं. यूपी के कानपुर में आयकर विभाग ने एक तंबाकू कंपनी के ठिकानों पर रेड मारी है. इसके साथ ही आयकर विभाग की टीम कंपनी मालिक के दिल्ली स्थित आवास पर भी छापेमारी कर रही है. टीम कंपनी और उसके मालिक की असेट्स और आयकर का मिलान कर रही है, मौके से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और लैपटॉप बरामद किया गया है. बताते चलें कि गुरुवार को आयकर विभाग की टीम ने कानपुर स्थित बंशीधर तंबाकू प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के ठिकानों पर रेड मारी है सूत्रों के मुताबिक, कंपनी ने अपना टर्नओवर 20 से 25 करोड़ दिखाया है, लेकिन असल में यह टर्नओवर लगभग 100-150 करोड़ के आसपास है।

# बदमाशों ने पेट्रोल पंप से लूटे 2.14 लाख

**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**



लूट की वारदातें पुलिस के लिए चुनौती बन गई हैं। लखनऊ-बलिया हाइवे पर देर रात पेट्रोल पंप पर बाइक सवार 3 नकाबपोश बदमाशों ने असलहों के बल पर सवा दो लाख रुपए लूटा और फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही जयसिंहपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल किया और सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर कब्जे में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार केएनआई के सेवानिवृत प्राचार्य सुशील सिंह के बेटे दिव्यांशु सिंह निवासी गोमतीनगर, कोतवाली नगर की जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-बलिया हाइवे पर राघवपुर शुक्ल के पास स्थित रॉयल पेट्रोलियम के नाम से पेट्रोल पंप है। बुधवार रात पेट्रोल पंप के मैनेजर शिवराम पाल निवासी महमूदपुर जंगल थाना मोतिगरपुर अपने 3 अन्य कर्मियों के साथ पेट्रोल पंप पर मौजूद थे। उन्होंने बताया कि रात करीब 10 बजे पेट्रोल पंप बंदकर के वह कार्यालय के बगल के कमरे में खाना खाने गए थे। तीनों कर्मी ऑफिस में ही मौजूद थे। इसी बीच बिना नंबर प्लेट की एक काले रंग की पल्सर बाइक से पहुंचे 3 नकाबपोश बदमाश पंप पर पहुंचे। एक बदमाश बाइक चालू हालत में रखकर खड़ा था, जबकि दो नकाबपोश बदमाश ऑफिस में घुस आए। जब तक कोई कुछ समझ पाता दोनों बदमाशों ने तमंचे के बल पर 2.14 लाख रुपए लूट लिए और बाइक पर सवार होकर तेजी से कादीपुर की ओर भाग निकले। मैनेजर शिवराम पाल ने बताया कि सबसे पहले हमने घटना की सूचना मालिक को दी। मालिक के कहने पर पुलिस को सूचना दी। सूचना के कुछ ही देर में पहुंची पुलिस पूछताछ के बाद अपने साथ सीसीटीवी की डीवीआर मशीन जांच के लिए ले गई है। वहीं गुरुवार दोपहर 11 बजे के करीब प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र वर्मा के साथ जिले की स्वॉट टीम ने भी घटना को लेकर मैनेजर से ऑफिस के कमरे में पूछताछ की। पूछताछ के बाद टीम मोतिगरपुर की तरफ निकल गई। पुलिस नकाबपोश बदमाशों की पहचान के लिए बाजारों में लगे कैमरों के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच कर रही है। पेट्रोल पंप संचालक दिव्यांशु सिंह घटना को लेकर कुछ बोलने को तैयार नहीं है। वही जयसिंहपुर कोतवाली प्रभारी प्रेमचंद सिंह ने बताया कि लूट की घटना संदिग्ध लग रही है। मामला मारपीट का है। सीसीटीवी के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# जिले में 17 लाख 95 हजार लोग खा चुके हैं फाइलेरिया रोधी दवा

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**

फाइलेरिया रोधी दवा स्वास्थ्य टीम के सामने ही खानी है। साथ ही यह भी ध्यान रखना है कि यह दवा किसी को भी खाली पेट न खिलाई जाए। यह दवा दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती और गंभीर रूप से बीमार को छोड़कर सभी को खानी है। यह कहना है मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अंशुमान सिंह का।

सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह ने गुरुवार को एक बैठक के बाद बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए चलने वाला सर्वजन दवा सेवन अभियान की प्रगति काफी अच्छी है। पांच मार्च तक चलने वाले इस अभियान में 2216041 लोगों की लक्षित आबादी के सापेक्ष 1795443 लोगों यानि 81 प्रतिशत आबादी ने दवा का सेवन कर लिया है।अभियान को सफल बनाने के लिए 3566 स्वास्थ्यकर्मी 1783 टीम और 304 पर्यवेक्षक अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं।

सीएमओ ने बताया कि फाइलेरिया संक्रमित शरीर में कुछ प्रभाव देखने को मिलते हैं। जैसे सिरदर्द, मतली व चक्कर जैसी दिक्कत फाइलेरिया रोकथाम दवाएं खाने के बाद के सकारात्मक संकेत हैं। यह संकेत बताते हैं कि दवा असरदार है। और माइक्रो फाइलेरिया को नष्ट कर रही है। जैसे कि टीकाकरण में हम बुखार के लक्षणों को एंटीबॉडी के आक्रमण होने के लक्षण के रूप मे देखते हैं। फाइलेरिया के मामले में भी ऐसा होता है। इन प्रभावों से घबराने की आवश्यकता नहीं है।बल्कि खुश होना चाहिए कि आप करीब पंद्रह वर्ष बाद पता चलने वाली एक घातक बीमारी से मुक्त हो रहे हैं। यह प्रभाव सिर्फ कुछ देर में स्वतः समाप्त हो जाते हैं।

### परिवार को भी दुर्बल बनाती है फाइलेरिया

जिला मलेरिया अधिकारी शेषधर द्विवेदी ने बताया कि करीब 15 वर्ष बाद पता



चलने वाली फाइलेरिया बीमारी व्यक्ति के साथ परिवार को भी दुर्बल बनाती है ।यह बीमारी अगर परिवार के ऐसे व्यक्ति को हो जाए जिसकी आमदनी पर पूरा परिवार पल रहा है ।और आय का कोई अतिरिक्त स्रोत नहीं है तो धीरे-धीरे पूरा परिवार का दुर्बल हो जाना स्वाभाविक है ।ध्यान नहीं देने पर यह बीमारी पहले और फिर चौथे चरण पहुंचकर पूर्ण रूप से विकलांग बना देती है ।इस अवस्था में व्यक्ति को कई और बीमारियां होने लगती हैं। दुनिया में विकलांगता पैदा करने में फाइलेरिया बीमारी दूसरे नंबर पर है।

# पुलिस की हीलाहवाली के चलते हत्यारोपी गिरफ्त से बाहर, कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**



अक्टूबर माह में जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के करिया बझना का विकास कुमार ऑनर किलिंग का शिकार हुआ। परिजनों ने कोतवाली में हत्या की नामजद तहरीर दी लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। अधिकारियों के चक्कर लगाए तो उन्होंने भी सुनवाई नहीं की। अंत में जनवरी माह में कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज हुई। पीड़ित परिवार का आरोप है कि आरोपियों से पांच लाख रुपए लेकर पुलिस उन्हें बचाने में जुटी है।

जयसिंहपुर कोतवाली अंतर्गत करिया बझना निवासी अजय कुमार के पुत्र विकास (22वर्ष) का शव गांव के हरिहरताला तालाब में 27 अक्टूबर 2023 को मिली थी। परिवार वालों का आरोप है कि विकास को बुरी तरह मारकर उसकी हत्या की गई और शव तालाब में फेका गया। इस प्रकरण में मृतक के पिता अजय ने जयसिंहपुर कोतवाली में नामजद तहरीर दी लेकिन मुकदमा पंजीकृत नहीं हुआ। यही नहीं अजय ने एसपी-डीएम सबके दरवाजे पर जाकर न्याय मांगा लेकिन जब कही सुनवाई नहीं हुई। लेकिन जब हर जगह से मायूसी हाथ लगी तो अंत में वो कोर्ट गया। जहां कोर्ट के आदेश पर 26 जनवरी को राकेश वर्मा निवासी अकोढ़ी थाना गोसाईगंज, विकास पुत्र सुखदेव और मृतक की प्रेमिका के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज हुआ। केस दर्ज हुए पूरे एक माह बीत गए हैं लेकिन आजतक नामजद आरोपियों को जयसिंहपुर पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी। ऐसे में गुरुवार को अजय परिवार वालों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित जनता दरबार में पहुंचे और शिकायती पत्र अधिकारियों को देकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। बताया जा रहा है कि मृतक की गांव की ही एक लड़की से आरोपी विकास और राकेश का पहले प्रेम प्रसंग था। इन दोनों से संबंध तोड़कर लड़की का प्रेम प्रसंग मृतक से हो गया। ये बात विकास और राकेश को नागवार गुजरी और दोनों ने लड़की पर दबाव बनाया। अंत में लड़की और उसके पूर्व के दोनों आशिकों ने षडयंत्र के साथ मृतक विकास की हत्या कर डाला। इस मामले में मृतक की दादी ने पुलिस पर पांच लाख रुपए लेकर आरोपियों को बचाने का आरोप लगाया है।

परिवार का कहना है कि फिर से पीएम कराकर और आरोपियों के मोबाइल का सीडीआर निकालकर हत्या का खुलासा किया जा सकता है।

# सर्वाइकल कैंसर विषय पर आयोजित हुआ विशेष जागरूकता शिविर




**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार व तरुण सक्सेना, जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के दिशा निर्देशन व अपर जिला जज /सचिव उमाशंकर कहार के मार्गदर्शन में सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरुकता हेतु विशेष शिविर का आयोजन बालक-बालिका आश्रय गृह चक धौरहरा रायबरेली में आवासित बालिकाओं के मध्य किया गया। इस आयोजित शिविर में अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमाशंकर कहार के द्वारा सर्वाइकल कैंसर के सम्बन्ध में शिविर में उपस्थित बालिकाओं को जानकारी प्रदान की गयी। शिविर में डा0 अम्बर अजीम के द्वारा बताया गया कि सर्वाइकल कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसमें शरीर में कोशिकाएं नियंत्रण से बाहर हो जाती हैं। कैंसर का नाम हमेशा शरीर के उस हिस्से के नाम पर रखा जाता है जहां यह शुरू होता है, भले ही यह बाद में शरीर के अन्य हिस्सों में फैल जाए। गर्भाशय ग्रीवा योनि (जन्म नलिका) को गर्भाशय के ऊपरी भाग से जोड़ती है। इस विशेष जागरुकता शिविर में गाँधी सेवा निकेतन के प्रबन्धक अरुण मिश्रा, पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव व पराविधिक स्वयं सेवक सौम्या मिश्रा उपस्थित रहे।

# सिपाही पर हमला मामले में 5 नामजद समेत अज्ञात पर मुकदमा दर्ज, एक आरोपी भेजा गया जेल

**जन एक्सप्रेस | सुलतानपुर**

जिला पंचायत में गारद पर ड्यूटी देने वाले सिपाही पवन कुमार पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस सख्त हुई है। एससी/एसटी, जानलेवा हमले समेत कुल नौ धाराओं में पांच नामजद समेत अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने घटना के समय ही एक हमलावर को हिरासत में लिया था, जिसे आज जेल भेजा गया है। घटना कोतवाली नगर के जिला पंचायत परिसर की है। यहां सांसद मेनका गांधी का कार्यालय है। कोतवाली नगर में तैनात सिपाही पवन कुमार बुधवार रात जीप से यहां पहुंचे थे। थोड़े समय बाद जब वे गाड़ी लेकर आगे बढ़े तो सात-आठ लोग परिसर के अंदर बीच सड़क पर खड़े शराब पी रहे थे। सिपाही पवन ने गाड़ी का हॉर्न दिया तो नशेड़ी आगे बढ़े और गाड़ी का गेट खोलकर सिपाही पर हमला बोल दिया। सिपाही का आरोप की नशेड़ी अराजकतत्वों ने ईट-पत्थर से हमला बोला। हालांकि सिपाही पवन ने बहादुरी दिखाते हुए एक हमलावर अमरनाथ यादव निवासी केएनआई को पकड़ लिया था। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने आज जेल भेजा है। सिपाही की तहरीर पर गौतम सिंह, महेंद्र सिंह, जीतू यादव, विष्णु सिंह व अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। सीओ सिटी शिवम मिश्रा ने बताया कि केस दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

# बुद्धि का विकास शिक्षा से ही सम्भव: डा0 वीरेन्द्र श्रीवास्तव

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** सुद्धो बेगम पब्लिक स्कूल अम्बेडकर नगर रायबरेली का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम बड़े ही उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षाविद् डा0 वीरेन्द्र कुमाार श्रीवास्तव एवं विशिष्ट उपस्थित के रूप में नगर पालिका परिषद रायबरेली के चेयरमैन शत्रोहन सोनकर उपस्थित रहे। अतिथियों के रूप में पूर्व ब्लाक प्रमुख कौशलेन्द्र सिंह, प्रान्तीय कांग्रेस नेता सुशील पासी, सभासद सविस्ता ब्रजेश, सी.बी. मिश्र 'मटियारी', सईदुल हसन, राजकुमार दीक्षित, धीरज श्रीवास्तव शहर अध्यक्ष, राजा घोसी, मुन्ना घोसी, हाफिज मु0 मोबीन, मुश्ताक उपस्थित रहे। आए हुए अतिथियों का आभार विद्यालय के प्रबन्धक हाजी मो0 उस्मान एवं आभार ज्ञापन हरिकेश बहादुर सिंह एवं प्रधानाचार्य शबनम बानो द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री श्रीवास्तव ने विद्यालय आयोजकों को कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है, जिससे मनुष्य में ज्ञान का प्रसार होता है। इंसान की बुद्धि का विकास शिक्षा अर्जित करने से ही होता है। विशिष्टि अतिथि पालिकाध्यक्ष श्री सोनकर ने कहा कि आज के समाज में शिक्षा का महत्व काफी बढ़ चुका है। शिक्षा के उपयोग तो अनेक हैं, परन्तु उसे नई दिशा देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र/छात्रायें आंचल, पायल, अंजली, रीना, हितांशी, दिशा, सायदा, प्राची, रिजबा, वंश गुप्ता, सुमन्त, वेदिका, साक्षिका, तैय्यबा, दिव्यांशु भूमि, रागिनी सहित महताब आलम आदि लोग उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार के बी.के. श्रीवास्तव, श्रीमती लीला, रामबाबू, अन्तिम मौर्य, कु0 शिवानी आदि लोग उपस्थित रहे।

# आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में प्रवेश हेतु विभिन्न खेलों की प्रतियोगिता व केन्द्रीय प्रशिक्षण शिविर

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**

जिला क्रीड़ाधिकारी आनन्द बिहारी श्रीवास्तव ने बताया कि बालक, बालिकाओं के आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में प्रवेश हेतु विभिन्न खेलों के जिला, मण्डल, राज्य स्तरीय चयन व ट्रायल्स का आयोजन निर्धारित किया गया है। जिसमें खेलों के चयन, ट्रायल्स डॉ.भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम अमेठी में निर्धारित तिथियों में प्रातःदस बजे से किया जायेगा। उन्होंने बताया कि आयु के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को विद्यालय द्वारा प्रदत्त जन्मतिथि प्रमाण पत्र जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी या जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होना चाहिए। यदि किसी कारणवश चयन, ट्रायल्स के समय जन्मतिथि सक्षम अधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित करवाना सम्भव न हो तो विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा प्रदत्त जन्मतिथि प्रमाण पत्र एवं अभ्यर्थी के माता-पिता द्वारा जन्मतिथि के सम्बन्ध में नोटरी शपथ पत्र देना होगा। तथा चयन के बाद छात्रावास में प्रवेश के समय अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित टीसी लाना अनिवार्य होगा।

उन्होंने बताया कि आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी को खेल साथी पोर्टल पर लॉगिन कर आन लाइन आवेदन करना होगा।एवं पूर्ण रूप से आवेदन प्रपत्रों को भरकर डैशबोर्ड पर उपलब्ध माध्यम से निर्धारित शुल्क को बैंक अथवा कोषागार में जमा किया जायेगा।

जिला,मण्डल स्तरीय चयन में खिलाड़ियों को अपने स्वयं के खर्चे पर जिला,मण्डल स्तर पर चयन में प्रतिभाग करना होगा।

उन्होंने बताया कि विभिन्न खेल प्रतियोगिता के तहत बालक बालिका वर्ग में जिम्नास्टिक, तैराकी, कुश्ती, हॉकी, वालीबाल, बैडमिन्टन, टेबुल-टेनिस, कबड्डी, बास्केट बाल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स व हैण्डबाल तथा बालक वर्ग में फुटबाल, क्रिकेट, बाक्सिंग व जूडो खेलों हेतु जिला स्तर चयन, ट्रायल्स पांच से सात मार्च, मण्डल स्तर आठ से दस मार्च, राज्य स्तर तेरह से उन्नीस मार्च में आयु वर्ग बारह व पन्द्रह के अभ्यर्थियों द्वारा आगरा, मेरठ गोरखपुर, झांसी, लखनऊ, बरेली, प्रयागराज, अयोध्या, कानपुर, आजमगढ़ सोनभद्र व सहारनपुर में प्रतिभाग किया जायेगा।

# अयोध्या दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं की स्कार्पियो पलटी, दो गम्भीर

**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**



पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर अयोध्या दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं की स्कार्पियो पलट गई। वाहन पर सवार पांच श्रद्दालुओं में दो को गंभीर चोटे आई हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी श्रद्दालु बिहार प्रांत के रहने वाले हैं।

बिहार के जिला आरा के थाना भोजपुर अंतर्गत तेंदूनी जगदीशपुर के रहने वाले पांच श्रद्दालु स्कार्पियो गाड़ी से अयोध्या दर्शन के लिए जा रहे थे। स्कार्पियो जैसे ही जयसिंहपुर कोतवाली अंतर्गत किमी 130-700 त्* पर पहुंची कि चालक को नींद आ गई। ऐसे में स्कार्पियो पलट गई। इस पर बैठे सभी पांचों श्रद्दालु चीखने चिल्लाने लगे। उधर से गुजर रहे वाहन चालक ने आवाज सुनकर यूपीडा को सूचित किया। सूचना पर पहुंची यूपीडा टीम ने राहत और बचाव शुरू किया। क्रेन बुलवाकर जहां स्कार्पियो को बाहर निकलवाया वही घायलों को गाड़ी से बाहर निकलवाया। गंभीर रूप से घायल दो श्रद्दालुओं को एंबुलेंस से अस्पताल भेजवाया है। श्रद्धालुओं की पहचान प्रतीक उम्र 25 वर्ष पुत्र वीरेंद्र कुमार, विशाल राज उम्र 19 वर्ष पुत्र मुक्तेश्वर कुमार, राजेश कुमार उम्र 17 वर्ष पुत्र राजेंद्र सिंह, सोनू कुमार उम्र 22 वर्ष पुत्र रविंद्र कुमार के रूप में हुई है। गाड़ी आशुतोष कुमार उम्र 28 वर्ष पुत्र स्वर्गीय कृष्ण कुमार चला रहा था। बताया जा रहा है कि प्रतीक व विशाल राज को काफी चोटे आई हैं।

# बेसिक शिक्षा में अध्यापकों की मेहनत से बदल रही सूरत: बीडीओ खीरों

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**



बेसिक शिक्षा और बाल विकास विभाग के बीच में बेहतर तालमेल बनाने के उद्देश्य से खीरों बीआरसी में %हमारा आंगन हमारे बच्चे%कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि खीरों बीडीओ मैम श्रीमती अंजु रानी वर्मा रही। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इसके बाद में प्राथमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। बीईओ खीरों श्री मुकेश कुमार और बीडीओ मैम का स्वागत ब्लॉक की शिक्षिका सविता देवी,सीमा सिंह,मनीषा कनौजिया,साइमा,मधु जायसवाल,प्रीति यादव, प्रियंका यादव ने बैज अलंकरण कर वंदन अभिनंदन किया।

कार्यक्रमों की श्रृंखला में पीएस और यूपीएस, पीएस पूरे चौधराइन,यूपीएस अजीतपुर, के छोटे-छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। वहीं शिक्षिकाएं दीपिका पांडे,ज्योति तिवारी और प्रीति शुक्ला की तरफ से गीत प्रस्तुत किया। यूपीएस अजीतपुर के बच्चों ने **दिल है हिंदुस्तानी** गीत पर नृत्य प्रस्तुत करके लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में टीएलएम स्टाल मनोज गुप्ता, रोहित कुमार चौधरी, राजेश सिंह यादव के द्वारा लगाया गया।

निपुण भारत मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत विद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों व संकुल स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले नोडल शिक्षकों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा ब्लॉक में प्राथमिक विद्यालय के निपुण हुए बच्चों का मुख्य अतिथि एवं खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार के द्वारा निपुण विद्यालयों के दो दो बच्चों को स्टेशनरी किट एवं उनके प्रधानाध्यापक को प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्द्धन किया गया। इस मौके पर शिक्षिका, कामिनी मधु जायसवाल, प्रियंका यादव, प्रीति शुक्ला, ज्योति तिवारी की तरफ से बनाई गई रंगोली की मुख्य अतिथि ने भी खूब तारीफ की।

मुख्य अतिथि बीडीओ ने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों की मेहनत अब बेसिक शिक्षा विभाग की सूरत बदल रही है। उन्होंने कहा कि आज बच्चों ने जिस तरह के कार्यक्रम प्रस्तुत किए हैं, वे काबिले तारीफ हैं। उन्होंने कहा कि हमें शिक्षा के साथ ही साथ बच्चों को ऐसे ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों और खेलों में आगे बढ़ानाा है।

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के आगमन की तैयारियों की समीक्षा जिलाधिकारी ने की

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जनपद में मंत्री सड़क परिवहन और राजमार्ग भारत सरकार नितिन गडकरी के आगमन की तैयारियों के संबंध में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के साथ कार्यक्रम स्थल जीआईसी ग्राउंड पर समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी तैयारियां अभी से पूरी कर ली जाए जिस भी अधिकारी की ड्यूटी कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई है वह कार्यक्रम स्थल पर समय से उपस्थित हो जायेंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए डीएम ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें मौके पर उपस्थित रहेंगीं। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था को मुस्तैद रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल जीआईसी ग्राउंड और हेलीपैड वाले स्थान पुलिस ग्राउंड पर कड़ी सुरक्षा रखी जाए। साथ ही उसे दिन ट्रैफिक को भी कंट्रोल किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, अपर जिलाधिकारी (प्रशा), नगर मजिस्ट्रेट के अतिरिक्त सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कक्षाओं में प्रवेश के लिए इच्छुक छात्र-छात्राएं 15 मार्च तक करें आवेदन

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ0 वैभव त्रिपाठी ने बताया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा जनपद में संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय शेषपुर समोधा बछरावां, मोहम्मदाबाद सलोन एवं बालिका विद्यालय रैन बछरावां में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 6, 7, 8 एवं 9 में रिक्त स्थानों पर नियमानुसार आरक्षण व्यवस्था के अन्तर्गत जनपद स्तरीय प्रवेश परीक्षा के आधार पर प्रवेश लिया जायेगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने कहा कि जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय सलोन (बालक) कक्षा 06 में 70, कक्षा 07 में 20, कक्षा 08 में 09 एवं कक्षा 09 में 13 पद रिक्त है। जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, शेषपुर समोधा बछरावां (बालक) कक्षा 06 में 70, कक्षा 07 में 14, कक्षा-8 में 25 एवं कक्षा 9 में 28 पद रिक्त है। जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय रैन, बछरावां में (बालिका) कक्षा 6 में 70, कक्षा-7 में 19, कक्षा-8 में 16 एवं कक्षा-9 में 19 पद रिक्त है। प्रवेश परीक्षा हेतु इच्छुक छात्र छात्राएं/अभिभावक या संरक्षक आवेदन-पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 15 मार्च 2024 तक आवेदन पत्र संबंधित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों अथवा जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में निःशुल्क प्राप्त एवं जमा कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा से संबंधित अन्य जानकारी विद्यालय एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

# फायर स्टेशन का सीएम ने किया लोकार्पण, 8.77 करोड़ रूपये की लागत से बनकर हुआ तैयार

**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**




कादीपुर में सांसद मेनका गांधी व क्षेत्रीय विधायक राजेश गौतम का प्रयास रंग ले आया। 8.77 करोड़ रुपए लागत से बने फायर स्टेशन का सीएम योगी ने गुरुवार को लोकार्पण किया। इससे विधानसभा क्षेत्र के लगभग 350 से ऊपर गांवों को लाभ मिलेगा।

कादीपुर तहसील मुख्यालय चांदा रोड स्थित नवनिर्मित अग्नि शमन केंद्र का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकार्पण कर कादीपुर के विकास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। सुलतानपुर मुख्य अग्निशमन अधिकारी संजय कुमार शर्मा ने बताया कि आठ करोड़ 77 लाख की लागत से बने इस अग्निशमन केंद्र का शिलान्यास 28 जुलाई 2019 को सांसद मेनका गांधी एवं विधायक राजेश गौतम ने संयुक्त रूप से किया था। लगभग 4 वर्ष 7 माह की अवध में बनकर तैयार हुए इस अग्निशमन केंद्र का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से प्रदेश के अन्य 24 अग्निशमन केंद्रों के साथ किया। इस अग्निशमन केंद्र में कुल 24 सामान्य आवास, दो अधिकारी आवास और एक प्रशासनिक भवन तथा गैरेज का निर्माण किया गया है। अग्निशमन केंद्र पर चालक सहित कुल 12 कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है। अग्निशमन केंद्र को 2500 लीटर पानी की क्षमता वाला एक फायर टैंकर व एक 400 लीटर क्षमता वाला हाई प्रेशर वाहन एवं अग्नि समक यंत्रों की सुविधा प्रदान की गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राजेश गौतम ने शिलापट का अनावरण कर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कई सालों से मांग थी, क्योंकि मुख्यालय सुल्तानपुर से हमारी विधानसभा दूरस्थ थी। कही आग लग जाती थी, जैसे करौंदीकला अखंडनगर में तो वहां से अग्नि शमन की गाड़ी जब तक पहुंचती तब तक कई बीघा फसल नष्ट हो जाती थी। मैने मुख्यमंत्री से बोला था, 2018 में पॉलिटेक्निक की घोषणा की तो इसकी घोषणा की थी। आज वो सपना पूरा हो गया।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष कादीपुर आनंद जायसवाल, पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा, उप जिलाधिकारी शिवप्रसाद, क्षेत्राधिकारी विनय गौतम, प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, जयराज मिश्र आशीष राकेश वर्मा मिलन सरोज रणजीत सिंह यशवंत सिंह यादव विकास यादव रत्नेश सिंह राम तीरथ राम आधार पटेल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 28°C | 14°C |
| कानपुर | 28°C | 13°C |
| देहरादून | 22°C | 10°C |
| नई दिल्ली | 25°C | 12°C |

# लखनऊ पुलिस कमिश्नर साहब! आखिर कौन है असली अयोध्या प्रसाद?

## एक 66 वर्षीय तो एक 24 वर्षीय, शाइन सिटी का 'गैंग ऑफ ठग्स' आखिर कब तक डालेगा सच्चाई पर पर्दा?

- मिलते नाम का फायदा उठाकर ठगों ने किसान को फसाया, जांच करने पुलिस अबतक नहीं पहुंची बैंक
- नगराम पुलिस के ढुलमुल रवैए से धूमिल हो रही लखनऊ पुलिस की छवि

जन एक्सप्रेस । विश्वामित्र पांडेय

**लखनऊ।** राजधानी में रियल एस्टेट कंपनी साइंन सिटी के बिचौड़ियों चमनलाल, मिश्रीलाल व अचली खेड़ा ग्राम पंचायत के कथित ठेकेदारों द्वारा किसानों से की गई धांधली और रिटायर्ड आईएएस अधिकारी डा0 अशोक चंद्रा द्वारा नगराम थाने में किसानों पर दर्ज कराई गई एफआईआर में एक नई बात सामने आई है। नगराम थाने में किसान अयोध्या प्रसाद पुत्र केशन निवासी अचली खेड़ा का नाम भी शामिल है। मु अ संख्या 277/2023 में उस अयोध्या प्रसाद का जिक्र किया गया है जिसके खाते में डा0 अशोक चंद्रा द्वारा जमीन खरीदने के लिए रुपयों का लेनदेन किया गया है। गोपनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिस अयोध्या प्रसाद को ढूढने के लिए लखनऊ पुलिस दिन रात के कर रही है उसके खाते में फूटी कौड़ी भी नहीं आई, जबकि डा अशोक चंद्रा द्वारा किसान रंजीत कुमार के खाते में भेजी गई रकम अयोध्या प्रसाद नाम के 24 वर्षीय युवक के बैंक खाते में गई है। जानकारों की मानें तो जालसाजों द्वारा किसानों को विश्वास में लेकर पूरी योजना के साथ फसाया गया है। स्थानीय पुलिस अभी भी 24 वर्षीय अयोध्या प्रसाद को नही ढूंढ पाई।







### पुलिस ढूंढ़ रही 66 वर्षीय अयोध्या प्रसाद को जबकि घटना में शामिल है 24 वर्षीय अयोध्या प्रसाद...!

पूर्व में पुलिस अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार नगराम पुलिस किसान अयोध्या प्रसाद को लगातार ढूंढ रही है, जबकि जिस अयोध्या प्रसाद के खाते में डा0 अशोक चंद्रा द्वारा रुपयों का लेनदेन किया गया वह कोई और है। पुलिस की जांच में अबतक किसी भी ऐसी बात का खुलासा होता नजर नहीं आ रहा जिससे यह माना जा सके कि नगराम पुलिस की जांच सही दिशा में चल रही है, बल्कि किसान अयोध्या प्रसाद अपनी बेगुनाही का सबूत लिए दर दर की ठोकर खाने को मजबूर है।

### बड़ा सवाल!

- डॉ. अशोक चंद्रा के पास कहां से आया 96 लाख?
- आखिर कहां छिपा है फर्जी अयोध्या प्रसाद, किसने बनाए फर्जी आधार?
- आखिर किसने बनाया नकली अयोध्या प्रसाद और कौन है नकली अयोध्या प्रसाद?

### मामले में स्थानीय पुलिस ने मीडिया से बनाई दूरी, पीड़ित को बना दिया आरोपी

उक्त मामले में नगराम पुलिस से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। फिलहाल अखबारों की सुर्खियां बनने के बाद नगराम पुलिस इस मामले को लेकर मीडिया से दूरी बनाने का प्रयास करती नजर आई। थाना प्रभारी नगराम सहित मामले के जांच कर रहे अधिकारी भी निरुत्तर से नजर आए। जिस किसान अयोध्या प्रसाद के साथ धोखाधड़ी हुई उसी पर मुकदमा दर्ज करना और बैंक खातों की जांच करने के बजाय किसानों के परिवार को परेशान करना पुलिसिया जांच पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है।

# इम्का यूपी प्रदेश अध्यक्ष मणेन्द्र मिश्रा आईआईएमसी दिल्ली में सम्मानित




जन एक्सप्रेस । लखनऊ

वर्ष 2023 - 24 में सक्रिय गतिविधियों एवं मानवीय पहल के लिए आईआईएमसी एलुमनी एसोसियेशन यूपी प्रदेश अध्यक्ष मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल' को दिल्ली जेएनयू परिसर स्थित भारतीय जन संचार संस्थान कैंपस में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें कनेक्टिंग चैप्टर ऑफ द ईयर उत्तर प्रदेश इम्का का प्रतीक चिन्ह, अंग वस्त्र, और सम्मान पत्र प्रदान किया गया। मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल' वर्तमान में आईआईएमसी एलुमनी एसोसियेशन के नॉर्थ जोन के प्रभारी भी हैं। नॉर्थ जोन में उत्तर प्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, हिमांचल प्रदेश, चंडीगढ़, जम्मू कश्मीर और लद्दाख शामिल हैं। सिद्धार्थनगर के शोहरतगढ़ स्थित पलिया निधि गांव निवासी मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल उत्तर प्रदेश के सर्वोच्च सम्मान यश भारती से सम्मानित हो चुके हैं। मौजूदा समय में समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर सक्रिय हैं। आईआईएमसी नई दिल्ली में आयोजित कनेक्शन 2024 12वें वार्षिक एलुमनी मीट में उपस्थित संस्थान से प्रशिक्षित होकर निकले छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मणेन्द्र मिश्रा **मशाल** ने कहा कि भारतीय जन संचार संस्थान ने समाज के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिष्ठा अर्जित की है। पत्रकारिता, आईटी प्रोफेशनल, प्रशासन, अकादमिक जगत, राजनीति और समाज सेवा जैसा कोई भी क्षेत्र यहां के लोगों से लगातार समृद्ध हो रहा है। इस परंपरा को हमें सशक्त करने के लिए एक दूसरे को संभव सहयोग देना चाहिए। आईआईएमसी के डीम्ड यूनिवर्सिटी बनने पर उन्होंने संस्थान से जुड़े सभी लोगों को बधाई दिया। कार्यक्रम में मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल' के साथ फिल्म निर्माता विवेक रंजन अग्निहोत्री, स्क्वैड्रन लीडर सुमिता यादव, हंसराज कॉलेज की प्राचार्य प्रो. रमा शर्मा, डीआईजी होमगार्ड्स संजीव शुक्ला (आईपीएस), आईपीएस नुमल महत्ता असम, आईएएस मिताली नामचूम सिंह अरूणांचल प्रदेश, मध्य प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह, मणिपुर विधायक शेख नूरुल हसन को भी इस वर्ष के कनेक्शन 2024 एलुमनी मीट में सम्मानित किया गया।

# नगर विकास मंत्री ने किया 654.07 करोड़ के 3501 विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- योगी सरकार में उत्तर प्रदेश विकसित भारत का विकसित प्रदेश बना रहा है: शर्मा

प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अंतर्गत 654.07 करोड़ रुपये लागत की 3501 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया तथा कान्हा गौशाला योजना के अंतर्गत 34.80 करोड़ रुपये की 31 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। योजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम के द्वितीय चरण में 41 जिलों की 170 निकायों में 05 नगर निगम, 31 नगर पालिका परिषद, 134 नगर पंचायतों के लिए 338.81 करोड़ रुपये की 1715 परियोजनाओं का शिलान्यास तथा 166 निकायों में 05 नगर निगम, 29 नगर पालिका परिषद, 132 नगर पंचायतों में 315.26 करोड़ रुपये लागत की 1786 परियोजनाओं का लोकार्पण कर जनता को समर्पित की गई। 22 जनपद की 31 निकायों में 02 नगर निगम, 05 नगर पालिका परिषद, 24 नगर पंचायतों में 34.80 करोड़ की 31 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर उन्होंने अलीगढ़, प्रयागराज के महापौर तथा अन्य निकायों के चेयरमैन, अध्यक्ष व अधिकारियों से वर्चुअल संवाद कर विकास कार्यों के लिए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी। नगर विकास मंत्री ने गुरूवार को जल निगम फील्ड हास्टल ''संगम'' में नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर 'गुरु', की उपस्थिति में 41 जिलों की 170 निकायों में 05 नगर निगमों, 31 नगर पालिका परिषदों, 134 नगर पंचायतों में विकास कार्यों का लोगार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत 10 नगर निगमों का सीमा विस्तार 04 नगर पालिका परिषदों का उच्चीकरण, 42 नगर पालिका परिषदों एवं 72 नगर पंचायतों का सीमा विस्तार तथा 112 नयी नगर पंचायतों का गठन किया गया। योजनान्तर्गत मार्ग निर्माण, जल निकासी हेतु नाला-नाली का निर्माण, सड़कों का निर्माण, स्ट्रीट लाइट, सामुदायिक केन्द्रों, कल्याण मण्डप, कार्यालय भवन, स्कूल व ऑगनबाड़ी केन्द्रों, प्रमुख चौराहों, पार्कों व उद्यानों का विकास एवं सौन्दर्यीकरण, मुख्य व्यापारिक क्षेत्रों का सौन्दर्यीकरण आदि कार्य कराये जा रहे। नगर विकास मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत किये गये 338.81 करोड़ की लागत से 1715 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। इसमें में 235.22 करोड़ रुपये की सड़क, नाली, फुटपाथ की 1219 परियोजनाएं, 42.63 करोड़ रुपये की जल निकासी की 191 परियोजनाएं, 19.82 करोड़ रुपये की विद्यालय मरम्मत व ऑगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण की 149 परियोजनाएं, 4.68 करोड़ रुपये की मुख्य व्यापारिक क्षेत्र के सौन्दर्यीकरण की 13 परियोजनाएं, 11.74 करोड़ रुपये की पार्क व हरित क्षेत्र की 44 परियोजनाएं, 6.68 करोड़ रुपये की मुख्य चौराहों का सौन्दर्यीकरण की 33 परियोजनाएं, 10.73 करोड़ रुपये की स्ट्रीट लाइट की 42, 3.95 करोड़ रुपये की लाभार्थीपरक सेवाओं की 09 परियोजनाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में स्वीकृत कार्यों का लाकार्पण किया गया।

# अखिलेश की संभावित सीट सहित शिवपाल के सामने भी उम्मीदवार उतारेगी आवैसी की पार्टी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लोकसभा चुनाव 2024 में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को भाजपा के अलावा हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी का भी सामना करना पड़ेगा। ओवैसी की पार्टी आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुसलमीन (एआईएमआईएम) ने प्रदेश की सात सीटों पर प्रत्याशी उतारने का एलान किया है। एआईएमआईएम अखिलेश यादव की संभावित सीट आजमगढ़ पर प्रत्याशी उतारने के साथ ही शिवपाल यादव की बदायूं सीट पर उम्मीदवार उतारेगी। इसी तरह सपा के राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव के बेटे की सीट फिरोजाबाद पर भी उम्मीदवार उतारेगी। ओवैसी की नजर प्रदेश की मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर है। इसलिए संभल, मुरादाबाद, अमरोहा और मेरठ जैसी सीटों पर प्रत्याशी उतारे जाएंगे। ओवैसी की पार्टी ने इंडिया गठबंधन पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है। पार्टी ने अभी सात सीटों पर प्रत्याशी उतारने का एलान किया है। सीटों की संख्या आगे की परिस्थितियों को देखते हुए बढ़ाई जाएगी।





# बीकेटी में पुलिस और लेखपाल की मिलीभगत से अवैध खनन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

**बीकेटी।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के अंतर्गत इन दिनों कई जगहों पर लेखपाल और पुलिस की मदद से अवैध खनन हो रहे हैं। बीकेटी में मिट्टी खनन में मानकों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही है। पश्चिम गांव में हुए मिट्टी खनन में मानकों को ताक पर रखकर अवैध मिट्टी खनन का कार्य धड़ल्ले से किया गया है। यहां पर माफिया प्रशासन पर हावी होते जा रहे हैं। सरकारी कामों में मिट्टी खनन का परमिट लेकर चोरी चुपके मिट्टी बेचने के साथ-साथ मानक के विपरीत खुदाई भी की हैं। जानकारों की माने तो खनन माफिया को लेखपाल और स्थानीय पुलिस का खुला संरक्षण प्राप्त है। जानकारी के मुताबिक पश्चिम गांव में दो गाटा संख्या में 9128 घन मीटर की अनुमति थी,लेकिन खनन माफिया ने नियमों को दरकिनार कर अनुमति से अधिक जमीन पर खनन कर मिट्टी खोद ली है। और मिट्टी को निर्धारित स्थल पर न गिराकर बीकेटी क्षेत्र में निजी कामों के लिए बिक्री कर ली गई है। मानक के अनुसार मिट्टी खुदाई दो मीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए लेकिन यहां पर मिट्टी खनन माफियाओं ने 4 से 9 फीट मिट्टी की खुदाई कर डाली है। निरीक्षण के बाद अब यह देखना होगा किस पैरामीटर के हिसाब से मिट्टी खनन माफियाओं पर कार्रवाई होती है। मैंसर्स मंगलम कांस्ट्रक्संस प्राइवेट लिमिटेड को खुदाई की अनुमति दी थी। बता दें कि सैरपुर थानाक्षेत्र के अंतर्गत पश्चिम गांव में आउटर रिंग रोड के लिए खनन की अनुज्ञा जारी हुई थी ।यहां पर भी मिट्टी अपने निर्धारित स्थल पर न जाकर बीकेटी क्षेत्र में ही नवनिर्माणाधीन मकानों इत्यादि में भराव के लिए मंहगे दामों में गिराई गई है।यहां पर नेताओं और पुलिस से साठगांठ की वजह से माफिया द्वारा सरकारी वर्क ऑर्डर पर जमकर अवैध खनन किया गया है। रात होते ही माफिया खनन कर बीकेटी क्षेत्र में ही मिट्टी की बिक्री कर रहे हैं।यहां पर भी तहसील प्रशासन व स्थानीय पुलिस की साठगांठ से मिट्टी की खुलेआम बिक्री की गई।अवैध वसूली की वजह से पुलिस भी अवैध खनन पर कोई कार्रवाई नहीं करती है। बीकेटी क्षेत्र में इस समय नए मकानों,कालेजों एवं अन्य निजी संस्थानों के निर्माण तेजी से हो रहे हैं इनमें पटाई के लिए उपयोग की जाने वाली पीली मिट्टी कहां से आ रही है। और यह किसकी जमीन से आ रही है क्या पीली मिट्टी जहां से खनन कर लाई जा रही है उसके खनन का वैध परमीशन है।यदि परमिशन है तो इसको खनन का परमीशन कौन दे रहा है। यह सब बातें तहसील क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन की चुगली कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार इटौजा, बीकेटी, सैरपुर, महिंग्वा थाना क्षेत्रों के अंतर्गत लगभग रोज पीली मिट्टी का अवैध खनन रात के अंधेरे में जेसीबी व डंपरों से स्थानीय पुलिस व लेखपाल की मिलीभगत से दिन दूनी रात चौगुनी की तर्ज पर खुलेआम फल-फूल रहा है और इस धंधे में लगे लोग अपने साथ-साथ तहसील एवं पुलिस अफसरों की जेबें भर मालामाल हो रहे है।

### जुर्माना कर तहसील प्रशासन भूल जाता है करना वसूल

खनन व राजस्व विभाग द्वारा जुर्माना तो डाल दिया जाता है, लेकिन उसे वसूला नहीं जाता है। यही कारण है कि अवैध खनन तेजी से हो रहा है। यहां भी प्रशासन व राजस्व विभाग अपनी कार्रवाई की रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजकर इतिश्री कर लेते हैं। जुर्माना वसूल न किये जाने व विभागीय लापरवाही का खनन माफिया पूरा फायदा उठा रहे हैं। इसी के चलते बीकेटी तहसील क्षेत्र में खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

### मिट्टी खनन की भेंट चढ़ गई ग्रामीण इलाके की सड़के

बीकेटी में इन दिनों जमकर मिट्टी खनन का कार्य किया गया है जिसके चलते ग्रामीण इलाकों की ज्यादा दर्शन के आज भेंट चढ़ गई हैं कुछ महत्वपूर्ण बनाए गए सड़के आज गधों में तब्दील हो गई लेकिन जिम्मेदारों की है कि मामले में गंभीरता से लेना उचित नहीं समझते हैं।

# मनरेगा में नवाचार व अनुसंधान को प्रोत्साहन के लिए तैनात किये जायेंगे इंटर्न

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- गाइडलाइंस के अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में 02 इंटनर्स रखें जाने के निर्देश दिए हैं

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मनरेगा में नवाचार व अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भारत सरकार की गाइडलाइंस के अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में 02 इंटनर्स रखें जाने के निर्देश दिए हैं। इस सम्बन्ध में सचिव ग्राम्य विकास विभाग सुखलाल भारती द्वारा ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के दिशा निर्देशों का हवाला देते हुए समस्त जिला अधिकारियों को महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत भारत सरकार द्वारा विकसित प्रोग्राम फार एक्शन थ्रो इनटर्नशिप इन भारत (प्रतिभा) पोर्टल के क्रियान्वयनहेतु निर्देश दिए गए हैं।जिसका उद्देश्य अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करना है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में लागू होना है। इसका उद्देश्य ग्रामीण विकास मंत्रालय के फ्लैगशिप कार्यक्रमों के परिणामों को बढ़ाना है। इस प्रोग्राम के अन्तर्गत निर्धारित योग्यता रखने वाले 30 वर्ष से कम आयु के युवाओं को ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्रालय से जुड़े सभी कार्यक्रमों के सम्बन्ध में प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है, जिससे उनके कौशल में उन्नयन किया जा सके।इसके दृष्टिगत शासन द्वारा सम्यक विचारोपरांत यह निर्णय लिया गया है कि आगामी 02 माह में प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायत में 02 इंटनर्स रखा जाना उपयोगी होगा। इन्टनर्स को राज्य द्वारा जिला ब्लाक उत्पादक उद्यम क्लस्टर स्तर पर या ग्रामीण विकास मंत्रालय की किसी योजना में तैनात किया जायेगा एवं जिला स्तर पर इन्टर्नशिप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिला अधिकारी होंगे। इंटर्न्स को केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा संचालित किसी योजना से सम्बद्ध, चयन किया जायेगा। इंटर्न्स को किसी भी प्रकार की धनराशि नहीं दी जायेगी।

# उत्तर प्रदेश राज्य कर विभाग ने जीता प्रतिष्ठित स्कॉच आर्डर ऑफ मेरिट अवार्ड

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश राज्य कर विभाग ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रमुख सचिव नितिन रमेश गोकर्ण एवं आयुक्त मिनिस्ती एस. के कुशल निर्देशन में एक और उपलब्धि हासिल की है। विभाग द्वारा संचालित आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस बेस्ड रिटर्न स्क्रूटनी प्रोजेक्ट हेतु विभाग को प्रतिष्ठित स्काच आर्डर आफ मेरिट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इस अवार्ड की घोषणा स्कॉच ग्रुप द्वारा आज 29 फरवरी को आयोजित वर्चुअल सेरेमनी के दौरान की गयी, जिसमें देशभर के विभिन्न प्रदेशों के विभागों द्वारा प्रतिभाग किया गया। यह अवार्ड मिनिस्ती एस राज्य कर आयुक्त की ओर से रिया केजरीवाल अपर आयुक्त राज्य कर द्वारा प्राप्त किया गया। राज्य कर आयुक्त मिनिस्ती एस. ने बताया की उत्तर प्रदेश ऐसा पहला राज्य है जो रिटर्न स्क्रूटनी हेतु नवीनतम डाटा विश्लेषण और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तकनीक पर आधारित सिस्टम का प्रयोग कर रहा है। इस सिस्टम के प्रयोग से राज्य कर के अधिकारियों द्वारा विविध जीएसटी रिटों में पाई गयी समस्त अनियमितताओं को समेकित करते हुए केवल एक नोटिस व्यापारी को जारी की जाती है। व्यापारी भी बार-बार नोटिस का जवाब देने की परेशानी से बच जाता। इस मॉडल से न केवल अधिकारियों, बल्कि व्यापारियों के लिए भी अत्यंत सुविधाजनक, पारदर्शी एवं समय व ऊर्जा बचाने वाला सिद्ध हो रहा है।आयुक्त ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2017-2018 एवं 2018-2019 के रिटर्नो की स्क्रूटनी सिस्टम द्वारा किये जाने से 31 जनवरी तक सरकार के खजाने में 692.90 करोड़ का राजस्व जमा हो चुका है, इसमें एक बड़ी धनराशि वह भी है जो कि जानकारी के अभाव में, त्रुटि के कारण, व्यापारी द्वारा जमा नहीं हो पायी थी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी कौंसिल की बैठक में सिस्टम की प्रशंसा की गयी तथा अन्य राज्यों को भी इसे लागू करने के लिए प्रेरित किया।

# आपदा से पहले की तैयारियों को पुख्ता करेगा 'राहत गुरुकुलम'

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश में आपदाओं से निपटने के लिए अब एसडीआरएफ के साथ-साथ बड़ी संख्या में प्रशिक्षित वर्क फोर्स को तैयार किया जा सकेगा। इसके लिए योगी सरकार ने गुरुवार को प्रदेश के पहले राज्य इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर के प्रशिक्षण केंद्र %राहत गुरुकुलम% का शुभारंभ कर दिया है। इस अत्याधुनिक केंद्र के माध्यम से एसडीआरएफ के साथ ही प्रदेशभर के आमजनमानस को भी आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके जरिये प्रदेश में आपदा से निपटने के लिए प्रशिक्षित लोगों की पूरी फौज तैयार की जाएगी ताकि आपदा से होने वाली जनहानि और धनहानि को न्यूनतम किया जा सके। बता दें कि योगी सरकार प्रदेश में आपदाओं के कारण होने वाली जनहानि को न्यूनतम करने के लिए काफी संवेदनशील है। इसी के तहत योगी सरकार ने राहत विभाग को खुद का प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिये थे।

### आपदा प्रबंधन की दिशा में सकारात्मक पहल

कार्यक्रम में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि प्रदेश में आपदा प्रबंधन व न्यूनीकरण की दिशा में 'राहत गुरुकुलम्' अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार ऋषि मुनि गुरुकुल में शिक्षा प्रदान करते थे, उसी तरह इस राहत गुरुकुलम के जरिये उसी पद्धति के अनुरूप आधुनिक तकनीकों से आमजनमानस को आपदाओं से सुरक्षित करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस केन्द्र के माध्यम से राहत आयुक्त कार्यालय व राजस्व विभाग द्वारा बेहतर आपदा प्रबंधन करते हुए आपदाओं के न्यूनीकरण की दिशा में सकारात्मक और ठोस पहल की जा रही है।

### बचाव व जागरूकता पर होगा फोकस

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरुप गुरुवार को देवा रोड चिनहट स्थित मंडलीय राजस्व प्रशिक्षण केन्द्र में राज्य इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर के प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में 'राहत गुरुकुलम्' का शुभारंभ किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने किया। प्रदेश में आपदाओं से होने वाली क्षति, राहत वितरण तथा उनकी मॉनिटरिंग राहत आयुक्त कार्यालय के राज्य इमरजेंसी ऑपरेशन सेन्टर से ही की जाती है। आपदाओं के न्यूनीकरण के लिए विभिन्न विभागों, संस्थानों, अन्य स्टेकहोल्डर्स को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण देने के लिए अभी तक विभाग का अपना कोई स्थायी प्रशिक्षण केंद्र नहीं था। सीएम योगी के निर्देश पर आत्याधुनिक प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में अब राहत गुरुकुलम का शुभारंभ किया गया है। इस प्रशिक्षण केंद्र में 1 कान्फ्रेंस रूम, 2 प्रशिक्षण कक्ष, 1 आडिटोरियम तथा 8 अधिकारियों के बैठने की व्यवस्था है। इतना ही नहीं, केंद्र में आधुनिक उपकरणों से लैस कम्प्यूटर लैब की भी स्थापना की गई है। इसके जरिये आपदाओं से पहले की तैयारी, बचाव व जागरूकता संबंधी विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि समय रहते आपदा के लिए तैयार किया जा सके और जनहानि को कम से कम किया जा सके।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# आत्मनिर्भर भारत और बदलता कृषि परिदृश्य

**अब यहां की कॉफी अपने स्वाद और सुगंध से मन मोह लेती है। लगभग डेढ़ लाख आदिवासी परिवारों की आजीविका इस उद्योग से जुड़ी है। कॉफी बोर्ड और एकीकृत जनजातीय विकास एजेंसी के साथ मिलकर मिलकर इस बेशकीमती पेय को उत्पादित कर रहे हैं। पारंपरिक तरीकों का सम्मान करते हुए उत्पादनकर्ताओं ने 20 फीसदी की जबरदस्त वृद्धि हासिल की है। गिरीजन को-ऑपरेटिव कॉरपोरेशन से मिले एक करोड़ रुपये से अधिक के ऋण ने भी उत्पादन की बढ़ोतरी में अहम भूमिका निभाई है। अराकू घाटी का यह पेय पदार्थ आत्मनिर्भर भारत का सामुदायिक गान है।**

*देश आत्मनिर्भरता की डगर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के आह्वान ने ग्रामीण जनजीवन की दिशा और दशा बदल दी है। खेती-किसानी की बात की जाए तो मोदी सरकार की एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) पहल ने कृषि परिदृश्य को बदल दिया है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विशेषज्ञ इस पहल को आर्थिक तरक्की और सांस्कृतिक धरोहर के मधुर संगम के रूप में देख रहे हैं। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने राज्यसभा सत्र-262, अतारांकित प्रश्न क्रमांक- 686, दिनांक-08 दिसंबर 2023 के आधार पर आत्मनिर्भर भारत के बदलते कृषि परिदृश्य पर कुछ उदाहरण देश के सामने रखे हैं। गुजरती फरवरी की शुरुआत में इस पहल पर शब्द चित्र से याद दिलाया गया कि 2018 में साहसिक दृष्टिकोण के साथ बोया गया बीज आज अपने लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। यह पहल क्षेत्रीय आर्थिक विभाजन को पाटती हुई लोगों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रही है। ओडीओपी का उद्देश्य एकल प्रतिष्ठित उत्पाद के माध्यम से प्रत्येक जिले की अनूठी शक्ति की पहचान कर उत्पादन क्षमता को बढ़ाना और स्थानीय समाज को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है। आज यह पहल वोकल फॉर लोकल की खुशबू बिखेर रही है। कारीगर, किसान और उद्यमी सशक्त हो रहे हैं। चार साल में यह बीज तेजी से विकास करते हुए कोमल पौधे से हरे-भरे बगीचे की शक्ल ले चुका है। पीआईबी के अनुसार, या यूं समझिए कि ओडीओपी के परिश्रम का फल अब पक गया है। इसका मधुर स्वाद संबंधित समाज को मिलने भी लगा है। इस पहल ने देशभर के 760 से अधिक जिलों के एक हजार से अधिक उत्पादों की पहचान की है। हथकरघा, सुगंधित मसालों और उत्कृष्ट हस्तशिल्प की एक जीवंत तस्वीर पीएम-एकता मॉल में देखी जा सकती है। यह मॉल गुजरात के नर्मदा जिले के केवडिया में 182 मीटर ऊंची स्टेच्यू ऑफ यूनिटी के पास यस्थित है। इसे हथकरघा और हस्तशिल्प में विविधता में एकता की थीम पर विकसित किया गया है। यह मॉल 35,000 वर्ग फुट क्षेत्र में फैला है। एक जिला-एक उत्पाद की छत के नीचे बड़े बदलाव की उल्लेखनीय कहानियां सामने आई हैं। यह एकल प्रतिभा का आख्यान नहीं बल्कि आत्मनिर्भरता और परस्पर सहयोग की जादुई शक्ति के साथ आगे बढ़ रहे सामूहिक विकास का मंगलगान हैं। इस पहल का बड़ा असर यह है कि कश्मीर की बर्फीली हवाओं के बीच शोपियां का सेब विश्व तक पहुंचने की संभावनाओं से चमक रहा है। ओडीओपी का क्रांतिकारी स्पर्श, संबंधित जिलों और राज्यों को आर्थिक और आत्मनिर्भरता के धागों में पिरो रहा है। प्रधानमंत्री विकास पैकेज (पीएमडीपी), एसएमएएम और एमआईडीएच से उत्पादन बढ़ाने के सपने साकार हो रहे हैं। इसी के परिणाम स्वरूप उत्पादन में 20 प्रतिशत की शानदार वृद्धि हुई है। हिमालय के मनभावन दृश्यों के बीच रचा-बसा उत्तराखंड का उत्तरकाशी जिला तो आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक परिवर्तनकारी शक्ति पर विशेष जोर दे रहा है। यहां गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों, स्थानीय प्रशासनिक कर्मचारियों और 700 से अधिक किसानों को 15 प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से जैविक खेती के लिए निपुण किया गया। एक हजार से अधिक लोगों को महत्वपूर्ण उपकरण भी प्रदान किए गए। इसके फलस्वरूप यहां पर लाल चावल का उत्पादन 25 फीसद बढ़ गया है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**गौरतलब है कि अमित शाह ने तमिलनाडु की कमान संभाल ली है और पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख के. अन्नामलै को काम करने की खुली छूट दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी तमिलनाडु का दौरा किया है, जिसे दक्षिण में भाजपा के चुनावी अभियान की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। केन्द्रीय मंत्रियों को बड़ी जिम्मेदारी के साथ सक्रिय किया गया है। भाजपा दक्षिण के राज्यों में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। राम मंदिर का उत्साह निश्चित रूप से उत्तर भारतीय हिंदी पट्टी के राज्यों में अधिक है, लेकिन दक्षिण भी भाजपा को कुछ चुनावी लाभ दे सकता है। भाजपा ने पहले ही दक्षिण भारतीय राज्यों के लिए मतदाता-पहुंच कार्यक्रम शुरू कर दिया है।**



ललित गर्ग

# क्या लोस चुनावों में इंडिया गठबंधन भाजपा के लिये चुनौती बन पायेगा?

**2024 के चुनावों में भाजपा के लिए 370 और एनडीए के लिए 400 सीटों का लक्ष्य तय करने के मोदी के लक्ष्य के सामने अभी भी कोई बड़ी चुनौती दिख नहीं रही है। इन बड़े लक्ष्यों को हासिल करने के लिए भाजपा एवं मोदी अपनी सीटें कहां से बढ़ा सकेंगे, इसके लिये भाजपा दोतरफा रणनीति पर काम कर रही है। पहली है, दक्षिणी राज्यों में पैठ बनाना। यह स्वाभाविक भी है क्योंकि भाजपा पहले ही उत्तर-पश्चिम के कई राज्यों में चरम पर पहुंच चुकी है।**

अंधेरों एवं निराशा के गर्त में जा चुके एवं लगभग बिखर चुके इंडिया गठबंधन के लिए कुछ अच्छी खबरों ने जहां उसमें नये उत्साह का संचार किया है वहीं भारतीय जनता पार्टी के लिये चिन्ता के कारण उत्पन्न किये हैं। पहले उत्तर प्रदेश और फिर दिल्ली में समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी से सीट बंटवारे पर बनी सहमति ने टूट की कगार पर पहुंचे इंडिया गठबंधन में वर्ष 2024 के आम चुनावों को लेकर संभावनाभरी तस्वीर को प्रस्तुत किया है। अब ये चुनाव दिलचस्प होने के साथ कुछ सीटों पर कांटे की टक्कर वाले होंगे। इन नये बन रहे चुनावी समीकरणों के बावजूद भाजपा के लिये अभी कोई बड़ा संकट नहीं दिख रहा है। भले ही इंडिया गठबंधन डींगे हांके कि वह भाजपा एवं उसके गठबंधन के लिए कड़ी चुनौती पेश करने की स्थिति आ गयी है। भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों का जब गठबंधन बना तभी यह आशंका की गयी कि यह कितनी दूर चल पायेगा, टिक पायेगा भी या नहीं? कुछ हालात तो ऐसे भी बने कि इसके तार-तार होने की संभावनाएं बलवती हुईं। भले ही अब कुछ सीटों पर दलों के बीच सहमति बनी हो लेकिन अभी कई महीने निकल जाने के बाद भी विधिवत रूप से इंडिया गठबंधन के संयोजक का नाम घोषित नहीं हो पाना अनेक सन्देहों एवं अटकलों का कारण बना हुआ है। सत्ता तक पहुंचने के लिए जिस प्रकार दल-टूटन व गठबंधन हो रहे हैं इससे सबके मन में अकल्पनीय सम्भावनाओं की सिहरन उठती है। राष्ट्र और राष्ट्रीयता के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लगने लगा है। कुछ अनहोनी होगी, ऐसा सब महसूस कर रहे हैं। प्रजातंत्र में टकराव होता है। विचार फर्क भी होता है। मन-मुटाव भी होता है पर मर्यादापूर्वक। लेकिन अब इस आधार को ताक पर रख दिया गया है। राजनीति में दुश्मन स्थाई नहीं होते। अवसरवादिता दुश्मन को दोस्त और दोस्त को दुश्मन बना देती है। यह भी बड़े रूप में देखने को मिल रहा है। राजनीति नफा-नुकसान का खेल बन रहा है, मूल्य बिखर रहे हैं। चारों ओर सत्ता की भूख बिखरी है। पिछले कुछ समय से इंडिया गठबंधन को एक के बाद एक कई झटके लगे। पहले तो कांग्रेस ने ही पिछले साल दिसंबर के विधानसभा चुनावों में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद में गठबंधन से जुड़ी बातचीत को ठंडे बस्ते में डाले रखा। बातचीत शुरू भी हुई तो नेताओं में न तो पहले जैसा जोश दिखा और न वैसी राजनीतिक जिजीविषा महसूस हुई। फिर गठबंधन के प्रस्ताव पर सबसे बढ़-चढ़कर काम करने वाले नीतीश कुमार ही उसे छोड़ गए। यूपी में रालोद के जयंत चौधरी भी इंडिया गठबंधन का हाथ थामते-थामते एनडीए में शामिल हो गए। इंडिया गठबंधन एवं कांग्रेस ने अनेक झटके झेले। छोटे-बड़े नेताओं के




**तेलंगाना और केरल आदि दक्षिण के राज्यों पर भाजपा विशेष बल दे रहा है, वहां भी इस बार अच्छा प्रदर्शन होने की संभावना है। भाजपा के राजनीतिक समीकरणों एवं रणनीतियों के चलते स्वतंत्र भारत का सबसे दिलचस्प चुनाव में अपने तय लक्ष्यों के अनुरूप ऐतिहासिक जीत को हासिल कर लें तो कोई आश्चर्य नहीं है।**

कांग्रेस छोड़ने का सिलसिला भी तेज हुआ। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण का नाम खास तौर पर चर्चित रहा। इसे चाहे इन नेताओं का व्यक्तिगत अवसरवाद कहें या भाजपा और एनडीए नेतृत्व की सक्रियता एवं राजनीतिक कौशल इतना तय है कि इन नेताओं को कांग्रेस का भविष्य खास अच्छा नहीं दिख रहा। आम आदमी पार्टी एवं समाजवादी पार्टी जैसे दल अपनी साख बचाने एवं सत्ता के करीब बने रहने के लिये सीटों के बंटवारे पर सहमत हुए हैं, उसमें कांग्रेस का घुटने टेकना भी उसकी टूटती सांसों को बचाने की जद्दोजहद ही कहीं जायेगी। कांग्रेस एवं अन्य दलों के बीच सहमति के स्वर उभरने से आगामी लोकसभा चुनाव में अच्छा मुकाबला दिख सकता है। लेकिन अहम सवाल तो यही है कि क्या गठबंधन की गाड़ी आगे और हिचकोले नहीं खाएगी? क्या यह दावा पूरी दृढ़ता से किया जा सकता है? अरविन्द ने कांग्रेस से सीटों पर सहमति बनाकर पलटूराम ही बने हैं। जी-भरकर एक-दूसरे को कोसने वाले जब हाथ मिलाएं तो आश्चर्य होना स्वाभाविक है। देखा जाये तो कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच चुनावी गठबंधन होना मूल्यहीनता एवं सिद्धान्तहीनता की चरम पराकाष्ठा है क्योंकि कांग्रेस की नीतियों के खिलाफ लड़ कर और आंदोलन खड़ा करके ही आम आदमी पार्टी का जन्म हुआ था। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली और पंजाब की सत्ता से कांग्रेस को बाहर किया और अपनी स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाई। आम आदमी पार्टी के चमत्कारिक प्रदर्शन के चलते ही गुजरात में कांग्रेस ने अब तक का सबसे निराशाजनक प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी ने गोवा में भी कांग्रेस को काफी नुकसान पहुँचाया और हरियाणा में भी अपने संगठन का आधार बढ़ाया। ताजा कांग्रेस एवं आम आदमी पार्टी की सहमति से कांग्रेस को ही नुकसान होना है। केजरीवाल की बजाय ममता बनर्जी ने अलग छाप छोड़ी है। उसने बंगाल में कांग्रेस के लिए उनकी मौजूदा दो लोकसभा सीटों को ही छोड़ने की बात कह कर कांग्रेस के अधिक सीटों पर दावा करने के कारण स्वतंत्र चुनाव लड़ने की घोषणा कर गठबंधन को धराशायी किया। ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल ही नहीं, बल्कि त्रिपुरा, असम और गोवा में भी स्वतंत्र चुनाव लड़ने की बात कह रही हैं, जिससे कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में निराशा ही हाथ लगेगी। इंडिया गठबंधन के नये बन रहे सकारात्मक परिदृश्यों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीतिक सेहत पर कोई असर न झलकना उनकी राजनीतिक परिपक्वता की परिचायक है। 2024 के चुनावों में भाजपा के लिए 370 और एनडीए के लिए 400 सीटों का लक्ष्य तय करने के मोदी के लक्ष्य के सामने अभी भी कोई बड़ी चुनौती दिख नहीं रही है। इन बड़े लक्ष्यों को हासिल करने के लिए भाजपा एवं मोदी अपनी सीटें कहां से बढ़ा सकेंगे, इसके लिये भाजपा दोतरफा रणनीति पर काम कर रही है। पहली है, दक्षिणी राज्यों में पैठ बनाना। यह स्वाभाविक भी है क्योंकि भाजपा पहले ही उत्तर-पश्चिम के कई राज्यों में चरम पर पहुंच चुकी है। दूसरी रणनीति है पुराने सहयोगियों को एनडीए में वापस लाने और नए सहयोगियों को जोड़ने की, जिसमें वह अब तक काफी हद तक सफल भी रही है। जदयू एनडीए के साथ फिर से आ गई है, रालोद भी एनडीए में लौट आई है, पंजाब में अकाली दल को वापस लाने के प्रयास जारी हैं और तेदेपा के साथ बातचीत अंतिम चरण में है।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | षष्ठी 31:56 तक |
| नक्षत्र: | स्वाति 12:40 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | शुक्रवार |
| योग: | ध्रुव, 18:07 |
| सूर्योदय: | 06:49 |
| सूर्यास्त: | 18:17 |
| चंद्रमा: | तुला राशि में |
| राहुकाल: | 11:07-12:33 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1945 |
| मास: | फाल्गुन |
| शुभ मुहूर्त: | 12:10-12:56 |

## जन एक्सप्रेस

### होगा करना ग़ौर !

*घूमने से केवल।*
*नहीं है बनती बात ।।*
*करना पड़ता दिल से।*
*काम भी दिन रात ।।*
*आ रही कठिनाई।*
*होगा करना ग़ौर ।।*
*रह चुके है पहले।*
*आप भी सिरमौर ।।*
*समय बचा है अल्प।*
*हुआ नहीं सुधार ।।*
*बोलने से केवल।*
*ना मिलता अधिकार ।।*
*बदला ना यदि रुख।*
*है मुश्किल चल पाना ।।*
*केवल दोष मढ़ने से।*
*ना झुकता ज़माना ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# हाई यूरिक एसिड को कम करने के लिए करें तुलसी और हल्दी का सेवन

**खानपान** में गड़बड़ी और खराब जीवनशैली के कारण शरीर बीमारियों की चपेट में आ जाता है। शरीर को बीमारियों से बचाने के लिए हमेशा खानपान और जीवनशैली ठीक रखने की सलाह दी जाती है। हाई यूरिक एसिड भी खानपान और जीवनशैली में खराबी के कारण होने वाली समस्या है। खाद्य पदार्थों से मिलने वाले प्यूरीन नामक प्रोटीन का बहुत ज्यादा सेवन करने से शरीर में यूरिक एसिड बढ़ने का खतरा रहता है। हाई यूरिक एसिड के कारण जोड़ों में दर्द, हड्डियों में दर्द, चलने-फिरने में परेशानी समेत गठिया और अर्थराइटिस जैसी बीमारियों का भी खतरा रहता है। शरीर में यूरिक एसिड बढ़ने की स्थिति को हाइपरयूरिसीमिया कहते हैं। हाई यूरिक एसिड की स्थिति में तुलसी और हल्दी का एक साथ सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है।

**हाई यूरिक एसिड में तुलसी और हल्दी के फायदे:** शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ने के कारण अर्थराइटिस और गठिया जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा रहता है। यूरिक एसिड को कम करने के लिए डाइट में बहुत ज्यादा प्रोटीन वाले फूड्स को नहीं शामिल करना चाहिए। आरोग्यं हेल्थ सेंटर के



क्लीनिकल डाइटिशियन डॉ वीडी त्रिपाठी कहते हैं, तुलसी और हल्दी में मौजूद गुण ब्लड में जमा यूरिक एसिड को फिल्टर कर बाहर निकालने में मदद करते हैं। तुलसी की पत्तियों में मौजूद एसेटिक एसिड गंदगी को बाहर निकालने और एंटी-इंफलेमेटरी गुण सूजन को कम करने में मदद करते हैं। वहीं, हल्दी में पाए जाने वाले एंटी-बायोटिक और एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण यूरिक एसिड को कम करने में फायदेमंद होते हैं।

**हाई यूरिक एसिड में कैसे करें तुलसी और हल्दी का सेवन?:** हाई यूरिक एसिड से छुटकारा पाने के लिए तुलसी की पत्तियों और हल्दी से बने काढ़े का नियमित रूप से सेवन करना चाहिए। रोजाना सुबह खाली पेट इस काढ़े को पीने से हाई यूरिक एसिड समेत कई समस्याओं में फायदा मिलता है। इस काढ़े को तैयार करने के लिए तुलसी की पत्तियों को साफ करके एक गिलास पानी में डालें। अब इस पानी में एक चम्मच हल्दी पाउडर मिलाकर अच्छी तरह से उबाल लें। उबालने के बाद जब पानी आधा रह जाए तो इसे छान लें और काढ़े की तरह पिएं। हाई यूरिक एसिड से छुटकारा पाने के लिए नियमित रूप से 15 दिनों तक इसका सेवन जरूर करें। अगर आपको खानपान से जुड़ी कोई बीमारी या गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, तो इस काढ़े का सेवन करने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लें। इसके अलावा रीजों में किडनी स्टोन या कैंसर जैसी समस्या होने पर इलाज के लिए तमाम तरह के दवाओं का सेवन करने की सलाह दी जाती है। शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ने पर आपको खानपान और जीवनशैली में सुधार जरूर करना चाहिए। यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ने पर प्यूरीन से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन नहीं करना चाहिए। ऐसे फूड्स जिनमें प्यूरीन की मात्रा अधिक होती है उसका सेवन बहुत कम मात्रा में करना चाहिए।

## एक्सप्रेस विशेष



प्रो. संजय द्विवेदी

# 85 करोड़ युवा रचनात्मक शक्ति के बल पर देश को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं

**भारत के नौजवानों ने अपने सपनों को देश की जरूरतों से जोड़ा है, देश की आशाओं और आकांक्षाओं से जोड़ा है। देश के निर्माण का काम मेरा है, मेरे लिए है और मुझे ही करना है। इस भावना से भारत का नौजवान आज भरा हुआ है। आज देश का युवा नए-नए ऐप्स बना रहा है।**

**आज से 10 साल पहले हमारे देश में औसतन चार हजार पेटेंट प्रतिवर्ष होते थे। अब इसकी संख्या बढ़कर सालाना 15 हजार पेटेंट से ज्यादा हो गई है, यानि करीब-करीब चार गुना। ये किसकी मेहनत से हो रहा है। कौन है इसके पीछे? मैं फिर से दोहराता हूं। इसके पीछे युवा ही हैं, नौजवान साथी हैं, युवाओं की ताकत है। 26 हजार नए स्टार्टअप का खुलना दुनिया के किसी भी देश का सपना हो सकता है।**

**सनातन** संस्कृति का यह स्वर्णिम दौर चल रहा है और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सनातन संस्कृति के महत्त्वपूर्ण विचारों ÷वसुधैव कुटुम्बकम्÷ अर्थात् पूरा विश्व एक परिवार है तथा ÷सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः÷ सभी प्रसन्न एवं सुखी रहे, के इन्हीं मूलमंत्रों के साथ सनातन संस्कृति के संवाहक के रूप में हम सभी के मार्गदर्शक बन रहे हैं और समस्त विश्व को सनातन के विचारों से अवगत करवा रहे हैं। एक आधुनिक राष्ट्र के रूप में हमारा इतिहास करीब साढ़े सात दशक पुराना है, लेकिन हमारी सभ्यता 5,000 वर्ष से भी अधिक प्राचीन है। कहने की आवश्यकता नहीं कि भारत के खाते में अनगिनत उपलब्धियां हैं। उनके स्मरण के लिए इससे बेहतर और क्या अवसर हो सकता है कि जब हम अपनी आजादी के अमृतकाल में हैं, तो केवल इस दिशा में ठोस और एकजुट प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। भारत अध्यात्म, ज्ञान, कर्म, सेवा, साधना और करुणा का देश रहा है। भारत, राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए युवाओं की भूमिका का महत्व पहचानने वालों का देश रहा है। ऋषियों, शिक्षकों, कवियों, गुरुओं और वरिष्ठ-जनों ने युवा-शक्ति का यथेष्ट मार्गदर्शन करके उन्हें समाज, देश और दुनिया के कल्याण की ओर सदैव प्रेरित किया है। राष्ट्र-निर्माण के कार्य में युवाओं को प्रेरित करने मेंज्समाज की, मनीषियों और चिंतकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ये मनीषी और चिंतक युवा शक्ति के लिए सदैव प्रेरक होते हैं। उनके 'रोल मॉडल' होते हैं। सामान्य तौर पर, ये रोल मॉडल समय-समय पर, देश-काल और परिस्थिति के अनुसार, बदलते रहते हैं। लेकिन कुछ रोल मॉडल कभी नहीं बदलते। ऐसे ही एक कालजयी रोल मॉडल हैं- स्वामी विवेकाननंद। स्वामी विवेकानंद के विचार दुनियाभर के युवाओं को प्रेरित करते रहे हैं। उन्हें युवाओं की ऊर्जा पर बहुत भरोसा था। वे कहते थे कि - 'युवा वो होता है जो बिना अतीत की चिंता किए अपने भविष्य के लक्ष्यों की दिशा में काम करता है'। स्वामी विवेकानंद भारत के युवा को अपने गौरवशाली अतीत और वैभवशाली भविष्य की एक मजबूत कड़ी के रूप में देखते थे। आप सभी को आज बस अपने अतीत को जानना है। क्योंकि अतीत को जानकर, उसे समझकर, आपको भविष्य के लक्ष्य तय करने हैं। अपने लिए, समाज के लिए, देश के लिए जो कुछ भी उत्तम और कल्याणकारी है, उसे प्राप्त करने के लिए काम करना है। आज का भारत, युवा शक्ति से भरपूर है। देश की 65 प्रतिशत जनसंख्या यानी लगभग 85 करोड़ युवा अपनी रचनात्मक शक्ति के बल पर हमारे देश को प्रगति की, मानव सभ्यता की नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं। उदाहरण के तौर पर देखें तो आज से लगभग 9 वर्ष पहले शुरू किए गए 'स्वच्छ भारत अभियान' की सफलता में युवाओं का अभूतपूर्व योगदान रहा है। स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने में, लोगों को प्रेरित करने में युवाओं ने प्रभावशाली योगदान दिया है। हमारे युवाओं में असीम प्रतिभा और ऊर्जा है। इस प्रतिभा और ऊर्जा का समुचित विकास और उपयोग किए जाने की जरूरत है। इस दिशा में प्रयास तेजी से किए जा रहे हैं और इन प्रयासों के परिणाम भी सामने आने लगे हैं। ज्ञान-विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी से लेकर, खेल के मैदान तक भारत के बेटे-बेटियां विश्व समुदाय पर अपनी छाप छोड़ रहे हैं। देश के कोने-कोने से नई-नई खेल प्रतिभाएं सामने आ रही हैं। खेल-कूद से हमारे अंदर टीम भावना का संचार होता है। सामाजिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता के लिए टीम भावना जगाने वाले ऐसे प्रयासों को बढ़ाने की जरूरत है। आज नई धारा का नेतृत्व भारत में कौन कर रहा है? आज अगर भारत दुनिया के टॉप तीन देशों में आ गया है, तो इसके पीछे किसका परिश्रम है? आज भारत दुनिया में यूनिकॉर्न पैदा करने वाला, एक बिलियन डॉलर से ज्यादा की नई कंपनी बनाने वाला तीसरा सबसे बड़ा देश बना है, तो इसके पीछे किसकी ताकत है? इन सब सवालों का एक ही जवाब है, युवा। युवाओं की मेहनत और समर्पण के दम पर ही भारत आज नेतृत्वकारी भूमिका निभा रहा है।

# केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने बेहतरीन कामकाज पर डीएम, एसपी सीडीओ सहित कई अफसरों की टीम को किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर-खीरी




केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के अनुश्रवण के लिए जनपद स्तरीय गठित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक गुरुवार को कलेक्ट्रेट में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री भारत सरकार, खीरी सांसद अजय मिश्र 'टेनी' की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। सांसद के समक्ष अफसरों ने एक-एक योजना की गत 10 वर्षो की उपलब्धियां पर अपना प्रेजेंटेशन दिया। जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में अफसरों के कामकाज को सराहा, ताली बजाकर अभिवादन किया। बैठक का सफल संचालन सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से विधायक योगेश वर्मा, मंजू त्यागी विनोद शंकर अवस्थी, जिपंअध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय सिंह, पीडी एसएन चौरसिया,डीसीबी अध्यक्ष विनीत मनार, सांसद प्रतिनिधि अरविंद संजय, जीतेंद्र त्रिपाठी, अंबरीश सिंह, संजय मिश्र, ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता, महेंद्र बाजपेई, प्रमुख प्रतिनिधि विश्वनाथ सिंह, नपाप अध्यक्ष विजय शुक्ला ÷रिंकू÷, केबी गुप्ता, नपं मैलानी अध्यक्ष कीर्ति महेश्वरी सभी जिला स्तरीय अधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि सभी अफसरो ने आज की बैठक में गत 10 वर्षो की उपलब्धियां पर अपना प्रेजेंटेशन दिया, जो निश्चित तौर पर उनके शानदार प्रदर्शन को दिखाता है। जिले के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी लगन, निष्ठा, समर्पण से अफसरों ने अपनी क्षमता और योग्यता का परिचय दिया है। मैं सभी का अभिनंदन करता हूं। विभागीय कामों में खीरी जिले ने एक अलग स्थान बनाया। जिस कारण से खीरी की प्रदेश में अलग पहचान बनी है। मैं चाहता हूं, यह निरंतरता बनी रहे और हम लोग अपने जिले के लोगों की समृद्धि, खुशहाली के लिए जो प्रयास कर रहे हैं, उन प्रयासों में हम सफल हो। जनपद वासियों के जीवन जीने की सामान्य सुविधाएं एवं जरूरत बढ़े। इसके लिए हम निरंतरता से काम करें। यह इस वर्ष की और उनके दूसरे कार्यकाल की अंतिम बैठक है, जो अच्छे वातावरण में संपन्न हुई। यहां डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में अच्छे अधिकारियों की टीम है, जो निरंतर के साथ अच्छे परिणाम दे रही है। इसे आगे भी निरंतर के साथ बनाए रहे।उन्होंने 15 अगस्त 2021 को प्रधानमंत्री की घोषणा को रेखांकित करते हुए कहा कि यह भारत की सदी है। यही समय है, सही समय है। सरकार की अपेक्षा के अनुरूप जिस प्रकार से कार्यपालिका ने सहयोग दिया, जिससे पूरी सरकार के अंदर आत्मविश्वास आया है। आज जिले का कोई गांव ऐसा नहीं बचा, जहां बिजली ना पहुंची हो। हर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर काम हुआ है। उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से आम जीवन में आने वाले परिवर्तन को रेखांकित किया। पीएम के नेतृत्व में आज देश की सीमाएं सुरक्षित होने के साथ-साथ अर्थव्यवस्था अच्छी है। विदेशनीति संतुलित है। आज ऐसे माहौल का सृजन हुआ कि सभी मानते हैं कि भारत बढ़ेगा तो दुनिया को कोई नुकसान नहीं होगा।आज हर देश भारत के साथ संबंध बनाकर आगे बढ़ना चाहता है।दुनिया में भारत की लोकतांत्रिक देश के रूप में छवि बनी है।

# माधव चिल्ड्रंस एकेडमी में कक्षा 8 के बच्चों के दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर-खीरी




विद्या भारती विद्यालय माधव चिल्ड्रंस एकेडमी एवं माधव गुरुकुलम छात्रावास कक्षा 8 के बच्चों का दीक्षांत समारोह का क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आलोक सिंह एवं सह प्रबंधक रुचि ऋतुराज प्राचार्य साधना अवस्थी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती मां भारती एवं पूज्य माधव जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण पुष्पार्चन कर शुभारंभ किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि आरटीओ आलोक सिंह ने कहा कि छोटी क्लास की पढ़ाई बच्चों की मजबूत आधार नींव का काम करती है शिक्षक शिक्षिकाओ के कठोर परिश्रम से बच्चों का नव निर्माण होता है माधव चिल्ड्रंस एकेडमी के बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ देश भक्ति व्यवहारिक ज्ञान संस्कार देकर उन्हें श्रेष्ठ विद्यार्थी बनाने का कार्य विद्यालय परिवार कर रहा है विद्यालय की सह प्रबंधक रुचि ऋतुराज ने कहा कि विद्यालय पूज्य माधव सदाशिव गोलवलकर जी के नाम से स्थापित हुआ था उन्हीं के विचारों को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ उनमें बहुमुखी प्रतिभा का सृजन किया जा रहा है प्राचार्य साधना अवस्थी ने कहा कि 15 वर्षों के विद्यालय के कार्यकाल में हमारे बच्चे आज विभिन्न क्षेत्रों में नए-नए आयाम स्थापित कर रहे हैं 2024 का हमारा कक्षा आठ का यह छात्र-छात्राओं का समूह निश्चित रूप से यहां से प्राप्त शैक्षणिक एवं संस्कारी आचरण व्यवहार से देश समाज माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन करेंगे इस अवसर पर कक्षा 7 के बच्चों द्वारा कक्षा 8 के बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए सभी बच्चों ने केक काटकर एक दूसरे को बधाई शुभकामनाएं दी इस अवसर पर प्रधानमंत्री कनिष्क मिश्रा श्रेया यादव कौशिकी बाजपेई राघव शुक्ला अनंत बाजपेई वंदिता जायसवाल आरुष त्रिवेदी हिफजा जिया राणा अनुभव इशांत तनिष्क अभिषेक प्रतीक हारून बच्चों द्वारा विद्यालय में अपने अविस्मरणीय संस्मरणों से उपस्थित सभी लोगों को भाउक कर दिया इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी के सही जवाब देकर मिस्टर फेयरवेल अनंत प्रकाश बाजपेई मिस फेयरवेल कौशिकी को मुकुट पहनकर पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर सभी बच्चों को उपहार भी दिए गए उप प्राचार्य वार्षिका पाराशर तथा विद्यालय परिवार ने मुख्यअतिथि जी को अंग वस्त्र पहनाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रिया तिवारी व काजल त्रिवेदी ने किया संस्कृतिक प्रस्तुतियां पूजा गुप्ता पूनम गुप्ता नावेद सर द्वारा प्रस्तुत कराई गई इस अवसर पर शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी बच्चों के लिए सुंदर-सुंदर मनमोहक प्रस्तुतियां दी इस अवसर पर विकास बाजपेई ऋषभ गुप्ता अमित जायसवाल पूनम जायसवाल पूनम ईशा पांडे शिवकुमार मिश्र उपस्थित रहे विद्यालय परिवार द्वारा सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना व प्रार्थना की गई।

# दोषी को 13 साल की बालिका से छेड़छाड़ करना पड़ा भारी, मिला चार साल का कठोर करावास

जन एक्सप्रेस | सुनहरा



**लखीमपुर-खीरी।** थाना मैगलगंज क्षेत्र में 10 साल पहले शौच गई अनुसूचित जाति की 13 वर्षीय बालिका के साथ छेड़छाड़ और मारपीट करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर विशेष न्यायाधीश पाक्सो राहुल कुमार प्रथम की कोर्ट ने आरोपी को चार साल कठोर कारावास और दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।
लोक अभियोजक पाक्सो बृजेश कुमार पांडेय ने बताया कि थाना मैगलगंज क्षेत्र की एक अनुसूचित जाति की 13 वर्षीय बालिका 31 अगस्त 2013 को गांव के बाहर खेत में शौच करने गई थी। जिसे गांव के ही दिलीप कुमार चौहान ने गन्ने के खेत में दबोच लिया था और छेड़छाड़ की थी। विरोध करने पर बालिका के साथ मारपीट की और उसकी होंठों में काट लिया था।पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया था। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पाक्सो राहुल सिंह प्रथम की अदालत में हुई। सुनवाई के बाद दोष सिद्ध होने पर अदालत ने आरोपी को चार वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है।साथ ही दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की आधी राशि यानी पांच गजार रुपये पीड़िता को दिए जाने के आदेश दिए हैं।

# सर्वोदय विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर-खीरी

गुरुवार को जिले के समाज कल्याण/जनजाति विकास विभाग उप्र द्वारा जिले में संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय (पूर्ववर्ती राजकीय आश्रम पद्दति विद्यालय) में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। आगामी 27 मार्च को प्रवेश परीक्षा कराई जाएगी। सत्र 2024-25 हेतु कक्षा छह, सात, आठ, नौ व 11 में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र 15 मार्च तक सम्बंधित विद्यालयों के कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त कर जमा किये जायेगें। उक्त जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर ने दी।उन्होंने बताया कि जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय साहबगंज रेहरिया खीरी एवं जय प्रकाश नारायण सर्वोदय (बालक) विद्यालय छाउछ खीरी, बेलापरसुआ व बालिका विद्यालय चन्दन चौकी-खीरी में कक्षा 06,07, 08 व 09 की प्रवेश परीक्षा 27 मार्च को स्वकेंद्र पर आयोजित होगी। प्रवेश प्रक्रिया 31 मार्च से प्रारम्भ की जायेगी। प्रवेश से सम्बंधित सम्पूर्ण जानकारी सम्बंधित विद्यालय के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। कक्षा 11 में प्रवेश मेरिट के आधार पर किया जायेगा।परिणाम आने के बाद जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में प्रवेश दिया जाएगा।

# लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत एमएलसी ने लाभार्थियों से किया संपर्क



जन एक्सप्रेस | लखीमपुर-खीरी

ओयल जैसे जैसे आगामी लोकसभा चुनाव नजदीक आने वाले है वैसे वैसे है भारतीय जनता पार्टी पूर्व की भांति सक्रिय नज़र आ रही है इसी क्रम में ओयल कस्बे के बूथ संख्या 80 के बूथ अध्यक्ष राजेंद्र अग्निहोत्री के माध्यम से कार्यकारिणी पन्ना प्रमुख सत्यापन कार्यक्रम आयोजित हुआ उक्त कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं सदस्य विधान परिषद अनूप कुमार गुप्ता ने ओयल क़स्बा स्थित जनता धर्मशाला में बूथ संख्या 80 के बूथ कार्यकर्ताओ एवं पन्ना प्रमुखो से मिलकर उनका सत्यापन किया, बूथ सत्यापन के पश्चात अनूप कुमार गुप्ता ने बूथ संख्या 80 के लाभार्थियों जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थी, आयुष्मान कार्ड लाभार्थी, उज्जवला योजना, सौभाग्य योजना के लाभार्थियों से घर घर जाकर संवाद किया उनका हाल जाना साथ ही उनके विचार समस्याओ को भी जाना!बूथ संख्या 80 पर निष्क्रिय पदाधिकारियों से वार्ता कर उनकी समस्याएं भी सुनी!इसके बाद लाभार्थियों से जनसम्पर्क किया! इस मौके पर रानू गुप्ता, राकेश गुप्ता समेत सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विधायक लिखी कार की टक्कर से ऑटो चालक की मौत, मचा कोहराम

जन एक्सप्रेस | हरदोई

जिले में माधौगंज-बघौली मार्ग पर बुधवार की देर रात कार ने ऑटो में टक्कर मार दी। घायल ऑटो चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। टक्कर मारने वाली कार में विधायक लिखा हुआ था। पुलिस ने कार कब्जे में लिया है। माधौगंज थाना क्षेत्र के हसनपुर ज्योली निवासी नन्हेंलाल (42) ऑटो चलाता था। बुधवार देर रात बघौली चौराहा पर सवारियां उतारकर अपने गांव जा रहा था। बघौली मार्ग पर पहुंतेरा गांव के पास माधौगंज की ओर से आ रही कार ने ऑटो में टक्कर मार दी। घटना में नन्हेंलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को सीएचसी माधौगंज पहुंचाया। यहां ड्यूटी पर तैनात डा. लोकेश ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके परिवार में पत्नी रीना, दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं। नन्हेलाल के भाई आशाराम ने कार चालक पर पंजीकरण के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# गोष्ठी में अधिकारियों ने दी गन्ना बुआई की जानकारी




जन एक्सप्रेस | गोला गोकर्णनाथ खीरी

बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला द्वारा मैलानी जोन के ग्राम मुल्लांपुर में एक कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना तथा ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर, सहायक महाप्रबंधक गन्ना डा ऑ डी शर्मा गन्ना अधिकारी स्वदेश पाल सिंह एव गन्ना सुपरवाइजर तथा बडी तादाद में कृषक उपस्थित रहे। महाप्रबंधक गन्नाचतुर्वेदी ने बताया कि बसंत कालीन गन्ना बुवाई में को 0118, कोलख 14201, को 98014 15023 प्रजातिया भूमि शोधन के लिए टाईकोडरमा बीज शोधन के लिए थायोफिनेट मिथाइल दो आंख बीज का टुकड़ा ट्रेंच विधि द्वारा बुवाई गन्ना प्रजाति सी, ओ-0118 सी, ओ 15023 को लख14201 एव जलभराव हेतु सीओ 980 14 की बुवाई करें। दवाओं के प्रयोग करने की विधि के बारे में बताया गया।ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक द्वारा विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया कृषकों से बाद- संवाद भी हुआ गोष्ठी की अध्यक्षता हरविन्दर सिंह द्वारा की गई क्षेत्रीय किसानों में मनोज वर्मा भवर लाल, दिनेश, राम सागर कृषकगण मौजूद रहे।

# राज्यसभा चुनाव में सपा और कांग्रेस को झटका, यह सब सपा-कांग्रेस के नेताओं के कर्मों का फल: बृजभूषण शरण सिंह

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर-खीरी



भाजपा अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा की बहन की शादी समारोह में शामिल होने आए भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और कैसरगंज से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने हेलीपैड पर सपा और कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला बोला। राज्यसभा चुनाव में सपा और कांग्रेस को झटका लगने पर कहा कि यह सब सपा-कांग्रेस के नेताओं के कर्मों का फल है। इसकी जिम्मेदारी भी उन्हीं की है न कि भारतीय जनता पार्टी की। पुलिस लाइंस मैदान पर अपने निजी हेलीकॉप्टर से उतरे भाजपा सांसद ने मीडिया से कहा कि सपा कांग्रेस में जो कुछ भी चल रहा है, उसका कारण कहीं न कहीं नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच बहुत गैप हो गया है।कल टीवी पर देख रहा था कि एक विधायक का बयान था कि चार महीने से राहुल गांधी से मिलने का समय मांग रहा हूं। एक सांसद और विधायक अपने नेता के लिए कार्यकर्ता ही होता है और वह अपने नेता से ही नहीं मिल पाएगा तो यह नौबत तो आएगी ही।उन्होंने लोकसभा चुनाव पर सवाल के जवाब में कहा कि सब की सब सीटें भाजपा जीतेगी। अवध क्षेत्र हमेशा भारतीय जनता पार्टी के लिए ऊर्वरक के रूप में है। पिछली बार श्रावस्ती चली गई थी। इस बार वह भी वापस आएगी।अब तो अयोध्या में भगवान श्रीराम विराजमान हो चुके हैं।ऐसे में अवध क्षेत्र में डंका नहीं बजेगा तो कहां बजेगा।सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को सीबीआई के समन पर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया।

## सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को फूल माला व शॉल पहनाकर एसपी ने किया सम्मानित



जन एक्सप्रेस/ लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी द्वारा पुलिस आफिस में अधिवर्षता आयु पूरी करने के उपरान्त सेवानिवृत्ति होने वाले पुलिसकर्मियों को फूल माला व शॉल पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर उनके आगामी सुखमय जीवन की शुभकामनाओं सहित विदा किया गया। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक खीरी, गणेश प्रसाद साहा द्वारा पुलिस ऑफिस खीरी में अधिवर्षता आयु पूरी करने के उपरान्त सेवानिवृत्ति होने वाले पुलिसकर्मियों को फूल माला व शॉल पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर उनके आगामी सुखमय जीवन की शुभकामनाओं सहित विदा किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को सम्बोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं उत्तम स्वास्थ्य तथा दीर्घायु की कामना की गई। समारोह में उपस्थित अन्य अधिकारीगणों द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को पुलिस विभाग में अपने सेवाकाल के दौरान किए गये कार्यों की सराहना की गई।

# आरोपों में घिरे शिक्षक जांच में पाए गए दोषी, बीएसए ने किया निलंबित

जन एक्सप्रेस | सीतापुर

छात्रा को मारने-पीटने व बचाव करने पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक से मारपीट करने, उपस्थित पंजिका पर चार दिन के हस्ताक्षर न मिलने, अभद्रता करने सहित कई अन्य आरोपों की बीईओ जांच रिपोर्ट पर आरोपी शिक्षक का बीएसए ने बुधवार को निलंबित कर दिया। पूरे प्रकरण में शिक्षक पर लगे आरोपों की विस्तृत जांच बीईओ सिधौली को सौंपते हुए 15 दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश बीएसए द्वारा दिए गए हैं। निलंबित शिक्षक को बीआरसी बिसवां संबद्ध किया गया है। महमूदाबाद खंड शिक्षाधिकारी उदयमणि पटेल ने बताया कि महमूदाबाद विकास खंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय लोनियनपुरवा में 12 फरवरी को यहां तैनात शिक्षक मुनीर अहमद द्वारा कक्षा एक की छात्रा रजनी की डंडे से पिटाई की गई थी जिससे उसके कान के नीचे खून बहने लगा था। इंचार्ज प्रधानाध्यपाक द्वारा मना करने पर उनके साथ भी आरोपी शिक्षक द्वारा मारपीट करने हुए अध्यापक उपस्थिति पंजिका भी फाड़ दी गई थी। इं.प्र.अ. द्वारा सदरपुर थाने पर आरोपी शिक्षक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रकरण की जानकारी बीईओ को देकर घायल छात्रा का मेडिकल कराया गया था। बीईओ उदयमणि पटेल ने 13 फरवरी को स्कूल पहुंच विद्यालय में तैनात शिक्षक, शिक्षामित्रों, अभिभावकों के साथ पीड़ित छात्रा व इंप्रअ के बयान दर्ज करते हुए जांचकर आख्या बीएसए को भेजी गई है। जांच के अगले दिन आरोपी शिक्षक द्वारा बीईओ को उनके मोबाइल पर भी काल पर अभद्रता की गई थी। बीईओ की जांच आख्या पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सीतापुर द्वारा बुधवार को आरोपी शिक्षक मुनीर अहमद खां को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने हुए पूरे प्रकरण की जांच बीईओ सिधौली को सौंपते हुए 15 दिवस में आख्या देने के निर्देश बीएसए ने दिए। निलंबन अवधि में आरोपी शिक्षक को बीआरसी बिसवां कार्यालय में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश बीएसए ने दिए हैं।

# टॉवर पर चढ़े युवक ने काटा हंगामा, ग्रामीणों सहित पुलिस पहुंची मौके पर

जन एक्सप्रेस | सीतापुर

नशे में धुत युवक ने टावर पर चढ़ कर हाइवोल्टेज ड्रामा काटा। हंगामे की सूचना पर आसपास के ग्रामीण सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। घण्टो की मान मनव्वल के बाद युवक को टावर से नीचे उतारा गया। पुलिस चौकी पैतेंपुर क्षेत्र के केदारपुर गांव निवासी तीस वर्षीय युवक एयरटेल के टावर पर गुरुवार की दोपहर चढ़ गया। युवक करीब चार घण्टे तक टावर पर चढ़ा रहा और हंगामा करता रहा। इस बीच पुलिस व गांव के लोग उसे समझाने के तमाम प्रयास करते रहे पर उसने किसी की बात नही मानी। युवक नशे में होने के साथ मनोरोगी भी बताया जा रहा है। इसी युवक ने 11फरवरी 2019 को कोतवाली महमूदाबाद परिसर में लगे पीपल के ऊचे पेड़ पर चढ़कर ड्रामा किया था। जिसे आज टावर पर चढ़कर दोहराया। केदारपुर निवासी अनिल पुत्र राम तीरथ गुरुवार को करीब ग्यारह बजे गांव में लगे एयरटेल टावर पर चढं गया। सूचना पाकर चौकी इंचार्ज अमित पाण्डेय दलबल के साथ मौके पर पहुंच कर टावर पर चढ़े युवक से बात करना चाही किन्तु युवक कोई बात नहीं सुन रहा था। पुलिस ने टावर के नीचे जाल तान कर अनिल को नीचे उतरने को कहा उपस्थित ग्रमीणों ने भी उतरने को कहा काफी मान मनौवल हुई।इस बीच अनिल टावर पर ही कुछ देर के लिए लेट गया। करीब चार घण्टे के बाद अनिल टावर से उतरा तब मौके पर मौजद अधिकारियों ने राहत की सांस ली। अनिल को मानसिक रोगी के नशेड़ी बताया जा रहा है। अनिल इससे पूर्व कोतवाली परिसर के ऊचे पीपल पर 11फरवरी 2019 को चढ़कर कर ड्रमा कर चुका है।

# फर्जी मुकदमें दर्ज कर हमारी आवाज को दबाया नहीं जा सकता: अल्पना सिंह

जन एक्सप्रेस | सीतापुर




संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वाधान में आज शहीद पार्क सीतापुर में इकठ्ठा होकर नारेबाजी करते हुए कार्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी सीतापुर को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। किसान मंच राष्ट्रीय सचिव/प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने कहा कि भाजपा शासन में किसानों के प्रति अपनाया जा रहा हिटलर शाही रवैया तानाशाही का प्रतीक है। हम इसकी भर्त्सना करते हुए चेतावनी देते हैं कि फर्जी मुकदमे वापस लिए जाएं अन्यथा की स्थिति में हम सभी एकजुट होकर सड़कों पर संघर्ष के लिए बाध्य होंगे। किसान नेता पिंदर सिंह सिद्धू ने कहा कि यह कैसा दुर्भाग्य है कि सच के लिए अपनी बात उठाने पर मुकदमें पंजीकृत किए जा रहे हैं!केन्द्र व प्रदेश सरकारें दिल्ली बार्डर पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना कर किसानों पर आंसु गैस के साथ लाठियां भांज रहीं हैं। सिख संगठन जिला अध्यक्ष गुरुपाल सिंह ने सभी किसानों से एकजुट होकर अपने हकों के लिए संघर्ष का आवाहन किया। किसान मंच महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अल्पना सिंह ने कहा कि इस तरह के फर्जी मुकदमे दर्ज कर हमारी आवाज को दबाने का जो प्रयास भाजपा कर रही है,उसे भविष्य के लोकसभा चुनाव में इसका परिणाम भुगतना होगा!जिला पंचायत सदस्य कामरेड अर्जुन लाल ने कहा कि पूर्व में हम सभी द्वारा की गई गलतियों के परिणाम स्वरूप चुनी गई भाजपा लोकतंत्र की हत्या कर रही है। मैं जनता जनार्दन से सचेत रहकर लोकतंत्र को बचाने का निवेदन करता हूं। ज्ञापन देने वालों में दिव्य सिंह, राम चंद्र मौर्य, विजय कुमार सिंह,हसीना खातून, आनन्द सिंह, तनवीर सिंह, राम सनेही वर्मा, कुलदीप सिंह, सतनाम सिंह, नफीस गाजी, जमील खां, अनवर सिद्दीकी, एवन सिंह, सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

# मुख्य विकस अधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस | सीतापुर



मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिये कि सड़क सुरक्षा के उपायों के संबंध में व्यापक जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जाये तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने एन0एच0 ए0आई0 के अधिकारियों को निर्देश दिये कि लखनऊ सीतापुर मार्ग पर बिजवार क्रासिंग ओवरब्रिज से पूर्व संकेतक स्थापित कराया जाये, जिससे वाहन चालकों को मार्ग की सही जानकारी मिल सके। चिन्हित ब्लैक स्पाट पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश भी मुख्य विकास अधिकारी ने दिये। मुख्य विकास अधिकारी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि विद्यालयों में विद्यालययान सुरक्षा समितियों की बैठकें समय से आयोजित करायी जायें। स्कूली वाहनों का फिटनेस समय से हो तथा वाहन के चालकों/परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं पुलिस सत्यापन भी समय से कराया जाये। स्कूली वाहनों में स्थापित अग्निशमन यन्त्रों के संचालन का प्रशिक्षण कराये जाने के निर्देश भी मुख्य विकास अधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि मानक विहीन एवं असुरक्षित वाहनों से स्कूली बच्चों को कदापि न ले जाया जाये। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिये कि वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर अवश्य लगवाया जाये। विशेषकर गन्ने की ढुलाई में लगे वाहनों में रिफ्लेक्टर अवश्य लगवायें। ओवरलोडिंग करते पाये जाने पर कार्यवाही की जाये। बैठक के दौरान एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेयी, क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सीतापुर वैभव त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## उपजिलाधिकारी को मिला पालिका के अधिशासी अधिकारी का प्रभार

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** विगत एक माह से रिक्त चल रहे नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी के पद के लिए जिला प्रशासन के द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था कर दी गई है। अब प्रभारी अधिशासी अधिकारी का पद उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल को सौपा गया है। इस व्यवस्था से पालिका के शासकीय एवं विकास कार्यों में गतिशीलता आ जाएगी।

30 जनवरी 2024 को नगर पालिका परिषद के तत्कालीन अधिशासी अधिकारी वेद प्रकाश यादव को शासन के द्वारा निलंबन की कार्रवाई करके जिला मुख्यालय में अटैच कर दिया गया था। बीते एक महीने से अधिशासी अधिकारी का पद रिक्त चल रहा था। जिससे वेतन बिल तैयार न होने से कर्मचारियों को तनख्वाह नहीं मिल रही थी और विकास तथा निर्माण कार्यों का भुगतान भी रुका हुआ था। इसी को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल को पालिका के अधिशासी अधिकारी का प्रभारी नियुक्त किया है। अब पालिका के शासकीय कार्यों में तेजी आएगी। वर्तमान समय में उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल शासकीय कार्यों से अवकाश पर हैं, वे दो मार्च को वापस लौटेंगे। जिसके बाद वह अधिशाषी अधिकारी का पदभार ग्रहण करेंगे।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा सड़क निर्माण कार्य, जिम्मेदार मौन

**✱ परफार्मेंस ग्राण्ड गांव परसिया तिवारी बैरियाखास मार्ग पर गुणवत्ता विहीन हो रहा कार्य, गुणवत्ता विहीन निर्माण सामग्री का किया जा रहा उपयोग, ठेकेदार की मनमानी के आगे घुटने टेकते जिम्मेदार**

**जन एक्सप्रेस | गोरखपुर**

उत्तर प्रदेश की योगीजी की सरकार जहाँ भ्रष्टाचार को खत्म करने को प्रतिबद्ध है वहीं कुछ अधिकारी कर्मचारी व ठेकेदार सरकार के नियमों को ताक पर रख कर सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश की मंशा पर पानी फेर रहें हैं, इसका जीता जागता उदाहरण योगीजी के गृह जनपद के विकास खण्ड बड़हलगंज के ग्राम सभा परसिया तिवारी का है जहां परफॉर्मेंस ग्राण्ट के तहत ग्राम सभा के विकास कार्यो के लिए सरकार द्वारा लगभग 7.54 करोड़ का बजट पारित किया गया है । ग्रामसभा में परफॉर्मेंस ग्राण्ड के तहत कई कार्य हो रहे हैं और कुछ कार्य होने बाकी है इसी क्रम में पीड़हनी चौराहे से बैरियाखास मार्ग पर इंटरलॉकिंग का कार्य हो रहा है जिसकी चौड़ाई 2 मीटर सड़क के दोनों तरफ है इस कार्य को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि इंटरलॉकिंग कार्य गुणवत्ता विहीन हो रहा है जहाँ इंटरलॉकिंग की दीवार छः एक के सफेद बलुई मिट्टी के मसाले से चिनाई की जा रही है और सेमा ईट का उपयोग किया जा रहा है।

सफेद बलुई मिट्टी के उपयोग होने के कारण दिवाल कमजोर होने की आशंका जताई जा रही है तो भविष्य के क्या मजबूती होगी। ग्रामीणों ने बताया कि इंटरलॉकिंग के नीचे ईट की कंक्रीट नही दी जा रही है केवल सफेद बलुई मिट्टी देकर ऊपर से इंटरलॉकिंग बिछा दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि कार्य केवल ठेकेदार अपने मनमानी तरीके से कर रहा है और विभागीय अधिकारी इसपर किसी प्रकार की सूध नही ले रहे हैं। इस प्रकरण के बारे में पत्रकार ने जब ठेकेदार से बात करनी चाही तो कई बार रिंग जाने के बाद भी ठेकेदार का फोन नही उठा।



**प्रधान से लेकर सचिव तक ने स्वीकारा, घटिया निर्माण**

इस प्रकरण में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने बातचीत में बताया कि कार्य तो गुणवत्ता विहीन हो रहा है लेकिन कई अधिकारियों के मद से ये कार्य हो रहे है वहीं अजीबोगरीब बात यह है कि प्रकरण ग्राम विकास अधिकारी के संज्ञान में नहीं है।

**बोले डीपीआरओ, संबंधित पर की जाएगी कार्रवाई**

प्रकरण के संबंध में पूछे जाने पर पंचायती राज अधिकारी नीलेश प्रताप सिंह ने कहा कि मामले को संज्ञान में लेकर संबंधित पर कार्यवाई की जाएगी।

## उपचार के दौरान महिला की मौत, मायके पक्ष ने लगाया लापरवाही का आरोप

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरदौली गांव में विवाहिता की अचानक हालत बिगड़ गई। जिसे आनन-फानन में परिजन उठाकर उपचार के लिए ले गए, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मायके पक्ष द्वारा ससुरालियों पर सही से इलाज न करने का आरोप लगाया जा रहा है।

कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरदौली गांव निवासी बबलू की 25 वर्षीय पत्नी मुस्कान की बुधवार को अचानक हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ते देख परिजन घबरा गए और वह आनन-फानन में उसे उठाकर उपचार के लिए मेडिकल कालेज लाए। जहां पर उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई, और परिजन महिला के शव को गांव ले आए। वहीं सूचना पर पहुंचे कदौरा थाना क्षेत्र के मरगायां गांव निवासी मायके पक्ष के लोगों ने सही तरीके से इलाज न कराने का आरोप लगाया है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### स्मार्ट फोन छात्रों की पढ़ाई और नौकरी ढूढने में होगा सहायक: राघवेन्द्र वीर विक्रम सिंह

**जन एक्सप्रेस/भाटपार रानी देवरिया।** मालवीय संस्थान के प्रबंधक व वरिष्ठ भाजपा नेता राघवेन्द्र वीर विक्रम सिंह ने कहा कि युवाओं के तकनीकी सशक्तीकरण के लिए सरकार गंभीर है। विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने और डिजिटल शक्ति को बढ़ावा देने के लिए यूपी सरकार फी स्मार्ट फोन व टैबलेट योजना के तहत स्मार्ट फोन वितरित कर रही है।उक्त बातें श्री सिंह गुरुवार को कस्बे के मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज के तत्वावधान में आयोजित स्मार्टफोन वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने आपको स्मार्ट फोन देकर स्मार्ट बनाने का निर्णय लिया है जिससे आप शिक्षा के क्षेत्र में जिन समस्याओं के समाधान के लिए इधर उधर ढूंढते रहे हैं वे सब आपके मोबाइल में एक क्लिक पर मिल जाएगा। इससे आप अपनी पढ़ाई की तैयारी अच्छी तरह से कर सकते हो। लेकिन अगर आपने इसका दुरुपयोग किया तो यह आपके जीवन की गाड़ी को पटरी से उतार भी देगा। प्राचार्य प्रो. सतीश चंद्र गौड़ ने छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान प्रोफेसर कमलेश नारायण मिश्रा, प्रोफेसर मनोज कुमार, प्रोफेसर सुधीर शुक्ला, प्रोफेसर अवतार वर्मा, पूर्व प्राचार्य डॉ राकेश कुमार, डॉ मनीष नाथ त्रिपाठी, डॉ श्रीनिवास मिश्र, डॉ अवनीत सिंह, राजेशधर द्विवेदी, प्रवीन शाही, शिव प्रताप सिंह सहित समस्त कर्मचारी वर्ग उपस्थित रहे।

### किशोरी का मिला शव, गला दबाकर हत्या की आशंका

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सोंदा के ताल में गुरुवार की सुबह एक 8 वर्षीय किशोरी का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। किशोरी बुधवार की शाम 4 बजे से गायब थी। उसकी गला दबाकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।सदर कोतवाली क्षेत्र के वरवां गोरस्थान निवासी सोना यादव (8) पुत्री भारत यादव बुधवार की शाम 4 बजे कुछ सहेलियों के साथ ताल में बकरी चराने गई थी, लेकिन शाम को वापस नहीं लौटी। इसके बाद से परिजन उसकी खोजबीन शुरू कर दिए। देर रात तक उसका कोई पता नहीं चला। गुरुवार की सुबह कुछ लोगों ने ताल में किशोरी का शव देखा तो इसकी सूचना गांव में दी। घर वालों ने मौके पर पहुंचकर किशोरी की पहचान सोना के रूप में की। किशोरी के गले में दुपट्टे का फंदा मिला, जिससे गला कस कर हत्या करने की आशंका जताई जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर विधिक कार्यवाही शुरु कर दिया।

### प्रभाकर तिवारी हुए भाजपा के मीडिया प्रभारी

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी के जिला संगठन इकाई ने प्रभाकर तिवारी को जिले का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। औरा चौरी स्थित भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने उन्हें अंगवस्त्र और पटका ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा नए दायित्व की शुभकामनाएं दी। इनके मनोनयन पर सांसद डा. रमापति राम त्रिपाठी, कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, विधायक डा. शलभ मणि त्रिपाठी, एमएलसी डा. रतनपाल सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह, विधायक सुरेंद्र चौरसिया, दीपक मिश्र शाका, सभाकुंवर कुशवाहा, जयप्रकाश निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष, गिरीश चंद तिवारी, नगरपालिका अध्यक्ष अलका सिंह सहित अन्य पार्टी नेताओं ने बधाई दी है।

### छात्रों को वितरित किए गए निशुल्क स्मार्टफोन

**जन एक्सप्रेस/बरहज देवरिया।** सदानंद संस्कृत महाविद्यालय बेलासपुर में उत्तर प्रदेश सरकार की टैबलेट स्मार्टफोन वितरण योजना के तहत 44 छात्र छात्राओं को फोन वितरित किए गये। स्मार्ट फोन पाते ही छात्रों के चेहरे खिल गये, वे काफी उत्साहित दिख रहे थे।कार्यक्रम का शूभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्रपट पर दीप प्रज्ज्वलन व पूजन के साथ वैदिक मंत्रोच्चार व पौराणिक मंगलाचरण के बीच प्रारंभ हुआ। मुख्यातिथि क्षेत्रिय सांसद कमलेश पासवान ने कहा कि 19 अगस्त 2021 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में अपने संबोधन के दौरान यूपी टैबलेट योजना शुरू करने की घोषणा हुई। इस योजना के माध्यम से राज्य के युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध कराये जा रहे हैं। इस योजना से करीब 1 करोड़ से ऊपर युवाओं को फायदा होगा 7 फ्री टैबलेट स्मार्टफोन योजना का लाभ ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, टेक्निकल और डिप्लोमा की पढ़ाई करने वाले छात्र प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर सांसद ने सांसद क्षेत्र विकास निधि वर्ष 2023-24 अन्तर्गत स्वीकृत धनराशि मु. 6.00 लाख से महाविद्यालय में भवन का शिलान्यास किया। भाजपा नेता अंगद तिवारी ने अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तो वहीं प्रबंधक दिगंबर नाथ तिवारी ने बुकें भेंट की। कार्यक्रम में भलुअनी ब्लॉक प्रमुख छद्दू यादव, नरेन्द्र मिश्र पप्पू, संजय सिंह,बरहज ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि निखिल सिंह राजा व नीरज शाही ने भी संबोधित किया। संचालन प्रणव कुमार दूबे ने किया। इस अवसर पर अतिथियों ने वैदिक विद्वानो और पत्रकार बंधुओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान आचार्य आयुष शास्त्री व शिवमंगल तिवारी, जामवन्त कुशवाहा, रविप्रकाश तिवारी, जितेंद्र भारत, नीरज शाही आदि उपस्थित रहे।

### 70 कृषकों को पम्पसेट का किया गया वितरण

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत वर्ष 2015 से अब तक निर्मित उथले नलकूपों पर कृषकों की आय एवं सुविधा तथा आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सलेमपुर सांसद रविन्द्र कुशवाहा की अध्यक्षता में तथा राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम की उपस्थिति में 70 कृषकों को पम्पसेट का वितरण निरीक्षण भवन सलेमपुर में किया गया। इस अवसर पर सांसद सलेमपुर ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में समाज के सभी वर्गों का विकास हो रहा है। ग्राम्य विकास राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर है। समाज के सभी वर्गों को सम्मान बढ़ा है। वितरण समारोह में वितरण कार्यकम में उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय द्वारा लघु सिंचाई विभाग के कार्यों के सम्बन्ध में कृषकों को विस्तृत जानकारी दी गयी। वितरण सभा का संचालन सहायक अभियन्ता पंकज राय द्वारा किया गया। अधिशासी अभियन्ता, देवरिया ने सांसद, राज्यमंत्री, ब्लॉक प्रमुखों, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई पंकज राय तथा आमन्त्रित कृषकों लघु सिंचाई परिवार के कार्मिक एवं क्षेत्रीय जनता को आभार व्यक्त किया गया वितरण कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख सलेमपुर सीमा अमरेश, ब्लॉक प्रमुख लार अनुभा सिंह, ब्लॉक प्रमुख भाटपाररानी सोनमती देवी, ब्लॉक प्रमुख भागलपुर मुन्नी लाल, बनकटा ब्लॉक प्रमुख बिन्दा कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

# लंबीकूद में निशा तो दौड़ में रविंद्र ने मारी बाजी

**जन एक्सप्रेस | आनंदनगर महराजगंज**

स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है, इसलिए पढ़ाई के साथ-साथ खेल आवश्यक है। खेल से बच्चों में आपसी प्रतिस्पर्धा का भाव विकसित होता है और यह प्रतिस्पर्धा उनकी पढ़ाई में भी सहयोगी होता है। यह कहना है लाल बहादुर शास्त्री पीजी कॉलेज आनंदनगर, महाराजगंज के प्रबंधक डॉक्टर बलराम भट्ट का। उक्त बातें डॉक्टर भट्ट ने गुरुवार को लाल बहादुर शास्त्री स्मारक पीजी कॉलेज आनंद नगर महाराजगंज में वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता समारोह का उद्घाटन करते हुए बतौर मुख्य अतिथि कही।उन्होंने कहा कि बच्चों में खेल प्रतिस्पर्धा बहुत जरूरी है। क्योंकि जब तक प्रतिस्पर्धा भाव नहीं होगा तब तक आगे नहीं बढ़ेंगे। क्योंकि जीवन के हर मोड़ पर प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है । बिना प्रतिस्पर्धा के जीवन में कुछ भी नहीं किया जा सकता। इसलिए खेल भावना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज इस कीड़ा प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में



बेटियों की संख्या देखकर खुशी हो रही है। क्योंकि जब तक बेटियां आगे नहीं बढ़ेंगी तब तक देश आगे नहीं बढेगा। आज बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। 100 मीटर दौड़ में छात्रों में रविंद्र साहनी ने प्रथम, दुर्गेश चौहान ने द्वितीय एवं जोगिंदर सहानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

जबकि लंबी कूद में छात्राओं में निशा विश्वकर्मा प्रथम, रीमा यादव द्वितीय एवं माया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि छात्रों में अजीत कुमार प्रथम, गंगासागर द्वितीय एवं कुलदीप शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में रीमा यादव प्रथम, वंदना कुमारी द्वितीय एवं रेखा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

जबकि छात्रों में रविंद्र साहनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में सोनू सहानी प्रथम जबकि छात्राओं में सोनू साहनी प्रथम, रीमा यादव द्वितीय एवं अनुराधा चौरसिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष कबड्डी में बीएससी की टीम प्रथम एवं बीए की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया जबकि छात्राओं में बीए प्रथम वर्ष की टीम विजेता रही।

क्रीड़ा समारोह में आए हुए अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राम पाण्डेय एवं आभार ज्ञापन क्रीड़ा सचिव अजीत सिंह ने किया। इस अवसर पर निर्णायक मंडल के रूप में डॉक्टर वैभव मणि त्रिपाठी, शिवानंद सिंह सुरजीत कुमार, मैनुद्दीन सिद्दीकी, दुर्गेश आजाद , विवेक वर्मा ने पूरी क्रीड़ा प्रतियोगिता को संपन्न कराया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर प्रवीण कुमार मिश्र ने किया।

## अवैध चाकू के साथ बदमाश गिरफतार

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** आपराधिक घटना करने के उद्देश्य से घूम रहे एक व्यक्ति को अवैध चाकू समेत स्थानीय कोतवाली पुलिस के सब इंस्पेक्टरों के द्वारा गिरफ्तार कर के जेल भेज दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक कालपी नगर के यमुना नदी के किनारे पीला घाट में संदिग्ध हालात में एक व्यक्ति के घूमने की खबर मुखबिर से मिली। सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद के निर्देश पर रामगंज चौकी इंचार्ज धर्मेद्र कुमार तथा सब इंस्पेक्टर मोहम्मद वसीम की पुलिस टीम ने घेराबंदी करके पीला घाट से आरोपी युवक राजकुमार पुत्र महेंद्र निवासी मोहल्ला मजबूत पर कस्बा कालपी को पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति के पास से एक अवैध चाकू बरामद किया गया पुलिस ने जुर्म धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करके जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी युवक किसी अप्रिय घटना को घटित करने के उद्देश्य घूम रहा था इसी दौरान वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

# लाइफकेयर सोसायटी ने आयोजित किया रक्तदान शिविर



**जन एक्सप्रेस | चौरी चौरा गोरखपुर**

लाइफकेयर सोसाइटी के तत्वाधान में नगर के सेंट्रल एकेडमी परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए डॉक्टर ए के सिंह एवं डॉक्टर अनुराधा सिंह ने रक्तदान की महत्ता को समझाया।

संस्थान के निदेशक सृंजय कुमार मिश्र ने रक्तदान को महादान की संज्ञा दी।

प्रधानाचार्य संजीव कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि रक्तदान करने से व्यक्ति का शरीर स्वस्थ रहता है एवं किसी जरूरतमंद की मदद हो सकती है, शिविर में कुल 25 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदानियों में मुख्य रूप से सुजीत, इसरार अहमद, रविंद्र अनिल कुमार जायसवाल प्रतिमा उपाध्याय, अनीता पासवान, सीमा राय, प्रशांत जायसवाल, आशीष जायसवाल विकास एवं शिखा तथा समिति के सदस्य संजय जयसवाल पंकज लाठ, अनूप जायसवाल आदि रहे।

इस दौरान लाइफकेयर सोसाइटी से पंकज लाठ, अनूप जायसवाल, संजय जयसवाल तथा विमला पांडे सुशील नायक, राकेश श्रीवास्तव, अनिल सिंह दानवीर सिंह, अनिल कुमार पांडे, आदित्यनाथ कुशवाहा,अनिरुद्ध यादव, राज नारायण पांडे अश्वनी त्रिपाठी नीलिमा शुक्ला अनीता गुप्ता मनीष दुबे अंजलि जायसवाल सहित समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

## यौन उत्पीड़न की शिकार महिला ने पति के साथ मिलकर प्रेमी को उतारा था मौत के घाट

**जन एक्सप्रेस | महोबा**

यौन शोषण की शिकार महिला ने पति के साथ मिलकर तथाकथित प्रेमी की धारदार हथियारो के ताबड़तोड़ प्रहार कर हमेशा- हमेशा के लिए मौत की नींद सुला दिया था। थाना महोबकण्ठ पुलिस ने मृतक की प्रेमिका तथा उसके पति को बंदी बनाकर जेल भेजा है। ज्ञातव्य हो कि 24/25 की रात खेत पर सो रहे हाकिम पुत्र मेहरबान उम्र 40 निवासी ग्राम सौरा थाना महोबकण्ठ की धारदार हथियार से अजुद्धी पुत्र स्व0 धन्नी रैक्वार तथा सोनम पत्नी अजुद्धी ने पूर्व योजना के अनुसार सिर और गर्दन पर ताबड़तोड़ प्रहार कर वीभत्य हत्या कर दी थी। सुबह जब हाकिम के परिजन खेत पर पहुँचे तो हाकिम का शव लहूलुहान देखकर दहाड़े मारकर रोने लगे। घटना की सूचना पर पहुँची थाना महोबकण्ठ पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे मे लेकर आवश्यक कार्यवाही के उपरांत शव को पोस्ट मार्टम हेतु विच्छेदन गृह भेजा था।

मृतक हाकिम के परिजनों ने अज्ञात हत्यारो के विरूद्ध थाना महोबकण्ठ पहुँचकर मुकद्मा दर्ज कराया था। अनावरण के दौरान थाना महोबकण्ठ पुलिस ने हाकिम के मित्र अजुद्धी व सोनम पत्नी अजुद्धी को धारा 302 के तहत बंदी बनाकर जेल भेजा है। पुलिस ने बताया कि हाकिम और अजुद्धी बलकट पर खेती साझे पर करते थे तथा दोनो मछली अखेट कर बेंचने का कार्य करते थे पुलिस ने बताया कि अजुद्धी की अनुपस्थिति मे हाकिम श्रीमति सोनम के साथ डरा धमकाकर अवैध सम्बन्ध स्थापित करता था और महिला सोनम के विरोध करने पर वीडियो दिखाकर उसे बदनाम करने की धमकी देता था।

### ओलावृष्टि से फसल बर्बाद देखकर किसान ने कीटनाशक दवा का सेवन कर दी जान

**जन एक्सप्रेस/उरई।** एट थाना क्षेत्र के ग्राम गिरथान में किसान ने खेत पर जाकर कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया जिससे उसकी मौत हो गई। एट थाना क्षेत्र के ग्राम गिरथान निवासी रामपाल सिंह 49 वर्ष बुधवार को खेत पर काम करने गया था। बताया गया है कि खेत में खड़ी मटर व गेहूं की फसल को खराब देखा और बिना कुछ सोचे उसने वहां रखी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई, और वह अचेत होकर खेत में ही गिर गया। आसपास खेतों में मौजूद किसानों ने उसे अचेत अवस्था में पड़ा देखा तो उनमें हड़कंप मच गया और उन्होंने मामले की सूचना उसके परिजनों को दी। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। मौजूद लोगों की मदद से परिजन उसे उठाकर मेडिकल कालेज ले गए, जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# एसओजी प्रभारी ने एक और अवैध असलहा फैक्ट्री का किया भांडाफोड़, एक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | उरई**

डकोर कोतवाली क्षेत्र के एक खेत में संचालित हो रही अवैध असलाहा फैक्ट्री का एसओजी प्रभारी ने भांडाफोड़ कर दिया। इस दौरान एक असलहा तस्कर को गिरफ्तार कर मौके से भारी मात्रा में निर्मित अर्धनिर्मित तमंचे व उपकरण बरामद किए। मामले का खुलासा एएसपी ने किया।

पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने लोकसभा चुनाव के मध्य नजर जिले की एसओजी व सर्विलांस टीम सहित सभी थानों की पुलिस को अवैध असलहा और शराब की धर पकड़ करने का निर्देश दे रखा है। जिसके चलते लगातार दूसरे दिन गुरुवार दोपहर को एसओजी टीम



प्रभारी सत्येंद्र कुमार यादव ने अपनी टीम व डकोर पुलिस की मदद से डकोर कस्बे के बाहर खेत में संचालित हो रही अवैध असलहा फैक्ट्री को पकड़ लिया। मौके से पुलिस ने वहां असलहा बना रहे ग्यासी लाल निवासी ग्राम मनोरी थाना कोंच को पकड़ लिया। जबकि मौके से 14 निर्मित व अर्ध निर्मित असलहों सहित असलहा बनाने के उपकरण बरामद किए गए। मामले का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी ने बताया कि पुलिस की पूछताछ में पकड़े गए अभियुक्त ग्यासी लाल ने बताया कि वह ग्रामीण क्षेत्रों में इन असलहों की सप्लाई करता है। यह स्टॉक आगामी लोकसभा चुनाव के लिए किया जा रहा था। इस दौरान उपनिरीक्षक मोहित यादव, हेड कांस्टेबल ब्रिजेन्द्र भदोरिया, आकाश कुमार, श्रीराम, निरंजन भाई, अश्वनी, भूपेंद्र, रवि भदौरिया, आकाश जैन, जगदीश कुमार सहित टीम मौजूद रहीं।

# भारत की समृद्धि में किसानों का है अहम योगदान: पवन मिश्र

**जन एक्सप्रेस | देवरिया**

भाजपा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा चलाए जा रहे ग्राम परिक्रमा यात्रा अंतर्गत देवरिया सदर विधानसभा क्षेत्र के मुड़ाडीह गांव में किसान मोर्चा पदाधिकारियों ने ग्राम परिक्रमा कर कृषि यंत्र पूजन और घर-घर जाकर केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का पत्रक वितरित किया। यात्रा के दौरान किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने किसान भाइयों को संबोधित करते हुए कहा कि गेहूं के समर्थन मूल्य में 64 प्रतिशत और धान के समर्थन मूल्य में 66 प्रतिशत की ऐतिहासिक बढ़ोत्तरी भाजपा सरकार ने की है, जिसका बिना जाति धर्म के सीधा फायदा सभी किसानों को मिल रहा है।



उन्होंने कहा आज भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है जिसे आर्थिक रूप से सशक्त और समृद्ध बनाने में किसानों का अहम योगदान है। सभासद सन्तोष चौरसिया ने कहा कि भाजपा की सरकार गांवो के विकास के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में देश के रेहड़ी पटरी वालो को भी ऋण उपलब्ध करा रही है। इस दौरान मुख्य रूप से किसान मोर्चा नगर मण्डल अध्यक्ष अरुण मिश्र, असगर अली, विवेक श्रीवास्तव, हैदर अली, सनी कुशवाहा, बृजेश कुशवाहा, हीरालाल कुशवाहा उपस्थित रहे।

## भारतीय किसान संघ ने डीएम को सौपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** बेमौसम बारिश तथा ओलावृष्टि से दर्जनो गांव ग्रामो मे फसले नष्ट हो जाने पर गुरूवार के रोज भारतीय किसान संघ के बैनर तले कृषको ने जोरदार धरना प्रदर्शन कर मुआवजे की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी मृदुल चौधरी को सौपा है। भारतीय किसान संघ महोबा द्वारा जिलाधिकारी को सौपे गये ज्ञापन मे कहा है कि दैवीय आपदा से प्रभावित कृषको के सम्मुख भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गयी है। गांव ग्रामो मे कोई रोजगार उपलब्ध न होने तथा असमय हुई झमाझम हुई बारिश व ओलावृष्टि से जिले के दर्जनो ग्रामो की फसल खेत खलिहानो मे कटी तथा पड़ी फसले नष्ट हो गयी है। इस दैवीय आपदा से प्रभावित कृषको को शीघ्र शासन से राहत राशि दिलाये जाने की गुहार लगाई है।

# यूरिया प्लांट से निकले विशाक्त पानी के सेवन से 75 बकरियों की मौत

**जन एक्सप्रेस | कबरई/महोबा**

यूरिया टैंक की धुलाई कर असुरक्षित स्थान पर विशाख्त पानी डाले जाने तथा टैंक के विषैले पानी को पीने से 15 भेड़ो सहित 75 बकरियां काल के गाल मे समाहित हो गयी है। बकरी पालको का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस क्षेत्राधिकारी तथा थानाध्यक्ष कबरई घटनास्थल पर पहुँच गये है।

मिली जानकारी के अनुसार कानपुर सागर राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर स्थित कस्बा कबरई के निकट कौशल्या गेस्ट हाउस के पास यूरिया प्लांट लगा हुआ है थानाध्यक्ष कबरई का कहना है कि यूरिया प्लांट के टैंकरो की धुलाई कर उसका विशाख्त पानी असुरक्षित स्थान पर डाले जाने तथा बकरियो के पी जाने से मौत हुई है। घटनास्थल पर पहुँचे महोबा



उपजिलाधिकारी ने बताया कि उक्त यूरिया प्लांट अवैध है जिसका संचालन रामप्रकाश विश्वकर्मा द्वारा किया जा रहा था। बकरियों की मौत को उन्होने संज्ञान मे लेते हुए यूरिया प्लांट के संचालक रामप्रकाश विश्वकर्मा के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के दिशा निर्देश थानाध्यक्ष कबरई को जारी किये है। नित्य की भॉति कस्बा कबरई के पॉच पहाड़ियां निवासी पशु चरवाहा हल्के रैक्वार बकरी और भेड़े पाले हुए है जिसकी 15 भेड़ 12 बकरियां बताई जाती है इसके अतिरिक्त कस्बे के फूलसिंह की 20 बकरियां, छोटे श्रीवास की 1 बकरी, बिट्टू की 1 बकरियां, कन्हैया कुशवाहा की 2 बकरियां, हल्काई की 22 बकरियां तथा अन्य लोगो को मिलाकर 75 बकरियां चरा रहा था। अपरान्ह 12 बजे के लगभग यूरिया प्लांट के अवैध संचालक रामप्रकाश विश्वकर्मा के प्लांट मे यूरिया टैंको की धुलाई कर उसके जहरीले पानी को सुरक्षित स्थान की जगह सीधे सड़क के गड्ढ़ो पर भर दिया था। उक्त विशाख्त पानी पीने से 75 बकरियों की मौत हो गयी है। 75 बकरियों की मौत हो जाने पर जिला प्रशासन की कुम्भकर्णीय निंद्रा टूटी और घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, पुलिस क्षेत्राधिकारी, उपजिलाधिकारी महोबा तहसीलदार प्रशासनिक अमले के साथ पहुँच गये है। मृतक बकरियो को कब्जे मे लेकर उनका पोस्ट मार्टम कराया जा रहा है। बताया गया है कि यूरियां प्लांट का संचालक रामप्रकाश विश्वकर्मा रफूचक्कर हो गया है। उपजिलाधिकारी ने बताया कि यूरिया प्लांट को अवैध तरीके से संचालित किया जा रहा था, उन्होने कहा कि संचालितकर्ता के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जायेगी ताकि घटना की पुनावृत्ति न हो।

# डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया लेखा टीम का गठन

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**



जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र, शांतिपूर्ण एवं सुचारू ढंग से सम्पन्न कराने हेतु निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कार्य के लिए लेखा टीम का गठन किया गया है। 271-रूदौली में मनोज कुमार सिंह को लेखा टीम का प्रभारी व इनके साथ 02 सहायक अनंत राम यादव, अर्जुन लाल को रखा गया है।

इसी तरह 273-मिल्कीपुर में श्री हरे कृष्ण प्रसाद को लेखा टीम प्रभारी व महेश कुमार व सूरज वर्मा को सहायक बनाया है, 274-बीकापुर में शोमेश कुमार वर्मा को लेखा टीम प्रभारी व श्री मुक्त नरायन भारती व अम्बोज कुमार यादव को सहायक बनाया है, 275-अयोध्या में शिव नारायन सिंह को लेखा टीम प्रभारी व जमील अहमद व अभितेश को सहायक बनाया है, 276-गोशाईगंज में संदीप सक्सेना को लेखा टीम प्रभारी, शरद शर्मा व विजय श्रीवास्तव को सहायक बनाया है।

इसके अलावा 03 लेखा टीम प्रभारी आशीष कुमार सिंह, निलेश जायसवाल व प्रभात रंजन श्रीवास्तव को आरक्षित में रखा गया है तथा 06 सहायकों रमाकांत वर्मा, शफीक अहमद, मो0 आमीर, मनोज, शिवम श्रीवास्तव व राजेन्द्र प्रसाद को आरक्षित में रखा गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लेखा टीम द्वारा निर्वाचन प्रचार प्रसार आदि से सम्बंधित व्यय प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए निर्धारित छाया प्रेषण रजिस्टर और साक्ष्यों के फोल्डर के रख रखाव सहायक व्यय प्रेषक /सहायक नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण के मार्गदर्शन में कार्य करना होगा, आयोग के निर्धारित प्रारूप पर सूचना सम्बंधित सहायक रिटर्निंग आफिसर एवं व्यय लेखा हेतु नियुक्त नोडल/सहायक नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण सेल को उपलब्ध कराना होगा। यह आदेश अग्रिम आदेश तक प्रभावी रहेगा। उक्त जानकारी अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने दी है।

## सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर अब नहीं हो सकेगी घटतौली

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर अब घटतौली नही हो सकेगी। इसके लिए प्रदेश कि योगी सरकार ने जनपद मुख्यालय पर इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन भेजी है। इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन से थंब इंप्रेशन की डिवाइस को जोड़ दिया जाएगा। तौल मशीन पर सही वजन होने पर ही थंब इंप्रेशन मशीन पर अंगूठा लग सकेगा। घटतौली होने पर थंब इंप्रेशन डिवाइस पर नहीं होगा प्रोसेस। बाट माप विभाग इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन में डिवाइस इंस्टॉल करेगा। जल्द ही जनपद के सभी सरकारी गल्ले की दुकान पर इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन उपलब्ध कराई जाएगी। ब्लूटूथ से मशीन को कनेक्ट किया जाएगा। इस मशीन को संचालित करने के लिए सभी दुकानदारों को प्रशिक्षित किया जाएगा। जनपद के सभी पांचों तहसीलों के 994 दुकानों पर इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन इंस्टॉल की जाएंगी। जिला पूर्ति अधिकारी ने दी जानकारी डीएसओ बृजेश कुमार मिश्र ने बताया कि सोहावल में 165 व सदर तहसील के 238 कोटेदारों की दुकानों पर इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन पहुंच चुकी है। बीकापुर के कोटेदारों के यहां ईडब्ल्यूएस मशीन भेजी जा रही है। इसके बाद मिल्कीपुर व रूदौली क्षेत्र के कोटेदारों की दुकानों पर ईडब्ल्यूएस मशीन भेजी जाएगी।

# कांग्रेस पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता पूरी मेहनत से गठबंधन के उम्मीदवार को जिताने का काम करेगा: निर्मल खत्री

**❋ कांग्रेस के पदाधिकारीगणों एवं सपा के नेताओं के साथ हुई संयुक्त बैठक**

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**



कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर कांग्रेस के पदाधिकारीगणों एवम समाजवादी पार्टी के नेताओ के साथ संयुक्त बैठक हुई।

बैठक का संचालन कांग्रेस महानगर अध्यक्ष वेद कमल सिंह ने व अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव ने की। बैठक में उपस्थित कांग्रेस पार्टी के सभी पदाधिकारियों ने समाजवादी पार्टी (इंडिया गठबंधन) के अयोध्या - फैज़ाबाद लोकसभा के उम्मीदवार अवधेश प्रसाद को पूर्ण बहुमत से जिताने का संकल्प लिया। पूर्व सांसद निर्मल खत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता पूरी मेहनत से गठबंधन के उम्मीदवार को जिताने का काम करेगा, इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने कहा कि दोनों दलों का ही नही ये दोनों दिलों का गठबंधन है। बैठक में कांग्रेस के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि उनकी हर दुख सुख में शरीक रहूंगा, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय ने कहा कि मौजूदा सरकार से आज हर वर्ग परेशान है अयोध्या की धरती से गठबंधन के प्रत्याशी को जिताकर संसद भेजने का मन जनता ने बना लिया है।

जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव व महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने सभी के सुझाव लिए व सबको भरोसा दिलाया कि महानगर और ज़िला काग्रेस के सभी नेताओं से संपर्क कर बहुत जल्द महानगर व जिला व ब्लाक स्तर पर सयुक्त बैठक का अयोजन करेगी।

महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया कि इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व सांसद डा0 निर्मल खत्री, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, जिला महासचिव बख्तियार खान, महासचिव हामिद जाफर मीसम, कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष रामदास वर्मा, कमलासन पांडेय, छोटेलाल यादव, अमृत राजपाल, बलराम मौर्या, सरोज यादव, अरैनी पासवान, इश्तियाक खान, राजेंद्र प्रसाद सिंह, अनिल सिंह, अशोक वर्मा, अनिल तिवारी, उग्रसेन मिश्रा सहित कांग्रेस पार्टी के भारी संख्या में सम्मानित पदाधिकारीगण एवं नेतागण उपस्थित रहे।

# इंटरमीडिएट भूगोल विषय की परीक्षा में एक परीक्षार्थी अनुपस्थित



**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के सेंट जेवियर्स स्कूल में गुरुवार को सीबीएसई बोर्ड की भूगोल विषय की परीक्षा संपन्न कराई गई । परीक्षा में पंजीकृत 82 परीक्षार्थियों में से 81 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए । एक परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहा। जानकारी के अनुसार 29 फरवरी को सेंट जेवियर्स हाई स्कूल बलरामपुर में सीबीएसई की पूर्व प्रस्तावित परिषदीय (बोर्ड ) परीक्षाओं के अंतर्गत कक्षा 12 भूगोल विषय की परीक्षा संपन्न हुई। कक्षा 12 भूगोल (कोड-029) की परीक्षा में कुल 82 परीक्षार्थियों मे से 81 ने उपस्थिति दर्ज कराई, जबकि एक परीक्षार्थी अनुपस्थित पाया गया । परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुचारु रूप से संपन्न कराई गई।

# हनुमानगढ़ी मंदिर मे भागवत कथा के समापन पर विशाल संत सम्मेलन का आयोजन

**❋ श्रीमद् भागवत कथा समापन उपलक्ष में अन्नकूट भंडारा आज**

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के वीर विनय चौराहा स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर पर 22 फरवरी से चल रहे श्रीमद्भागवत कथा का समापन गुरुवार को संत सम्मेलन के साथ हो गया। वृन्दावन के प्रसिद्ध कथा वाचक रोहित शास्त्री के मधुर वाणी से 28 फरवरी तक प्रत्येक दिन सायंकाल आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार 29 फरवरी को अयोध्या धाम के मणीराम दास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास शास्त्री की अध्यक्षता में संत सम्मेलन आयोजन के साथ ही हनुमानगढ़ी मंदिर पर चल रहे श्रीमद्भागवत कथा का समापन हो गया। हनुमानगढ़ी मंदिर के उत्तराधिकारी महंत महेन्द्र दास के संयोजन में अयोध्या धाम के हनुमानगढ़ी गौरी शंकर दास, दाडिया मंदिर गिरीश दास, गुप्तार घाट विमल कृष्ण दास, लक्ष्मण किलाधीश, मानिस दास, भगवान दास, अंजनी शरण, विरेन्द्र दास, शरद शर्मा मीडिया प्रभारी विहिप, दीपक शास्त्री, मुन्ना शास्त्री, विशाल शास्त्री ने विचार व्यक्त किया। संयोजक महंत महेंद्र दास ने बताया कि शुक्रवार 1 मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सनातन प्रेमी श्रद्धालुओं से अपील किया है कि अन्नकूट भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने अवश्य पहुंचे।

# प्रधानमंत्री की विकसित भारत की संकल्पना युवा शक्ति के प्रदर्शन पर निर्भर है: सांसद लल्लू सिंह

**जन एक्सप्रेस | बीकापुर-अयोध्या**

युवा शक्ति को संगठन में जोड़कर 400 पार की संकल्पना के साथ आगे बढ़ रही भाजपा युवा मोर्चा ने बृहस्पतिवार को बीकापुर स्थित सिंचाई विभाग डाक बंगला परिसर में नमो युवा चौपाल का आयोजन कर युवाओं से संपर्क साधा। इस दौरान युवा चौपाल में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित स्थानीय सांसद लल्लू सिंह ने युवाओं से संवाद स्थापित करते हुए अपने जीवन के अनेक प्रेरणादायक उदाहरण युवाओं से साझा किया। इस दौरान अपने संबोधन में सांसद लल्लू सिंह ने युवाओं को सरकारी नौकरियों पर निर्भर रहने के बजाय खुद के छोटे-छोटे व्यवसाय और कुटीर उद्योग के जरिए स्वालंबी बन के रोजगार दाता बनने का मंत्र दिया। भाजपा सरकार में प्रतिभावान युवाओं को सिफारिश और पैसे के बल पर नहीं उनकी प्रतिभा के बल पर सरकारी नौकरी मिल रही है। जबकि अन्य सरकारों में पहले ऐसा नहीं था उन्होंने बताया कि अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद धर्म नगरी अयोध्या में छोटे एवं मंझले व्यापार को बढ़ावा तथा रोजगार का अवसर मिला है। भारत की आबादी अधिक होने के चलते कुटीर उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार पूरा प्रयास कर रही है। जिससे सभी युवाओं को रोजगार मिल सके और वह आत्मनिर्भर बनकर देश को समृद्धशाली बनाने में अपना सहयोग कर सके। अयोध्या में 22 जनवरी के बाद शहर से लेकर गांव तक रोजगार की तमाम अवसर पैदा हुए हैं।

# प्राण प्रतिष्ठा समारोह अंतर्गत रग-रग में राम से जन-जन की आरोग्यमयी सेवा

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**




श्रीरामजन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह अंतर्गत व्यवस्थाओं में श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य की देखभाल हेतु ट्रस्ट की प्रेरणा से शासन व सन्गठन के सहयोग से 18 चिकित्सा सेवा शिविरों का संचालन ट्रस्ट द्वारा निर्देशित चिकित्सा सेवा समन्वयक समिति के माध्यम से किया जा रहा है। चिकित्सा सेवा समन्वयक डॉ उपेन्द्र मणि त्रिपाठी के संयोजन में स्वामी विवेकानन्द जयंती 12 जनवरी को श्रीराम अस्पताल में रग रग में राम अभियान के अंतर्गत आकस्मिक स्थिति में आवश्यकता हेतु 22 रक्तवीरों के रक्तदान से रक्तकोष स्थापित हुआ, और 15 जनवरी से आरोग्य भारती व होम्योपैथी चिकित्सा विकास महासंघ के 200 चिकित्सकों व चिकित्सा सहायकों की 45 दिवसीय चरणबद्ध सेवा प्राकृतिक चिकित्सालय मणिराम दास छावनी व साकेत निलयम में शुरू हुई जिसे दर्शनार्थियों की मांग के अनुरुप एक फरवरी से श्रीरामजन्म भूमि परिसर में निकास मार्ग पर स्थानांतरित कर दिया गया। शिविर में होम्योपैथी, एलोपैथी आयुर्वेद एक्यूप्रेशर पद्धतियों के ऐच्छिक विकल्प चुनने की सुविधा के परिणामस्वरूप यहां प्रतिदिन हजार से अधिक, दर्द, अम्लता, गैस, सर्दी, जुकाम, बुखार आदि प्रमुख लक्षणों वाले दर्शनार्थियों को सेवा का लाभ मिलना शुरू हुआ। शिविर में जनपद के अतिरिक्त, अवध प्रान्त,काशी प्रान्त, गोरक्षा प्रान्त,कानपुर प्रान्त व होम्योपैथी महासंघ के बिहार,उप्र, राजस्थान, मप्र के चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं।डॉ त्रिपाठी ने बताया कई बार भीड़ बढ़ जाने से चिकित्सको के लिए भक्तों के नाम लिख पाना तक मुश्किल हो जाता था, किन्तु देर तक खड़े रहकर पैदल चलकर थकान और दर्द में मलहम जेल लगाकर दर्द से राहत देने में चिकित्सकों और उनके सहायकों को राम सेवा की संतुष्टि का अनुभव होता ।माताएं बुजर्ग आशीर्वाद देते, थकान मिटाते, दर्द में राहत पाते और आगे बढ़ जाते हैं।निरन्तर सेवा में सहयोगी चिकित्सको में डॉ उपेन्द्र मणि त्रिपाठी, डॉ दीपक गुप्ता, डॉ सुरजीत वर्मा, डॉ लक्ष्मी अग्निहोत्री, डॉ दीपक सिंह,डॉ अजीत, डॉ उपकार, डॉ यशी, डॉ सोनी शर्मा, डॉ राहुल , डॉ विनय, डॉ रविकांत त्रिपाठी एक्यूपेशर विशेषज्ञ राजपाल, व डॉ कल्पना कुशवाहा, डॉ सुनील सिंह, डॉ संदीप श्रीवास्तव, डॉ अभिषेक पांडेय, डॉ सुरेंद्र कुमार सहित न्यूयार्क की बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ निधि श्रीवास्तव, सूरत के डॉ राजेन्द्र गोयल, डॉ कुलदीप पांडेय, आदि का प्रमुख योगदान रहा। अभी तक 25 हजार से अधिक दर्शनार्थी शिविर से लाभांवित हो चुके हैं। चिकित्सको का कहना है आवश्यकता एवं ट्रस्ट के निर्देश पर सेवा आगे भी जारी रखेंगे।

## सदाचार मनुष्य का आभूषण है, जिसको धारण कर वह समाज में उच्च स्थान व सम्मान पाता है

**जन एक्सप्रेस/अयोध्याधाम।** परम पूज्य गुरुदेव अनन्तश्री विभूषित महामण्डलेश्वर स्वामी प्रखर महाराज के पावन सानिध्य एवं श्रीमज्जगद्गुरु रामानुजाचार्य डॉ0 स्वामी राघवाचार्य महाराज के संयोजकत्व में विगत 22 फरवरी से सरयू तट, गोला घाट पर आयोजित किए जा रहे श्री लक्षचण्डी महायज्ञ, श्री लक्षगणपति महायज्ञ एवं श्रीराम यज्ञ में प्रातः से लेकर रात्रि तक, नित्य माता भगवती की आराधना एवं ज्ञान गंगा प्रवाहित की जा रही है। 1700 कर्मनिष्ठ विद्वान ब्राह्मण, श्री प्रखर परोपकार मिशन संस्कृत एकेडमी के डॉयरेक्टर डॉ0 सज्जन प्रसाद तिवारी की देख-रेख में एक साथ बैठकर दुर्गा सप्तशती एवं गणपत्यथर्व शीर्ष पाठों का वाचन प्रतिदिन कर रहे हैं, वहीं महायज्ञ की 100 कुण्डीय विराट यज्ञशाला में देश-विदेश से सम्मिलित यजमानगण, यज्ञाचार्य वेदमूर्ति पं0 लक्ष्मीकान्त दीक्षित जी आचार्यत्व में पूजन एवं हवन कार्यों का प्रतिपादन नित्य कर रहे हैं। यज्ञस्थल पर ही निर्मित दो अन्य यज्ञशाला में नियुक्त अग्निहोत्र वैदिकों के द्वारा श्रौत यज्ञ के अन्तर्गत मित्रविन्दा इष्टि एवं चातुर्मास्य इष्टि यज्ञ को किया जा रहा है।

# शैक्षिक भ्रमण दल द्वारा लाए गए अवशेषों को महाविद्यालय में किया गया संरक्षित



**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज मे वनस्पति विज्ञान के छात्र-छात्राओं का भ्रमण दल दुर्लभ प्रजातियों के साथ गुरुवार को महाविद्यालय पहुंच गया। सभी दुर्लभ प्रजातियों को महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडे कुलानुशासक प्रोफेसर पीके सिंह तथा विभाग अध्यक्ष डॉक्टर राजीव रंजन की मौजूदगी में संरक्षित किया गया।

जानकारी के अनुसार 29 फरवरी को एमएलके पीजी कॉलेज वनस्पति विज्ञान विभाग चतुर्थ सेमेस्टर का शैक्षिक भ्रमण दल सकुशल वापस महाविद्यालय पहुंच गया। पिछले सप्ताह (21 से 28 फ़रवरी 2024) आयोजित शैक्षिक भ्रमण के दौरान पंचमढ़ी के विभिन्न स्थानों डचेस फाल, अप्सरा विहार, रजत प्रपात, बी फाल, धूपगड़, रीछगढ़ से एकत्रित दुर्लभ प्रजाति के वनस्पतियों को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो जे पी पाण्डेय व मुख्य कुलानुशासक प्रो पी के सिंह, विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन, मो0 अकमल व डॉ वीर प्रताप द्वारा विभाग में संरक्षित किया गया। सात दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण में छात्र छात्राओं ने दुर्लभ वनस्पतियों के अध्ययन हेतु इनके कुछ नमूने एकत्रित किए, जिसमें ओसमुण्डा, सायथिया, ग्लेचिनिया, कुछ शैवाल तथा जलीय पोधे प्रमुख हैं। ओसमुण्डा, सायथिया, ग्लेचिनिया, कालमेघ, स्टायरेक्स, व नोस्टोक एमएस सी व बीएस सी की प्रायोगिक एंव सैद्धांतिक कक्षाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पौधे हैं। भ्रमण में श्रुति विश्वकर्मा, रिया पाण्डेय, अनुष्का, प्रगति पाल, तालिब ज़फ़र, अर्शीया ख़ातून, नेहा ज़फ़र, सुबोध पाठक, शुभी मिश्रा, व शशिकांत का कठिन परिश्रम से इन वनस्पतियों के नमूने एकत्रित करने में विशेष योगदान रहा।

# उद्योग तथा व्यापार बंधु समिति की हुई बैठक



**जन एक्सप्रेस | अंबेडकरनगर**

जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उद्योग तथा व्यापार बंधु समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान व्यापारियो के प्रतिनिधियों द्वारा बिंदूवार समस्याओं से अवगत कराया गया। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि उद्योग बंधु तथा व्यापार बंधु की समस्याओं का समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बैंक अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता पर निस्तारण करने व योजनाओं के क्रियान्वन में सहयोग करने के लिए निर्देशित किया गया। निवेश मित्र पोर्टल पर समय सीमा के उपरांत प्रकरणों का प्राथमिकता पर निस्तारण करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि निवेश मित्र पोर्टल पर कुल 2424 आवेदन के सापेक्ष 2024 आवेदन निस्तारित कर दिया गया। विभाग स्तर पर 11 आवेदन लंबित है जिसे समय सीमा अंतर्गत निस्तारित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त उद्योग, जिला सूचना अधिकारी, उद्योग बंधु के प्रतिनिधि तथा संबंधित विभाग के अधिकारी/ कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## सांसद प्राइस मनी खेल प्रतियोगिता की शुरूआत आज से

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** एक मार्च से मकबरा के डा भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में आयोजित होने वाली सांसद महिला प्राइस मनी खेल प्रतियोगिता के कार्यक्रम स्थल का सांसद लल्लू सिंह ने तैयारियों का निरीक्षण किया। बचे हुए कार्यों को शाम तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन राज्यसभा सांसद व महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दर्शना सिंह दिन में 12 बजे करेंगी। खेल प्रतियोगिता के आयोजन की जिम्मेदारी महानगर महिला मोर्चा को सौंपी गई है। इस दौरान कबड्डी, खोखो, रस्साकशी, 100, 200, 400, 800 दौड़, 100 गुणा 4 रिले, लांग जंप का आयोजन होगा। विजयी खिलाडियों को नकद पुरूस्कार देकर उत्साहवर्धन किया जाएगा। सांसद लल्लू सिंह ने निरीक्षण के दौरान बताया कि तरह के आयोजनों प्रतिभाओं को मंच मिलता है। जिससे उनकी प्रतिभा में निखार आता है।

# मुख्य चिकित्साधिकारी ने खराब प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को लगाई फटकार

**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर**



जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजकुमार ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत कम 2उपलब्धि वाली टीमों को चेतावनी देते हुये वेतन अवरुद्ध करने के दिशा निर्देश दिये है उन्होंने ने कहा कि, मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के द्वारा जारी पत्र के आधार पर जनपद के समस्त संविदा कर्मियों का परफॉर्मेंस अप्रेजल किया जाएगा एवं निर्धारित सूचकांकों के आधार पर नंबर दिये जाएंगे एवं उनकी ग्रेडिंग कर परफॉर्मेंस अप्रेजल जिला अधिकारी के माध्यम से मिशन निदेशक को प्रेषित किया जाएगा जहां से संविदा नवीनीकरण हेतु प्रक्रिया की जाएगी,परफॉर्मेंस मे सुधार न लाने वाले चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की संविदा राज्य स्तर से ही समाप्त कर दी जाएगी।

कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान नोडल राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम ड़ा आशुतोष सिंह ने बताया कि हर टीम को प्रतिदिन कम से कम 110-120 (0 से 19 साल के बच्चों) की स्क्रीनिंग करनी है और उनमे मिलने वाले जन्म जात दोष, बीमारी आदि की पहचान कर उनको उचित चिकित्सा हेतु उच्च स्तरीय हॉस्पिटल मे भेजना होता है राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जन्म जात हृदय रोग, जन्मजात कमर मे फोड़ा,कटे होठ तालू,मानसिक रूप से विकलांग, जन्मजात गूंगापन बहरापन, जन्म से आंखों का खराब होना, दौरे आना झटके आना जैसी 38 प्रकार की बीमारियों की पहचान कर निशुल्क इलाज कराया जाता है। समीक्षा बैठक के दौरान जिला प्रबन्धक राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम सुनील वर्मा ने बताया कि 20 फरवरी तक 19 कमर मे फोड़ा, 53 हृदय रोग से ग्रसित बच्चो की बाई पास सर्जरी, 88 कटे फटे होठ तालू, 110 जन्मजात गूंगे बहरे, 77 मुड़े पैर वाले बच्चों का सफल ऑपरेशन कर नया जीवन दान दिया जा चुका है।

बैठक के दौरान डा आमिर अब्बास, डा पीसी वर्मा, डा परवेज जफर, डा जियाउद्दीन, डा संजय आदि उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में किसान की मौत, झाड़ियों में पड़ा मिला शव

* अवैध संबंधों के चलते हत्या की चर्चा पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत





**पूरनपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में किसान की मृत्यु हो गई।गांव के पास झाड़ियां में शव पड़ा मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के स्वजनों की ओर से पुलिस को तहरीर नहीं दी गई।

मधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव रमनगरा निवासी गुरमीत सिंह (60) पुत्र गंगा सिंह ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव बाजार घाट में बीते दस सालों से बटाई पर खेती कर रहा था। बुधवार रात्रि संदिग्ध परिस्थितियों में किसान की मृत्यु हो गई। गुरुवार सुबह नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के गांव बाजार घाट बैल्हा के निकट झाड़ियां में सब पड़ा देखा गया। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर हजारा थाना प्रभारी परमेंद्र कुमार कंबोज नगर चौकी इंचार्ज राकेश सिंह मौके पर पहुंच गए। मृतक की शव की शिनाख्त होने पर जानकारी स्वजनों को दी गई। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे मृतक के भतीजे गुलबाग सिंह ने पुलिस को लिखित सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### खोजबीन के बाद भी नहीं मिली मृतक की बाइक

मृतक किसान बाइक से निकला था। गांव के पास शव मिलने के बाद बाइक की तलाश की गई।संभावित जगह खोजबीन के बाद भी देर शाम तक बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। स्वजनों ने ग्रामीणों से भी जानकारी की।

"मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही मौत का सही कारण स्पष्ट होगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों की ओर से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।
–परमेंद्र कुमार, थानाध्यक्ष हजारा

### अवैध संबंधों में हत्या की चर्चा

नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में किसान की मृत्यु के बाद चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। चर्चा है कि मृतक के क्षेत्र की ही एक महिला से अवैध संबंध थे।कयास लगाए जा रहे हैं कि अवैध संबंधों के चलते किसान की हत्या की गई है।हालांकि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# लापता सड़क को खोजने पहुंचे

## सहायक अभियंता बोले ठेकेदार की सिक्योरिटी रुकेगी





* जौनपुर में सड़क बनी ही नहीं हुआ लाखों का भुगतान ''मामला''


जौनपुर में सड़क बनी नहीं लाखों का हुआ भुगतान सड़क को जमीन खा गई या आसमान

जन एक्सप्रेस
खबर का असर

संतोष कुमार दीक्षित

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के ब्लाक सुईथाकला में प्रांतीय लोक निर्माण विभाग जौनपुर द्वारा लाखों रुपए की लागत से बनी सड़क कागजों में तो बन गई परंतु मौके पर 1100मीटर बननी थी जो 400मीटर बनी भुगतान पूरी प्रस्तावित सड़क को हो जाने के मामले को जन एक्सप्रेस ने प्रमुखता से प्रकाशित किया खबर प्रकाशित होते ही अमरीश प्रताप यादव ए.ई प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग जौनपुर मौके का स्थलीय निरीक्षण कर मामले में विभागीय कार्रवाई करने की बात कही ।
गौरतलब हो कि वर्ष 2022-23 में नाबार्ड 27 योजना अंतर्गत विकासखंड सुईथाकला के पट्टी सरपतहा अन्य जिला मार्ग के कि0मी0 संख्या 6 से जूडापुर संपर्क मार्ग को जोड़ने वाली सड़क जिसकी लंबाई 1100 मी॰ जिसकी लागत 62.66 लाख की स्वीकृति उत्तर प्रदेश शासन से हुई।शासन ने उक्त सड़क निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग जौनपुर को सौंपा परंतु विभागीय अधिकारी कर्मचारियों ठीकेदार की मिलीभगत से उक्त सड़क जूडापुर संपर्क मार्ग से मात्र 400 मी॰ ही बनी शासन द्वारा जारी एलाईमेंट के अनुसार उक्त सड़क को 1100मी. बननी थी परन्तु मात्र 400 मीटर ही बनी उसके आगे जो पट्टी सरपतहा अन्य जिला मार्ग किमी॰ संख्या 6 से जोड़ना था वह लगभग 700 मीटर बनी ही नहीं जो आज भी अपने मूल स्वरूप में कच्चा चकरोड के रुप में है जबकि शासन द्वारा स्वीकृत 62.66लाख रुपया संबंधित फार्म को भुगतान हो चुका है। प्रश्न उठता है कि यदि सड़क बनी तो उसे जमीन खा गई या आसमान और यदि बनी नहीं तो 700 मी॰ का भुगतान कहां गया वही उक्त संबंधित संपर्क मार्ग पर क्षेत्रीय विधायक रमेश सिंह के शिलान्यास का पत्थर भी लगा दिया गया है पत्थर में जब लोग लिखे हुए शब्दों को देखते हैं और सड़क पर जाते हैं तो लोग कह रहे हैं कि आखिर आगे सड़क का रुपया कहां गया।

# शासन से वित्तीय स्वीकृति लेकर शीघ्र चैनेलाइजेशन का कार्य शुरू कराने की मांग



* चंदिया हजारा क्षेत्र बचाओ संघर्ष समिति की महिलाओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**पूरनपुर।** चंदिया हजारा में प्रस्तावित ड्रेजिंग सिस्टम से चैनेलाइजेशन का फाइनल सर्वे होने के बाद भी कार्य शुरू नहीं हो सका। शारदा नदी में आने वाली बाढ़ की विभीषिका को लेकर ग्रामीणों को चिंता सताने लगी हैं ।चंदिया हजारा क्षेत्र बचाओ संघर्ष समिति अध्यक्ष ने महिलाओं के साथ एसडीएम को ज्ञापन देकर शासन से वित्तीय स्वीकृति लेकर शीघ्र कार्य शुरू कराने की मांग की। चंदिया हजारा में क्षेत्र बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में 102 दिन चले आंदोलन के के बाद भी सफलता न मिलने से ग्रामीण मायूस है। ग्रामीणों ने एसडीएम को दिए गए पत्र में बताया कि शासन द्वारा शारदा नदी की धार मोड़ने के लिए दो परियोजनाएं व शारदा नदी की धार मे कटी 56 किसानों को पट्टे दिए जाने का आश्वासन दिया गया था। ड्रेजिंग द्वारा चैनेलाइजेशन का कार्य संस्था कार्यशाला स्थापना खण्ड अधिशासी अभियंता कानपुर,व नदी के तटबंध पर जिओ बैक लगाने का कार्यदाई संस्था बाढ खंड पीलीभीत को दिया गया। आरोप है कि शासन से वित्तीय स्वीकृति न मिलने के कारण परियोजना टेंडर की तिथि आगे बढ़ा दी गई। शारदा नदी पर फाइनल सर्वे के बाद भी कार्य शुरू नहीं हो सका है। तीन माह के बाद मानसून सत्र शुरू हो जाएगा। कार्य में लेट लतीफ के चलते ग्रामीणों की धड़कनें तेज हो गई है। उनका कहना है कि समय रहते कार्य शुरू नहीं हुआ तो आने वाले मानसून सत्र में पुनः ग्रामीणों को बाढ़ की विभीषिका झेलनी पड़ेगी। आश्वासन के बाद भी राजस्व विभाग की ओर से ग्रामीणों को पट्टा आवंटन नहीं किए गए है। ग्रामीणों ने शासन से वित्तीय स्वीकृति दिलाते हुए शीघ्र कार्य शुरू कराने की मांग की है।ज्ञापन देने वालों में चंदिया हजारा क्षेत्र बचाओ संघर्ष समिति अध्यक्ष सुचित्रा विश्वास, मलिना मंडल, प्रमिला मंडल, लक्ष्मी ठेकेदार, जबा मंडल,सोबी मिस्त्री आदि महिलाएं शामिल रही।

# विश्व हिन्दू महासंघ भारत के पदाधिकारियो ने नवागत थाना प्रभारी से मुलाकात की



जन एक्सप्रेस । हरिओम वर्मा

**बरखेड़ा।** आज विश्व हिंदू महासंघ भारत के बरखेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष ने नवागत थाना प्रभारी अरविंद सिंह चौहान से शिष्टाचार भेंट की एवं संगठन को लेकर चर्चा भी की। जिसमें बरखेड़ा थाना प्रभारी ने जिला मंत्री प्रवीण तिवारी जिला उपाध्यक्ष अनूप जायसवाल से कहा कि आपका संगठन हमेशा दीन दुखियों के साथ रहा है। और आपका संगठन हमेशा गरीबों की मदद करता आ रहा है हम और हमारा प्रशासन हमेशा आपके संगठन के साथ है इसी के साथ ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ वर्मा ब्लॉक महिला प्रकोष्ठ पूनम देवी, रजनी देवी, दर्शना देवी नगर अध्यक्ष विनोद भोजवाल ब्लॉक महामंत्री ताराचंद भोजवाल, ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्ष आकाश तिवारी, ब्लॉक उपाध्यक्ष नेपाल सिंह, झाला ब्लॉक मंत्री धर्मेंद्र कुमार मौर्य, ब्लॉक मंत्री रोहित कुमार, ब्लॉक कोषाध्यक्ष सुनील कुमार, ब्लॉक उपाध्यक्ष चमन सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष विनय वर्मा, सुमित कुमार, ब्लॉक मंत्री ब्लॉक उपाध्यक्ष देवेश वर्मा, ब्लॉक मंत्री शिवम भजपाल, ब्लॉक सचिव अवधेश कुमार, सचिव पवन कुमार ब्लॉक कार्यकारी सदस्य जगदीश कुमार पहलवान, अयोध्या प्रसाद, धर्मेंद्र वर्मा, केंद्रपाल, राजीव मौर्य, रामकिशन, धर्मवीर सर्वेश प्रजापति, विकास कुमार आदि मौजूद रहे।

### कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच करायी गयी हाई स्कूल व इंटर मीडिएट की परीक्षा

जन एक्सप्रेस/बीसलपुर। माध्यमिक शिक्षा परिषद की चल रहीं परीक्षाओं में गुरुवार को प्रथम पाली में हाई स्कूल विज्ञान विषय व इंटरमीडिएट जीव विज्ञान व गणित विषय का पेपर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गये। रामदुलारी श्यामसुंदर इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, जनता टेक्निकल इंटर कॉलेज, सरदार वल्लभभाई पटेल इंटर कॉलेज अमृता खास, सरदार वल्लभभाई पटेल इंटर कॉलेज अमराकरोड़, एसआरएम इंटर कॉलेज, आजाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मीरपुर वाहनपुर, कुंवर झंकार सिंह इंटर कॉलेज बरसिया, जीडीएसके इंटर कॉलेज साफौरा, निशा गर्ल्स इंटर कॉलेज बीसलपुर परीक्षा केंद्रों पर हाई स्कूल विज्ञान विषय व इंटरमीडिएट जीव विज्ञान व गणित विषय का पेपर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। केंद्र व्यवस्थापकों द्वारा परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित व अनुपस्थित रहने वाले परीक्षार्थियों की सूचना जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में बनाए गए कंट्रोल रूम में दी गई।

# बीआरसी में समग्र शिक्षा अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय जागरूक संगोष्ठी का आयोजन



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बरखेड़ा।** गुरुवार को बीआरसी बरखेड़ा में समग्र शिक्षा अभियान के तहत ब्लाक स्तरीय जागरूकता संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे ब्लाक के समस्त परिषदीय विद्यालयों के प्रबंध समिति के अध्यक्ष, सचिव व ग्राम प्रधानों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला की शुरूआत ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश कुमार गंगवार, बीईओ बीसलपुर नीरज शुक्ला व समस्त विकास खंड बरखेड़ा के एआरपी द्वारा की गई। उन्मुखीकरण कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश कुमार गंगवार ने शिक्षा विभाग को हर संभव मदद कराने का आश्वासन देते हुये सभी ग्राम प्रधानों व प्रधानाध्यापकों से समन्वय स्थापित करके निपुण भारत मिशन को सफल बनाने की बात कही। बीईओ नीरज शुक्ला ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यालय प्रबंध समिति एवं ग्राम प्रधान की जिम्मेदारी को अवगत कराना है। कार्यक्रम का संचालन दियोराज पुर के प्रधानाध्यापक मोहन लाल ने किया। कार्यक्रम को संबोधित कर ब्लॉक शिक्षक संघ के अध्यक्ष संजय कुमार गंगवार ने भी उन्मुखीकरण कार्यक्रम की जानकारी दी।

### अवैध शराब के साथ पकड़े गए आरोपी को भेजा जेल

जन एक्सप्रेस/हजारा। अवैध कच्ची शराब कसीदगी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर एक आरोपी को दबोच लिया।पुलिस ने मौके से मिले लहन को नष्ट कर दिया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया। नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब के धंधे पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। धंधेबाज दुर्गम क्षेत्रों में शराब की कसीदगी कर क्षेत्र में बिक्री कर रहे हैं। हजार पुलिस अवैध कच्ची शराब के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। पुलिस को सूचना मिली कि नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के सुतिया नाला के पास शराब की भट्ठी चल रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। मौके पर मिली 50 लीटर अवैध कच्ची शराब 4800 लीटर लहन नष्ट किया गया। मौके पर मिले शराब बनाने के उपकरण पुलिस ने कब्जे में ले लिए।

## फास्ट फॉरवर्ड

### चहक के तहत लगा बाल मेला



जन एक्सप्रेस। जौनपुर/सुइथाकला। चहक कार्यक्रम के तहत गुरुवार को क्षेत्र के सारी जहांगीर पट्टी गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में बच्चों द्वारा बाल मेला लगाया गया। चहक मेले के दौरान नौनिहालों की बल्ले-बल्ले रही। इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने जमकर मेले का मजा लिए। बेसिक शिक्षा परिषद के दिशा-निर्देश पर परिषदीय विद्यालयों में उक्त कार्यक्रम के तहत सारी जहांगीर पट्टी प्राथमिक विद्यालय में बच्चों द्वारा बाल मेला लगाया गया। मेले का उद्घाटन प्रधानाध्यापक सुनील कुमार द्वारा किया गया। मेले में बच्चों द्वारा खाने पीने के सामानों की खरीद फरोख्त कर लेन देन के साथ ही नया अनुभव प्राप्त किया गया। मेले में जूनियर हाईस्कूल के बच्चों के अलावा अभिभावकों और शिक्षकों ने भी खरीदारी की। इस दौरान शिक्षक लवकुश यादव, सादाब खान, संगीता यादव व कंचन लता समेत अन्य लोग मौजूद रहे। मेले में बच्चे काफी उत्साहित नजर आए।

### बौद्धिक संपदा अधिकारों पर कार्यशाला 26 को

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में बौद्धिक संपदा अधिकार पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कल दिनांक 26 फरवरी को विश्वविद्यालय परिषद स्थित रज्जू भइया संस्थान के आर्यभट्ट सभागार में किया जाएगा। कार्यशाला के संयोजक डॉ0 गिरिधर मिश्र ने बताया की कार्यशाला में छात्रों व शिक्षकों को बौद्धिक संपदा अधिकारों के संरक्षण व उनके लाभ पर चर्चा की जाएगी। कार्यशाला में सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता तथा एसएस इंटरनेशनल सर्विसेज, नई दिल्ली के आईपी अटार्नी अभिनव सक्सैना, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के डॉ. रजनीश कुमार, वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार से डॉ. रंजीत कुमार त्रिपाठी (ट्रेड मार्क और जीआई परीक्षक), शिब्ली नेशनल कॉलेज के प्रो. खालिद शमीम तथा इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय के डॉ. अभिषेक कुमार बौद्धिक संपदा अधिकार के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा करेंगे। कार्यशाला के आयोजन सचिव डॉ0 धीरेन्द्र कुमार चौधरी ने बताया की कार्यशाला में छात्र/छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर उत्साह के साथ पंजीकरण कराया है तथा 450 छात्र प्रतिभाग करेंगे। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को पेटेंट, कॉपीराइट और ट्रेडमार्क को प्रकाशित करने के तरीकों के बारे में बताएगा जाएगा जो की नवाचार के व्यावहारिक तरीको का पथ प्रदर्शित करेगी।



# नवागत एसपी ने किराना व्यापारी के घर डकैती का रिक्रिएट कराया क्राइम सीन

* किराना व्यापारी के घर 24 घंटे रहेगी पुलिस पिकेट

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**पूरनपुर।** किराना व्यापारी के परिवार को गन पॉइंट पर लेकर डकैती के मामले में नवागत एसपी अविनाश पांडे ने व्यापारी के घर पहुंच कर घटना के संबंध में जानकारी जुटाई। पीड़ित को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही वारदात का राजफास किया जाएगा। एसपी ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया कि किराना व्यापारी के घर के पास 24 घंटे पुलिस पिकेट लगाई जाए।

पूरनपुर वाया मैगलगंज नेशनल हाईवे पर 30 जनवरी की रात्रि लगभग आठ बजे दुकान बंद कर प्रथम तल पर बने मकान में जा रहे रम्पुरा निवासी किराना व्यापारी सुनील गुप्ता को गन पॉइंट पर लेकर परिवार को बंधक बनाने के बाद डकैतों ने घर में रखी छह लाख की नगदी समेत लाखों रुपए की ज्वेलरी लूट ली थी।घटना का खुलासा करने के लिए चार टीमें गठित की गई थी। एक माह बीतने के बाद भी पुलिस घटना का खुलासा नहीं कर सकी। गुरुवार नवागत एसपी अविनाश पांडे ने चार्ज संभालने से पहले पीड़ित व्यापारी के घर पहुंचकर डकैती की वारदात के संबंध में पूछताछ की।एसपी ने नेशनल हाईवे के किनारे डकैती की घटना का क्राइम सीन रीक्रिएट कराया। व्यापारी को पिस्टल के फोटो दिखाकर पहचान कराई गई। चाकू के आकार की भी जानकारी की। किराना व्यापारी से पुलिस के स्वभाव की भी जानकारी की। कार की शिनाख्त के लिए फोटो एआरटीओ को भेजा गया। एसपी ने पुलिस क्षेत्राधिकार को निर्देशित किया कि किराना व्यापारी के घर के पास 24 घंटे पुलिस पिकेट लगाई जाएगी। नवागत एसपी ने किराना व्यापारी को वारदात का शीघ्र राजफास करने का आश्वासन दिया।

# तहसील में अधिवक्ताओं ने किया हंगामा

* सभी न्यायालयों में न्यायिक कार्य ठप्प कराया
* न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक की कर रहे थे मांग

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



**मछलीशहर।** तहसील में अपनी मांगों को लेकर अधिवक्ताओं ने तहसील खुलते ही हंगामा शुरू कर दिया।सभी न्यायालयों में न्यायिक कार्य ठप्प करा दिया। न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक की मांग कर रहे थे। इसके बाद उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया व तहसीलदार अजीत कुमार व तहसीलदार न्यायिक महेंद्र बहादुर की उपस्थिति में अधिवक्ता भवन में बैठक हुई।

जिसमें अधिवक्ताओं ने बारी बारी से अपनी समस्याओं से अवगत कराया। मुख्य समस्या आदेशों की खतौनी में फीडिंग, वरासत, धारा दफा 24 व विभिन्न न्यायालयों में आपत्तियों से थी और बार बेंच की हर माह के अंतिम दिन अधिकारियों के साथ बैठक की थी।जिसमें सहमति बनी ।मांगों पर अमल करने की शर्त पर अधिवक्ताओं का आक्रोश शांत हुआ। बैठक में अध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद मिश्र,महामंत्री वेद प्रकाश श्रीवास्तव,वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, दिनेश चंद्र सिन्हा, अशोक श्रीवास्तव, केदार नाथ यादव, आर पी सिंह, यज्ञ नारायन सिंह, उमेश श्रीवास्तव, इंदू प्रकाश सिंह, जितेंद्र श्रीवास्तव, राम आसरे दुबे, राज कुमार पटवा, आलोक विश्वकर्मा, वीरेंद्र मौर्य, बाबू राम, अवनींद्र दुबे, विकास यादव, जे पी दूबे, हरि शंकर यादव, अशोक मिश्रा, भरत लाल यादव, संजीव चौधरी आदि उपस्थित थे।

# कंट्रोल रूम की शिकायत पर पहुंचे बीएसए, किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



**जफराबाद।** क्षेत्र के राष्ट्रीय पब्लिक इंटर कालेज में गुरुवार की सुबह यूपी बोर्ड की प्रथम पाली में हाई स्कूल की विज्ञान विषय की परीक्षा हुई। किसी ने परीक्षा में अनिमियता की शिकायत जिला मुख्यालय स्तिथ कंट्रोल रूम में कर दी थी। कंट्रोल रूम द्वारा इसकी जानकारी अधिकारियों को दी गयी। इस सम्बंध में उक्त परीक्षा केंद्र की जांच करने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरख नाथ पटेल पहुंच गए। उन्होंने हर परीक्षा कक्ष में स्वयं जाकर न केवल परीक्षा की सुचिता व पारदर्शिता की जांच की। बल्कि कक्ष निरीक्षकों से भी परीक्षा सम्बंधि जानकारी ली। ज्ञात हो कि इस परीक्षा केंद्र पर टीडी इंटर कालेज जौनपुर, बयालसी इंटर कालेज जलालपुर सहित कई स्कूलों के छात्र परीक्षा दे रहे है। औचक निरीक्षण के सम्बंध में पूछे जाने पर बीएसए ने बताया कि कंट्रोल रूम को कुछ शिकायत मिली थी। इस सम्बंध मैंने उक्त केंद्र पर जाकर जांच की वहाँ पर किसी भी प्रकार की कोई अनियमिता नही मिली परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हो रही थी।

### सीसीटीवी के जरिये रखी जा रही नजर

जफराबाद। परीक्षा केंद्र पर वाह्य केंद्र व्यवस्थापक व स्टैटिक मजिस्ट्रेट द्वारा पूरे समय हर कक्ष की स्थिति पर सीसीटीवी के जरिये बारीक नजर रखी जा रही है। इसके अलावा वे स्वंय कक्ष में जाकर बराबर निरीक्षण भी करते रहे।

### बीएसए के निरीक्षण में प्राथमिक विद्यालय परिसर में व कक्षाओं में मिली गंदगी, जताई नाराजगी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। बीएसए डॉ0 गोरखनाथ पटेल धर्मापुर ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रत्तीपुर में बृहस्पतिवार को अचानक निरीक्षण को पहुंचे। हालांकि निरीक्षण के दौरान विद्यालय में प्रभारी प्रधानाध्यापिका व अन्य सभी स्टाफ उपस्थित मिले। परंतु निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर व कक्षाओं में काफी गंदगी देखने को मिली। जिस पर बीएसए डॉ0 गोरखनाथ पटेल ने प्रधानाध्यापिका सोनी देवी से नाराजगी जताई। तथा इस संदर्भ में संबंधित अधिकारियों को फोन लगाकर विद्यालय परिसर में तत्काल साफ- सफाई करवाने का निर्देश दिया। बीएसए ने कक्षा 3 व 5 की कक्षा में जाकर छात्र-छात्राओं की अधिगम स्थिति की जांच की। छात्राओं की उपस्थिति संतोष जनक रही। इसके बाद बीएसए ने रसोई का भी निरीक्षण किया। तथा एमडीएम की गुणवत्ता में किसी भी तरह की कमी न आने देने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका सोनी देवी, विंध्यवासिनी उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

### 'तौकीर रजा हल्द्वानी हिंसा के जिम्मेदार, गिरफ्तारी न होने पर संत करेंगे अनशन'

जन एक्सप्रेस/बरेली। चित्रगुप्त पीठ के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर सच्चिदानंद पशुपति ने इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां को हल्वानी हिंसा का जिम्मेदार बताया। वृंदावन से बरेली पहुंचे सच्चिदानंद ने गुरुवार को आईजी दफ्तर के बाहर धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने आईजी-एसएसपी के न मिलने पर सीओ को प्रार्थना पत्र देकर मौलाना तौकीर रजा की गिरफ्तारी की मांग उठाई है। महामंडलेश्वर सच्चिदानंद ने कहा कि तौकीर रजा कई बार सर्वोच्च न्यायालय और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ बयानबाजी कर चुके हैं। आरोप लगाया कि हल्द्वानी हिंसा में तौकीर रजा का हाथ है।

# डंपर की टक्कर से कांवड़िए की मौत, साथियों ने किया हंगामा

**अजगैन कोतवाल की सूझबूझ से टला बवाल**

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

कानपुर लखनऊ हाइवे पर दही थाना अंतर्गत मुर्तजनगर के पास तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से कांवड़िए की मौत हो गई। घटना से गुस्साए साथियों ने हंगामा शुरू कर दिया। अजगैन कोतवाल की सक्रियता से मामला शांत हुआ। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। अधिकारियों ने मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के आशा खेड़ा निवासी राजेश पुत्र रामभरोसे अपने साथियों के साथ कावड़ यात्रा पर निकला था। जाजमऊ गंगा तट से गंगा जल लेकर सभी



आर्थिक मदद का लिखित आश्वासन देते कानूनगो साथ में मौजूद अजगैन कोतवाल।



कानपुर लखनऊ हाइवे के रास्ते बाराबंकी स्थित बाबा लोधेश्वर धाम जा रहे थे। दही थाना क्षेत्र के मुर्तजा नगर के पास डंपर ने राजेश को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना से आक्रोशित कांवड़ियों ने हंगामा करते हुए सड़क जाम करने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन घायल को सीएचसी नवाबगंज पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अजगैन कोतवाली अवनीश सिंह ने सूझबूझ का परिचय देते हुए कांवड़ियों से बातचीत कर सहयोग करने का भरोसा दिया। उन्होंने नंबर के आधार पर तत्काल मुकदमा दर्ज किया। साथ ही पूरे मामले से एसडीएम हसनगंज को अवगत कराया। एसडीएम ने कानूनगो को मौके पर भेजा। उन्होंने कांवड़ियों को मृतक के परिजनों को पांच लाख की आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। जिसके बाद मामला शांत हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक तीन भाई बहनों में सबसे बड़ा था। उसकी मौत पर मां महादेई, बहन महादेवी और भाई दिनेश समेत अन्य परिजन बेहाल हैं।

# मुख्यमंत्री योगी के हाथों अर्चना को मिला आंगनवाड़ी कार्यकत्री का नियुक्ति पत्र

**आंगनबाड़ी इंचार्ज अर्चना बनी आंगनवाड़ी कार्यकत्री**

जन एक्सप्रेस। हरिनाथ सिंह



**बिल्हौर ब्यूरो।** बिल्हौर विकास खंड के रहमतपुर गांव में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र की इंचार्ज कार्यकत्री अर्चना सैनी को योगी आदित्य नाथ मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार के हाथों पदोन्नति दिया गया। मुख्यमंत्री से पदोन्नति पत्र पाकर अर्चना सैनी की खुशी का ठिकाना न रहा। अर्चना के अनुसार उनकी नियुक्ति रहमतपुर के चतुर्थ केंद्र पर सहायिका के पद पर है। वर्तमान में उनके विभाग में पदोन्नति की कार्यवाही चल रही थी जिसके लिये उनके कागजातों का सत्यापन भी कराया जा चुका है।पदोन्नति का नियुक्ति पत्र पाकर अब अर्चना सैनी आंगनवाड़ी कार्यकत्री के दायित्व का निर्वहन करेंगी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा बिल्हौर के वैष्णव नगर की अर्चना सैनी पत्नी प्रदीप कुमार सैनी को दिया गया आंगनवाड़ी कार्यकत्री का नियुक्ति पत्र जिसके बाद उनके परिवार के लोगों ने लड्डू बाट कर खुशी का इजहार किया एक दिन बाद तक नाते रिश्तेदार और बिल्हौर कस्बे के लोग उनके घर पहुंच कर बधाई देते रहे और उनका मुंह मीठा कराते रहे । परिवार में सोमू सैनी व आयुष सैनी प्रदीप सैनी, बिट्टू ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नानामऊ अश्वनी कटियार आदि लोग रहें।

# बिल्हौर कस्बा स्थित पल्लवी क्लासेस के बच्चों ने सीवी रमन का चित्र बनाकर उन्हें याद किया

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर कस्बा स्थित पल्लवी कोचिंग क्लासेज के बच्चों ने सीवी रमन का ब्लैक बोर्ड पर चित्र बनाकर उन्हें याद किया और प्रधानाचार्य ने सीवी रमन के बारे में विस्तार से जानकारी दी पल्लवी क्लासेस में विज्ञान दिवस बहुत धूमधाम से मनाया गया जिस में पल्लवी क्लासेस के संचालक विशाल चतुर्वेदी ने बच्चो को सी वी रमन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया विज्ञान के छेत्र में उनके द्वारा लाई गई क्रांति के बारे में बताया भारत के ज्ञान ने विश्व को हमेशा सद्मार्ग दिखाया है, भारत के विज्ञान और वैज्ञानिकों ने मानव का जीवन सरल और सुविधाजनक बनाया है। जब-जब भारत की उन्नति की बात कहीं होती है, तो इसमें भारत के वैज्ञानिकों का नाम सदैव शीर्ष पर आता है। भारत के महान वैज्ञानिकों में से एक ÷सीवी रमन÷ भी थे, जिन्हें 20 वीं शताब्दी के सबसे प्रभावशाली वैज्ञानिकों की श्रेणी में सम्मानित स्थान प्राप्त है। उनकी जिज्ञासा और सीखने की इच्छा ने ही उन्हें क्रांतिकारी खोजों की ओर हमेशा प्रोत्साहित किया, जो आधुनिक विज्ञान में मानव के लिए लाभकारी साबित हुईं। विज्ञान के क्षेत्र में उनके अविस्मरणीय योगदान के बारे में जानकर, युवा पीढ़ी विज्ञान क्षेत्र में कीर्ति कमाने के लिए खुद को प्रेरित कर सकती है। ÷सीवी रमन÷ एक सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक होने के साथ-साथ, उन्होंने भारत के अधिकांश रिसर्च इंस्टिट्यूट की स्थापना में भी अपना अहम योगदान निभाया।

# आईएएस अपूर्वा दुबे हटी, आईएएस गौरांग राठी बने जिले के नए डीएम

**गुरुवार कोषागार पहुंच कर गृहण किया पदभार**

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



पिछले 19 माह से जिले की कमान सम्हाल रही डीएम अपूर्वा दुबे को बीती देर शाम शासन ने हटा कर प्रतीक्षारत कर दिया गया। उनके स्थान पर भदोही से गौरांग राठी को जिले का नया डीएम बनाया गया है। आईएएस अधिकारी गौरांग राठी बीते दो साल से भदोही जिला अधिकारी थें। गुरुवार उन्होंने कोषागार पहुंच कर पदभार ग्रहण कर लिया।

बता दें 30 जुलाई 2022 को आईएएस आफिसर अपूर्वा दुबे को उन्नाव का जिला अधिकारी बनाया गया था। उन्होंने अपने कार्यकाल में खूब नाम कमाया। विकास कार्यों की बात की जाए तो गंगाघाट में सरैया वाटिका, शहर का पटेल पार्क समेत कई पार्कों का कायाकल्प कराया, एसपी आफिस समेत जिले के कई चौराहों के पास सेल्फी प्वाइंट, उन्नाव क्लब का सुंदरीकरण जैसे अनगिनत कार्य उन्होंने कराए जिनके लिए लोग उनकी सराहना भी करते हैं। शहर जो जाम से निजात दिलाने के लिए वर्षों से अटके दोस्तीनगर बाईपास निर्माण का रास्ता भी उन्होंने ही साफ कराया। बीती शाम अचानक शासन ने उन्हें जिले से हटा कर प्रतीक्षारत सूची में डाल दिया। अचानक उनके हटाए जाने की खबर के बाद सोसल मीडिया पर अटकलों का दौर शुरू हो गया। उनके स्थान पर 2013 बैच के आईएएस अफसर गौरांग राठी को जिले का नया डीएम बनाया गया है। वह पिछले दो साल से भदोही के जिला अधिकारी हैं। नवागत डीएम ने गुरुवार कोषागार पहुंच कर चार्ज लिया। इससे पूर्व जनपद आगमन पर उन्हें गार्ड आफ आनर दिया गया। नवागत डीएम ने जिले के अधिकारियों से परिचय भी प्राप्त किया। नवागत डीएम पर आगामी लोकसभा चुनाव संपन्न कराने की बड़ी जिम्मेदारी होगी। इसके अलावा जिले धड़ल्ले से अवैध खनन पर उनका क्या रुख रहता है यह देखना भी बेहद दिलचस्प होगा।



# ककवन बीआरसी में हमारे आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम में पहुंचे विधायक

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने ककवन बीआरसी पहुंचकर नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत प्री प्राइमरी शिक्षा के तहत राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देश के अनुपालन में विकास खण्ड ककवन के बी आर सी केंद्र के प्रांगण में हमारे आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन खण्ड शिक्षा अधिकारी ककवन कमलेश कुमार गुप्ता के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन करते हुए विधायक बिल्हौर मा0 राहुल बच्चा सोनकर एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी बिल्हौर रवि सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सरस्वती वंदना एव स्वागत गीत औरोताहरपुर विद्यालय की बालिकाओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम की रूप रेखा एवं उद्देश्यो पर बिल्हौर एव ककवन के खंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा प्रकाश डाला गया। इसके अतिरिक्त 12 निपुण बच्चों को 8 आँगन वाड़ी केंद्र के एव नैट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 06 विद्यालयों को एवं 04 निपुण विद्यालयों को विधायक द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त डिजिटल लैब का उद्घाटन विधायक द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनुराग पांडेय द्वारा किया गया। विधायक बिल्हौर,खण्ड शिक्षा अधिकारी बिल्हौर एव सी डी पी ओ कार्यलय से श्रीमती सुमन का खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया गया। वी आर सी सभागर में दिव्यांग बच्चो के अभी भावको की काउन्सलिंग राकेश एवं चिंतामणि द्वारा की गई। इस मौके पर अजय कटियार अनिल राय अमर सिंह अश्वनी पांडेय पीयूष शुक्ल युधिष्ठिर कमलेश शुक्ला अमित सिंह संजीव चौहान अरविंद त्रिवेदी आरती कटियार विनोद पॉल प्रतिमा कुशवाहा अंशुलता राजेन्द शक्ल आदि उपस्थित रहे।

# राज मिस्त्री ने खुद को गोली मार कर दे दी जान

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में राजमिस्त्री ने बुधवार देर शाम तमंचे से खुद के सीने में गोली मार ली। गंभीर हालत में परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के जोगीकोट गांव निवासी मनोज पासी (28) राजमिस्त्री का काम करता था। बुधवार शाम गोली चलने की आवाज सुन कर दौड़े परिजनों को मनोज कमरे में लहूलुहान हालत में मिला। आनन फानन उसे सीएचसी बांगरमऊ पहुंचाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके सीने में गोली लगने का गहरा घाव मिला। मौत की खबर पर पत्नी मंजू, मां प्रेमवती, पिता डल्ला, भाई विनोद व बहन कांति समेत परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे दो वर्षीय बेटी पीहू और पांच माह के बेटे को रोता बिलखता छोड़ गया। परिजनों ने कई दिनों से नींद न आने से परेशान होकर खुद को गोली मार लेने की बात कही है। वहीं ग्रामीणों में पति पत्नी के बीच हुए विवाद के घटना होने की चर्चा रही। सीओ अरविंद सिंह ने बताया गोली लगने से युवक की मौत हुई है। 315 बोर का तमंचा बरामद कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# शिवराजपुर थाना क्षेत्र के काकूपुर गांव में दबंगों ने घर में घुसकर मारपीट कर अधमरा किया

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के थाना शिवराजपुर के काकुपुर गांव में दबंगों ने युवक के घर में घुसकर लोहे को रॉड से जमकर पीट दिया। काकुपुर सीताराम गांव निवासी अंकित ने आरोप लगाते हुए बताया की वह मंगलवार की शाम घर पर बैठा था तभी पड़ोसी गांव काकुपुर निहाल गांव निवासी नीरज पहलवान मोनू मुरारी ने गाली गलौज करते हुए अंकित को लोहे की रॉड से हमला कर लहुलुहान कर दिया बीच बचाव करने आई अंकित की मां नीशा से अभद्रता करनी शुरू कर दी। पीड़ित ने डायल 112 को पुलिस को सूचना देकर दबंगो के खिलाफ कार्यवाई करने की मांग की थी सूचना पाकर मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस के पहुंचते ही दबंग भाग निकले थे घायल अवस्था में पड़े अंकित को एंबुलेंस की सहायता से शिवराजपुर सीएचसी लाया गया था जहां डॉक्टरों ने उसका उपचार कर हालत में सुधार पा लिया था। बुधवार को अंकित ने थाने में तहरीर देकर दबंगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की पुलिस से मांग की । थाना पुलिस ने बताया प्रार्थना पत्र मिला है जांच कर कार्रवाई की जाएगी

# अब 5 मार्च तक अभियान चला कर खिलाई जाएगी फाइलेरिया की दवा

**निर्धारित तिथि तक 16.35 लाख लोगों ने ही खाई है दवा**

**28 फरवरी तक चले अभियान में 19.87 लाख का था लक्ष्य**

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूल कार्यक्रम के तहत फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराने के लिए जनपद के 10 ब्लॉक में 10 से 28 फरवरी तक सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) अभियान चल रहा था। इस अभियान को अब 5 मार्च तक बढ़ा दिया गया है। जिला मलेरिया अधिकारी रमेश यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि शासन से निर्देश मिलने के बाद अभियान की तारीख 28 फरवरी से बढ़ाकर 5 मार्च कर दी गई है। जनपद में अभी तक लक्षित 19.87 लाख जनसंख्या के सापेक्ष लगभग 16.35 लाख लोगों ने फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन किया है। हमारा प्रयास रहेगा कि अभियान के अंत तक शत प्रतिशत लक्ष्य को पूरा कर लिया जाए। जिला मलेरिया अधिकारी ने समुदाय से अपील की है कि जिन लोगों ने फाइलेरियारोधी दवा का सेवन नहीं किया है वो दवा का सेवन अवश्य करें। फाइलेरिया एक ऐसी बीमारी है जिसका कोई इलाज नहीं है। इस बीमारी से बचने के लिए फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन करना और मच्छरों से बचाव के सभी साधन अपनाया जाना। फाइलेरिया बीमारी के लक्षण, संक्रमण के पांच से 15 साल बाद दिखाई देते हैं। ऐसे में संक्रमित व्यक्ति जाने अनजाने स्वस्थ व्यक्तियो को संक्रमित करता रहता है। इसलिए सभी लोग फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन करें। उन्होंने बताया कि दवा सेवन के बाद जी मितलाना, उल्टी, सिर दर्द, शरीर पर चकत्ते की समस्या हो तो घबराएं नही। शरीर में इन प्रतिक्रियाओं का मतलब है कि व्यक्ति के शरीर में फाइलेरिया के परजीवियों के खत्म होने के परिणामस्वरूप इस प्रकार की प्रतिक्रिया शरीर में हुई।इस प्रकार की प्रतिक्रिया व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए सकारात्मक होती है। फिर भी यदि कोई समस्या होती तो आशा या अन्य स्वास्थ्यकर्मी या रैपिड रिस्पॉन्स टीम से तत्काल संपर्क करना चाहिए।





# परीक्षा देने जा रहे छात्रों को डंपर ने रौंदा, एक की मौत-दो घायल

**पुरवा कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार सुबह हुआ हादसा**

**तीनों ही साथी थे हाईस्कूल के छात्र**

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

पुरवा कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार सुबह हाईस्कूल की परीक्षा देने जा रहे बाइक सवार तीन छात्रों को डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में एक की पहिए तले आने से दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दो छात्र गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की जानकारी से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस और प्रशासनिक अफसरों ने मौके पर पहुंच घर वालों को ढांढस बंधाते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के मंगतखेड़ा निवासी आदर्श (16) पुत्र बब्बन हाईस्कूल का छात्र था। गुरुवार सुबह पड़ोसी गांव रामदासपुर निवासी साथी अरुण कुमार पुत्र राजेंद्र और अमरपाल पुत्र इंद्रपाल के साथ विज्ञान का पेपर देने पुरवा के कालेज जा रहे थें। तीनों एक ही बाइक पर सवार थे। मंगतखेडा स्थित पेट्रोल पंप के पास पीछे से आ रहे डंपर ने ओवर टेक करते हुए बाइक में टक्कर मार दी। आदर्श की डंपर के पहिए के नीचे आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि अरुण और अमरपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा देख ग्रामीणों ने डंपर को रोक लिया। सूचना मिलते ही एसडीएम पुरवा रणवीर सिंह, सीओ सोनम सिंह, कोतवाल भवन सिंह मौर्य फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। घायल छात्रों को पुरवा सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। सीओ सोनम सिंह ने बताया कि डंपर को कब्जे में ले लिया गया है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

**हादसे के लगा पांच किलोमीटर लंबा जाम**

हादसे के बाद दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के सड़क पर खड़े होने और ग्रामीणों की भीड़ जमा होने से पुरवा-दही मार्ग पर भीषण जाम लग गया। दोनों लेनों पर लगभग पांच किलोमीटर तक वाहनों की कतारें लग गई। जाम की सूचना पर पुरवा, दही, असोहा थानों की पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद वाहनों को व्यवस्थित करा कर जाम खुलवाया। इस दौरान जाम में फंसे वाहन सवार घंटों परेशान रहे।

**तीन भाइयों में सबसे छोटा था आदर्श**

मृतक आदर्श तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी मौत पर बड़े भाई निशांत व विशाल और मां जमुना देई का रो रोकर बुरा हाल है। उसकी तीन बहने भी है जो कि शादीशुदा हैं। पिता बब्बन की दो वर्ष पहले ही मौत हो चुकी थी।



# नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंप मांगा समाधान

**नगर आयुक्त ने तत्काल आदेश करने के लिए लेखा अधिकारी को आदेश दिया**

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

उ. प्र. स्वच्छकार महासमिति के पदाधिकारियों द्वारा नगर आयुक्त को निवास कर रहे नगर निगम कालोनियों के स्वामित्व प्रदान करने व शासनादेश की अवेहलना करते हुए आज भी कर्मचारियों के वेतन से किराया भत्ता काटे जाने हेतु पुनः ज्ञापन दिया गया तथा 11 जनवरी 2024 के धरने में दिये गये ज्ञापन के विषय पर चर्चा की गई। नगर आयुक्त ने तत्काल आदेश करने के लिए लेखा अधिकारी को आदेश दिया तथा लेखा अधिकारी ने एक सप्ताह के अन्दर पुनः वार्ता के लिए कहा है। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से गोकुल प्रसाद आनन्द प्रदेश अध्यक्ष उ.प्र. स्वच्छकार महा समिति महामंत्री कमल बाल्मिकी रमेश चंद्र वर्मा सरपंच कानपुर नगर संरक्षक हरभजन ननेहट, इतवारी लाल सेठ, सुरेश राका, विरेन्द्र खरे, महामंत्री सुदर्शन बाल्मिकी विकास पंचायत समिति बृजेश सुवाडोर आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# अखिलेश यादव का जनता में बढ़ता हुआ प्रभाव देखकर बीजेपी क्यों परेशान : फजल

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को सीबीआई द्वारा नोटिस भेजने की खबर सुनकर समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के कार्यकर्ताओं सहित युवा टीम सपा कार्यालय साथ नवीन मार्केट अपराह्न 3ः00 बजे पहुंची जहां सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने संबोधित करते हुए कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जनता में बढ़ता हुआ प्रभाव देखकर बीजेपी क्यों परेशान है नोटिस भिजवाकर दहशत का माहौल भाजपा बना रही है लेकिन सपा का पीडीए एकजुट होकर लोकसभा चुनाव में भाजपा के इरादों पर पानी फेर देगी और पीडीए का विजय रथ बहुमत की ओर बढ़कर परिवर्तन का संदेश देगी। फजल महमूद ने आगे कहा कि सभी कार्यकर्तागण बूथ स्तर पर संपर्क तेज रखें चुनाव मे नाश्ता बाद में पहले वोट डालकर लोकतंत्र तथा संविधान की मजबूती को मजबूत करें बैठक में महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश सचिव के के शुक्ला जी महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू महानगर महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर अनवर अली पप्पू मिर्जा नंदलाल जायसवाल परमवीर सिंह गंभीर आनंद शुक्ला महेंद्र सिंह बड़े ठाकुर अर्पित त्रिवेदी अरमान खान दीपक खोटे राहुल वर्मा सुलेखा यादव दीप्ति सिंह अनीता वर्मा पूजा यादव हेमंत गुप्ता तौसीफ सिद्दीकी काले खान शहजादे जसवेंद्र प्रताप निषाद अनिल चौबे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## नोटिस के विरोध में महापौर से मिली गोविंद नगर बस्ती की महिलाएं

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। 9 ब्लाक गोविन्द नगर की 35 से अधिक महिलाओं ने नगर निगम मुख्यालय, मोतीझील में महापौर को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि सभी लोग 9 ब्लाक गोविन्द नगर में कई सालों से झुग्गी झोपड़ी बनाकर रहते आ रहे है, किन्तु कुछ दिन पहले नगर निगम की तरफ से नोटिस देकर जल्द से जल्द जगह खाली करने का आदेश दिया जा रहा है,गरीब परिवारों ने छोटे-छोटे बच्चों का हवाला देते हुए महापौर से अनुरोध किया कि उन्हें फिलहाल कुछ दिनों का वक्त दे दिया जाए जिससे वह अपने रहने की व्यवस्था पूरी कर सकें। सभी महिलाओं ने महापौर से अतिक्रमण अभियान रूकवाये जाने की अपील की, जिस पर महापौर ने तत्काल दूरभाष पर मनीष अवस्थी, मुख्य अभियन्ता सिविल एवं विनय प्रताप सिंह, जोनल अधिकारी, जोन-5 से वार्ता कर अतिक्रमण अभियान एक माह तक रोकने का निर्देश दिया। महापौर ने बताया कि उनसे मिलने आईं सभी महिलाएं बेहद गरीब परिवार से ताल्लुक रखती हैं, ऐसे में मानवीय आधार पर उन्होंने अधिकारियों को एक महीने तक उनके घर ना उजाड़ने का निर्देश दिया है। महापौर की तरफ से मिली मोहलत के बाद सभी महिलाओं ने धन्यवाद देते हुए महापौर का आभार व्यक्त किया।

# शेख शाहजहां 10 दिन की पुलिस रिमांड पर

## बेल के लिए पहुंचा वकील तो हाईकोर्ट बोला, उसे कस्टडी में ही रहने दो, हमें हमदर्दी नहीं

**✻ संदेशखाली हिंसा के मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया**



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। संदेशखाली

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली हिंसा के मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शेख प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों की टीम पर हमले के बाद से फरार था। पुलिस ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर उसे गिरफ्तार किया। आरोपी को बशीरहाट की अदालत में पेश किया गया, जिसने उसे दस दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने बताया कि शाहजहां शेख उत्तर 24 परगना जिले के मिनाखा में एक घर में छिपा हुआ था, जहां से उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया और 14 दिन की हिरासत की मांग की। लेकिन अदालत ने दस दिन की पुलिस हिरासत की अनुमति दी। जिले के संदेशखाली की महिलाओं ने शाहजहां शेख और उनके समर्थकों पर यौन शोषण व जमीन के पट्टों को कब्जाने का आरोप लगाया है। राज्य महाधिवक्ता की अर्जी पर उच्च न्यायालय ने बीते सोमवार को शाहजहां शेख की गिरफ्तारी का आदेश दिया था। न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की एकल पीठ ने सात फरवरी के आदेश में ईडी के अधिकारियों पर हमले की जांच के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और पश्चिम बंगाल पुलिस के संयुक्त विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन पर रोक लगाई थी। बाद में अदालत ने पाया कि शेख काफी समय से फरार है। जिसके बाद अदालत ने निर्देश दिया था कि सीबीआई और ईडी शेख को गिरफ्तार करने के लिए स्वतंत्र हैं।

### शेख शाहजहां के खिलाफ 42 केस दर्ज

गिरफ्तारी के तुरंत बाद शेख शाहजहां के वकील जमानत के लिए हाईकोर्ट पहुंचे। कोर्ट ने कहा, उसे गिरफ्तार ही रहने दो। अगले 10 साल तक ये आदमी आपको बहुत व्यस्त रखेगा। आपको इस केस के अलावा कोई और चीज देखने का मौका नहीं मिलेगा। उसके खिलाफ 42 केस दर्ज हैं। वो फरार भी था। जो कुछ भी आपको चाहिए, आप सोमवार को आइए। हमारे पास उसके लिए कोई सहानुभूति नहीं है।

### संदेशखाली के मामलों की जांच में वक्त लगेगा: पुलिस

जब सुप्रतिम सरकार से पूछा गया कि क्या शेख शाहजहां पर सेक्शुअल असॉल्ट का कोई मामला है, तो उन्हें बताया कि इस गिरफ्तारी में सेक्शुअल असॉल्ट का कोई मामला नहीं है। शाहजहां के खिलाफ कई मामले दर्ज किए गए हैं। 7, 8 और 9 फरवरी को जो मामले दर्ज हुए हैं, वे सभी 2-3 साल पहले की घटनाओं के हैं, पर जांच-पड़ताल में समय लगेगा।

### शुभेंदु अधिकारी बोले, शाहजहां ने पुलिस से डील कर ली है, फाइव स्टार सुविधाएं मिलेंगीं

पश्चिम बंगाल में भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि शेख शाहजहां को गिरफ्तार तो कर लिया गया है, लेकिन वह एक डील के तहत कल रात 12 बजे से ममता पुलिस की सुरक्षित कस्टडी में है। कल रात पुलिस उसे बेरमजूर-।। में ग्राम पंचायत इलाके में ले गई थी, जहां उसने प्रभावशाली मध्यस्थों की मदद से ममता की पुलिस से डील की कि पुलिस कस्टडी और ज्यूडिशियल कस्टडी में उसकी अच्छे से देखभाल की जाएगी। जेल में उसे फाइव स्टार होटल जैसी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगीं। यहां तक कि उसे फोन भी दिया जाएगा जिसकी मदद से वह तोलामूल पार्टी को वर्चुअली चला सकेगा।

### भाजपा नेता सुकांत मजूमदार बोले, भाजपा ने दबाव डाला, तब सरकार ने गिरफ्तारी की

शेख शाहजहां की गिरफ्तारी को लेकर बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि भाजपा की तरफ से लगातार इस मुद्दे पर प्रदर्शन किए गए, जिसकी वजह से बंगाल सरकार उसे गिरफ्तार करने को मजबूर हुई। सरकार तो अब तक शेख शाहजहां को आरोपी मानने से ही इनकार कर रही थी।

### शाहजहां की गिरफ्तारी के बाद स्थानीय लोगों ने मनाया जश्न, बांटी मिठाई

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संकटग्रस्त संदेशखाली में स्थानीय लोगों ने गुरुवार को आरोपी टीएमसी नेता शाहजहां शेख की गिरफ्तारी का जश्न मनाया। शाहजहां पर महिलाओं के साथ यौन शोषण और जमीन पर कब्जा करने का आरोप था। सभी ने इलाके में खूब मिठाइयां बांटीं। बता दें कि टीएमसी नेता शेख शाहजहां को 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज गया है। आरोपी को पश्चिम बंगाल पुलिस निदेशालय, कोलकाता में भवानी भवन लाया गया है। पिछले कुछ दिनों से संदेशखाली इलाके में विरोध प्रदर्शन कर रहे स्थानीय लोग सड़कों पर आ गए और खूब मिठाइयां बांटी और खुशी में झूमने लगे। सभी ने पिछले 55 दिनों से फरार चल रहे शाजहान की गिरफ्तारी का जश्न मनाया।

### शाहजहां और उसके दो साथियों पर महिलाओं से गैंगरेप का आरोप

संदेशखाली में शेख शाहजहां और उसके दो साथियों शिबू हाजरा और उत्तम सरदार पर आरोप है कि वे महिलाओं का लंबे समय से गैंगरेप कर रहे थे। इस केस में शिबू हाजरा और उत्तम सरदार समेत 18 लोगों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। शाहजहां शेख टीएमसी का डिस्ट्रिक्ट लेवल का नेता है। राशन घोटाले में ईडी ने 5 जनवरी को उसके घर पर रेड की थी। तब उसके 200 से ज्यादा सपोर्टर्स ने टीम पर अटैक कर दिया था। अफसरों को जान बचाकर भागना पड़ा। तभी से शाहजहां फरार था।

## 'दो से अधिक संतान तो सरकारी नौकरी नहीं'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार के उस नियम के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी, जिसमें दो से अधिक बच्चे होने पर उम्मीदवार को सार्वजनिक नौकरी से वंचित कर दिया गया था। जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि कुछ इसी तरह का प्रावधान (जिसे पंचायत चुनाव लड़ने के लिए पात्रता शर्त के रूप में पेश किया गया था) को इस अदालत ने 2003 में एक मामले में बरकरार रखा था। पीठ ने बताया कि इस अदालत ने तब माना था कि वर्गीकरण, जो दो से अधिक जीवित बच्चे होने पर उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित करता है, गैर-भेदभावपूर्ण और संविधान के दायरे में है, क्योंकि प्रावधान के पीछे का उद्देश्य परिवार नियोजन को बढ़ावा देना है। शीर्ष अदालत ने 12 अक्तूबर 2022 के राजस्थान हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ पूर्व सैनिक रामजी लाल जाट की याचिका पर विचार करने से मना कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा था कि नियम नीति के दायरे में आता है और इसमें किसी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। अपीलकर्ता ने पूर्व सैनिकों के समायोजन के संबंध में नियमों का हवाला दिया जहां दो से अधिक बच्चे न होने की शर्त निर्दिष्ट नहीं की गई है।





## छह महीने में खुद रद्द नहीं हो जाता किसी आपराधिक मामले में दिया स्टे ऑर्डर: सुप्रीम कोर्ट

**✻ अंतरिम स्टे ऑर्डर को बढ़ाने के लिए अदालतों को स्पष्ट आदेश जारी करने होंगे: सुप्रीम कोर्ट**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने स्टे ऑर्डर को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है। इसी के साथ सर्वोच्च न्यायालय ने 2018 के अपने ही उस आदेश को पलट दिया है, जिसके तहत पहले किसी अदालत की तरफ से स्टे के अंतरिम आदेशों को, जब तक कि विशेष रूप से उन्हें बढ़ाने का आदेश न स्पष्ट हो, छह महीने बाद अपने आप रद्द मान लिया जाता था। तब सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा था कि



किसी अंतरिम स्टे ऑर्डर को बढ़ाने के लिए अदालतों (हाईकोर्ट या निचली अदालतों) को स्पष्ट आदेश जारी करने होंगे। सुप्रीम कोर्ट की संविधान बेंच के फैसले के मुताबिक, अब किसी कोर्ट की तरफ से आपराधिक और दीवानी मामलों में दिए गए स्टे ऑर्डर अपने आप छह महीने में खत्म नहीं होंगे।

### स्टे ऑर्डर के खुद-ब-खुद रद्द होने का था फैसला

'एशियन रिसर्फेसिंग ऑफ रोड एजेंसी प्राइवेट लिमिटेड' के निदेशक बनाम सीबीआई के मामले में अपने फैसले में तीन न्यायाधीशों की पीठ ने कहा था कि उच्च न्यायालयों सहित अदालतों द्वारा दिए गए स्थगन के अंतरिम आदेश, जब तक कि उन्हें विशेष रूप से बढ़ाया नहीं जाता, खुद ब खुद रद्द हो जाएगा। इसका मतलब कोई भी मुकदमा या कार्यवाही छह महीने के बाद स्थगित नहीं रह सकती। बाद में शीर्ष अदालत ने हालांकि स्पष्ट किया था कि यदि स्थगन आदेश उसके द्वारा पारित किया गया है तो यह निर्णय लागू नहीं होगा।

### राज्यसभा चुनाव के बाद पाक समर्थन में नारा लगाने के मामले में एक हिरासत में

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बेंगलुरु

कर्नाटक में राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी सैयद नसीर हुसैन की जीत के बाद पाकिस्तान के समर्थन में नारा लगाने का मामला गरमाता जा रहा है। इसे लेकर जहां भाजपा ने विधानसौधा के अंदर जमकर हंगामा काटा है, वहीं सत्तासीन कांग्रेस बचाव की मुद्रा में है। पार्टी के नेताओं ने साफ किया है कि अगर विधानसौधा के बाहर ऐसा कुछ हुआ है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस बीच पुलिस ने ब्यादगी से सैयद नसीर हुसैन के एक करीबी को हिरासत में लिया है। पुलिस ने इस शख्स की आवाज के सैंपल भी इकट्ठा किए हैं। हिरासत में लिए गए शख्स का नाम मोहम्मद शफी नशीपुडी बताया गया है। वह एक कारोबारी है। पुलिस ने पाकिस्तान समर्थक नारेबाजी के मामले की जांच के तहत उसकी आवाज के सैंपल इकट्ठा किया है। पुलिस ने बताया है कि नशीपुडी राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के वक्त विधानसौधा में ही मौजूद था।

## 98 कलाकारों को संगीत नाटक अकादमी सम्मान

**राष्ट्रपति देंगी अवॉर्ड, 80 युवाओं को बिस्मिल्लाह खान पुरस्कार**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कला जगत के शीर्ष राष्ट्रीय सम्मान की घोषणा हो चुकी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कला जगत की मूर्धन्य हस्तियों को सम्मानित करेंगी। इस साल अभिनेता अशोक सराफ, राजीव वर्मा, गायिका बॉम्बे जयश्री, ख्यात संगीत मनीषी पं. कुमार गंधर्व की बेटी गायिका कलापिनी कोमकली समेत 98 कलाकारों को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। अकादमी ने वर्ष 2022-2023 के लिए पुरस्कारों का एलान किया। राष्ट्रीय संगीत, नृत्य और नाटक अकादमी कला के क्षेत्र की प्रतिष्ठित हस्तियों को अकादमी फेलो के रूप में चुनती है। लोक गीतकार व लेखक विनायक खेडेकर, वीणा वादक आर विश्वेश्वरन, कथक नर्तक सुनयना हजारीलाल, कुचिपुड़ी नृत्य युगल राजा एवं राधा रेड्डी, थिएटर निर्देशक दुलाल रॉय और नाटककार डीपी सिन्हा फेलो हैं। एक बयान में कहा गया कि संगीत नाटक अकादमी, संगीत, नृत्य एवं नाटक अकादमी की सामान्य परिषद ने 21 और 22 फरवरी को अपनी बैठक में सर्वसम्मति से कला के क्षेत्र में छह प्रतिष्ठित हस्तियों को अकादमी फेलो (अकादमी रत्न) के रूप में चुना।

### फेलो पुरस्कार में 3 लाख की पुरस्कार राशि

अकादमी की फेलोशिप सबसे प्रतिष्ठित और दुर्लभ सम्मान है। अकादमी फेलो पुरस्कार में 3 लाख की पुरस्कार राशि होती है, जबकि अकादमी पुरस्कार में ताम्रपत्र और अंगवस्त्रम के अलावा 1 लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाती है। फेलोशिप और पुरस्कार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक विशेष अलंकरण समारोह में प्रदान करेंगी।

## भाजपा को केरल में 2 जीरो मिलेंगे: थरूर

**बोले, पार्टी यहां की संस्कृति-इतिहास नहीं समझती, पीएम ने डबल डिजिट सीट जीतने की उम्मीद जताई थी**



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा है कि भाजपा को केरल में डबल डिजिट में सीट तभी मिलेंगीं, जब ये दो जीरो होंगे। भाजपा केरल का इतिहास और संस्कृति नहीं समझती है। यहां सांप्रदायिकता ज्यादा दूर नहीं चल सकती है। थरूर ने ये बयान पीएम मोदी के डबल डिजिट में सीट जीतने के बयान के बाद दिया है। दरअसल, 28 फरवरी को पीएम मोदी केरल के तिरुवनंतपुरम के दौरे पर थे। यहां उन्होंने कहा कि 2019 में केरल के लोगों के दिलों में उभरी उम्मीद अब 2024 में उनका विश्वास बन गई है। 2019 में केरल में एनडीए को दोहरे अंकों में वोट मिले। ऐसा लग रहा है कि 2024 में केरल ने दोहरे अंक में सीटें देने का फैसला कर लिया है।

### पार्टी ने अभी किसी नाम की घोषणा नहीं की है

तिरुवनंतपुरम संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवारी के बारे में थरूर ने कहा कि कांग्रेस ने अभी तक उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है और उन्होंने हम में से किसी से यह भी नहीं कहा कि हम चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। मैं बतौर सांसद अपने कर्तव्य का पालन कर रहा हूं।

### भाजपा ईसाई समुदाय को लुभाने में लगी है

थरूर ने कहा- मैं नरेंद्र मोदी को इतना क्रेडिट दूंगा कि वे 6 पर्सेंट पार्टी को 12-13 पर्सेंट तक ले आए हैं। इससे ज्यादा कुछ नहीं। हमें ये भी पता है कि भाजपा ईसाई समुदाय को लुभाने में लगी हुई है। प्रधानमंत्री खुद दिल्ली और केरल में राज्य के कई ईसाई धार्मिक नेताओं से मिल चुके हैं। केरल के सेंट्रल त्रावणकोर एरिया में ईसाई समुदाय की महत्वपूर्ण उपस्थिति है और कहते हैं कि उनका वोट वहां के किसी भी निर्वाचन क्षेत्र में जीत-हार तय करता है। लेकिन मणिपुर हिंसा के बाद भाजपा की रणनीति विफल हो गई है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)